* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

22 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 123

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

सीएम चंपाई ने छात्रों, दिव्यांगों, वृद्धों और विधवा माताओं बहनों को दी सौगात



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,400 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 22 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in

दलों-प्रत्याशियों का पसीना छूटेगा राजमहल को साधने में

■ शिक्षा, रोजगार और पलायन से मुक्ति जैसे मुद्दों से करना पड़ेगा सामना

■ इलाके की पहाड़ियों से उठनेवाली आवाजों में छिपी है लोगों की पीड़ा

आजाद सिपाही विशेष

संथाल परगना की राजमहल लोकसभा सीट झारखंड की 14 लोकसभा सीटों में से एक है। यह झारखंड के पाकुड़ और साहिबगंज जिलों के विधानसभा क्षेत्रों को मिला कर बनाया गया है। इसे अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किया गया है। राजमहल संसदीय क्षेत्र के मतदाता चुनाव को लेकर जितने उत्साहित हैं, उतने ही गंभीर भी। राजमहल लोकसभा क्षेत्र आदिवासी बहुल है और यहां के अधिकांश लोग गरीब तबके के हैं और वनोत्पाद के अलावा खेती कार्य और मजदूरी करते हैं। ऐसे में अपने बच्चों को उच्च शिक्षा नहीं दिला पाते और यदि किसी तरह उच्च शिक्षा प्राप्त कर भी ली, तो उन्हें रोजगार के लिए अन्य राज्यों में पलायन करना पड़ता है। यही इस क्षेत्र का सबसे बड़ा मुद्दा बना हुआ है। यहां के युवाओं का कहना है कि 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव में वैसे जनप्रतिनिधि को चुनेंगे, जो इस संसदीय क्षेत्र में युवाओं के लिए कार्य करे, रोजगार मिले और उच्च शिक्षा के लिए संस्थान की व्यवस्था कराये। इस क्षेत्र में इसाई मिशनरियों का अच्छा-खासा प्रभाव है और सुदूर गांवों तक उनकी पहुंच साबित करती है कि उन्होंने इलाके में खूब काम किया है। ग्रामीण इलाकों में इसाई मिशनरियों का प्रभाव कुछ अधिक ही है। इसलिए यहां के प्रत्याशियों की रणनीति भी थोड़ी अलग होती है। राजमहल की पहाड़ियों से उठने वाली हर आवाज यही कहती है कि इसके दर्द की दवा अब तक नहीं बनी है। इसलिए आनेवाले चुनाव में इसका असर भी खूब देखने को मिलेगा। कैसा है राजमहल संसदीय सीट का समीकरण और क्या हैं यहां के मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

राजमहल झारखंड का महत्वपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र है। इस संसदीय क्षेत्र को साहिबगंज और पाकुड़ जिले के कुछ इलाकों को मिला कर गठित किया गया है। यह क्षेत्र राजमहल की पहाड़ियों और गंगा नदी से घिरा हुआ है। मध्य काल में इस क्षेत्र को उगमहल के नाम से जाना जाता था। राजमहल की पहाड़ियां लगभग 567 मीटर की ऊंचाई तक उठती हैं। इस क्षेत्र में अकबर मस्जिद और बंगाल के नवाब मीर कासिम का महल है। राजमहल लोकसभा सीट साहिबगंज और पाकुड़ जिले में फैली हुई है। यह सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है। यह आदिवासी बाहुल्य इलाका है।

राजमहल का भौगोलिक परिदृश्य

राजमहल का भूगोल बताता है कि यहां की सबसे बड़ी जनसंख्या गांवों में निवास करती है और इस सीट पर जनजीवन बेहद ही सामान्य है। यहां राजमहलो प्रोजेक्ट के नाम से एक कोल परियोजना है, जो गोड्डा जिले में पड़ती है। पहाड़ों से अटी-पड़ी प्राकृतिक सुंदरता और जंगलों से आच्छादित इस लोकसभा क्षेत्र में पत्थर के काम यानी क्रेशर बहुतायत में चलते हैं। यहां एक तरफ गंगा नदी बहती है और यह क्षेत्र पश्चिम बंगाल की सीमा से सटा होने के कारण यहां बांग्ला भाषी लोगों का भी बड़ा प्रभाव रहा है।

राजमहल का सामाजिक समीकरण

इस लोकसभा सीट में छह विधानसभा सीटें- राजमहल, बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा, पाकुड़ और महेशपुर हैं। छह में दो सीटें भाजपा, एक निर्दलीय और तीन झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास हैं। इसमें बोरियो, बरहेट, लिट्टीपाड़ा और महेशपुर अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। 2019 के आम चुनाव के दौरान इस सीट पर मतदाताओं की संख्या करीब 13.53 लाख थी। इसमें 6.91 लाख पुरुष और 6.61 लाख महिला मतदाता शामिल हैं। माना जाता है कि इसाई मिशनरी और अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े वोटर यहां जीत और हार में बड़ा फर्क करते हैं।

राजमहल का सियासी परिदृश्य

राजमहल लोकसभा सीट के अंतर्गत साहिबगंज की तीन विधानसभा सीटें, राजमहल, बोरियो और बरहेट आती हैं, तो वहीं तीन विधानसभा क्षेत्र पाकुड़ के लिट्टीपाड़ा, पाकुड़, महेशपुर आते हैं। इन्हीं छह विधानसभा सीटों को मिलाकर राजमहल लोकसभा सीट बनायी गयी है। इन छह में से चार विधानसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं और दो सामान्य विधानसभा सीट है। इस सीट का गठन 1957 में ही हो गया था। बता दें कि इस अनुसूचित जनजाति आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र में लगभग चुनावी मुकाबला त्रिकोणीय ही रहा है। यहां भाजपा और कांग्रेस का जितना दबदबा रहा है, झामुमो का भी यहां वैसा ही वर्चस्व रहा है। राजमहल लोकसभा सीट को कांग्रेस ने आठ बार, झामुमो ने पांच बार, भाजपा ने दो बार और बीएलडी और जनता पार्टी ने एक-एक बार जीता है। बिहार से अलग होकर झारखंड के गठन के बाद यह सीट भाजपा और झामुमो ही टक्कर में रही है। 2014 और 2019 में मोदी लहर के दौरान भी यह सीट भाजपा अपने हिस्से में नहीं कर सकी। यहां झामुमो ने अपना परचम लहराया था। दोनों ही चुनावों में झामुमो के विजय हांसदा ने भाजपा के हेमलाल मुर्मू को हराया था।

इस क्षेत्र में अल्पसंख्यक वर्ग और इसाई मिशनरी का प्रभाव है। माना जाता है कि वे कांग्रेस-झामुमो के समर्थक हैं। वर्तमान सांसद विजय हांसदा के पिता थॉमस हांसदा भी कांग्रेस के सांसद थे। इसलिए इस परिवार का क्षेत्र में खासा प्रभाव है।

भाजपा ने हेमलाल मुर्मू के जरिये इलाके में अपनी पैठ बनाने की कोशिश की थी। मुर्मू कद्दावर आदिवासी नेता के रूप में जाने जाते हैं। वह झामुमो के टिकट पर तीन बार विधायक और एक बार सांसद रह चुके हैं। हेमंत सोरेन से मतभेद के बाद उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। तब भाजपा ने उन्हें अपने पाले में कर लिया और पहले लोकसभा का और फिर विधानसभा का टिकट दिया, लेकिन वह जीत हासिल नहीं कर सके। अब वह फिर से झामुमो में शामिल हो गये हैं।

2019 का चुनाव परिणाम

नाम	पार्टी	कितने वोट मिले
विजय हांसदा	झामुमो	507830
हेमलाल मुर्मू	भाजपा	408635
गोपिन सोरेन	माकपा	35586
मोनिका किस्कू	टीएमसी	17427
नोटा		12919
मंडल हांसदा	निर्दलीय	12130
बैद्यनाथ पहाड़िया	बसपा	10374
महेंद्र हांसदा	निर्दलीय	9077
मंगल मरांडी	निर्दलीय	8234

राजमहल का चुनावी इतिहास

राजमहल सीट के चुनावी इतिहास की 1980 से शुरुआत की जाये, तो बात कांग्रेस की आती है, जिसने तब यह सीट जीती थी। 1984 में भी कांग्रेस के हिस्से ही कामयाबी आयी। 1989 में पहली बार इस सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का खाता खुला। 1989 और 1991 में साइमन मरांडी जीते। 1996 में कांग्रेस के थॉमस हांसदा जीते। 1998 में पहली बार इस सीट पर भाजपा जीती। 1999 में कांग्रेस के थॉमस हांसदा और 2004 में झामुमो के हेमलाल मुर्मू जीते। 2009 का चुनाव भाजपा के देवीधन बेसरा जीतने में कामयाब हुए। 2014 का चुनाव झामुमो के विजय कुमार हांसदा ने जीता। 2019 में भी उन्होंने फिर से जीत हासिल की।

राजमहल के चुनावी मुद्दे

राजमहल संसदीय क्षेत्र में इस बार उच्च शिक्षा से लेकर पलायन और गरीबी से लेकर भ्रष्टाचार तक पर बात हो रही है। झारखंड का सबसे गरीब और पिछड़ा इलाका होने के कारण यहां के लोग हमेशा समस्याओं में ही जीते हैं। झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से यहां के दो दर्जन से अधिक पहाड़ पत्थर माफियाओं के कारण गायब हो गये हैं। यह इलाका हाल के दिनों में खनन घोटाले के खिलाफ इडी की कार्रवाई के कारण चर्चा में आया। इस बार के चुनाव में यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठेगा। इसके अलावा बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा भी अहम है, जिसे लेकर लोग बेहद चिंतित हैं। कुल मिला कर राजमहल के प्रत्याशियों को यहां का समीकरण साधने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

इंग्लैंड के खिलाड़ियों को रास नहीं आ रही भारतीय पिच

ओली पोप ने जडेजा और अश्विन को बताया खतरनाक खिलाड़ी

टूर्नामेंट में वापसी की जतायी आस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के तहत चौथा टेस्ट मैच 23 फरवरी से जेएससीए स्टेडियम रांची में होना है। बुधवार को स्टेडियम के प्रेस कांफ्रेंस रुम में इंग्लैंड के प्लेयर ओली पोप ने उम्मीद जताते कहा कि उनकी टीम यहां सीरीज में वापसी करेगी। टीम की तैयारियों के साथ-साथ जडेजा और आर अश्विन को बढ़िया प्लेयर बताया। कहा कि उनकी टीम भले इस सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद बाकी दो मैच लगातार हार चुकी है, पर उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम वापसी करेगी। टीम एकजुट है। इंग्लिश टीम पूरी तरह से तैयार है। उनके सभी खिलाड़ी सकारात्मक मानसिकता के साथ खेलेंगे।

स्पिनर को मिलेगी मदद : ओली पोप के मुताबिक रांची की पिच को देखते हुए लगता है कि यहां स्पिनर को मदद मिलेगी। पिच में काफी दरार है। ओली ने ऐसी पिच पर जडेजा और अश्विन को घातक खिलाड़ी बताया। साथ ही कहा कि वे खुद भी बायें हाथ के बॉलरों के खिलाफ खेलने को अपनी तैयारियों को और बेहतर कर रहे हैं। जडेजा जैसे बायें हाथ के प्लेयर ऐसी पिचों पर अपनी काबिलियत और बेहतर तरीके से दिखायेंगे। ऐसे में उनके सामने खेलना और भी कठिन होगा। बुधवार को टीम के प्रैक्टिस सेशन को उन्होंने बेहतर बताते हुए कहा कि उनकी टीम रांची की आबोहवा के साथ घुल मिल रही है। ओली ने भारत में पांच टेस्ट मैच खेलने को कठिन चुनौती बताया। कहा कि उनकी टीम राजकोट में पिछली हार को भूल कर अब आगे की चुनौती के लिए तैयार है।

पिच का लिया जायजा

इससे पहले निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक सुबह में इंग्लिश टीम ने जेएससीए स्टेडियम में नेट प्रैक्टिस की। स्पिनरों के खिलाफ खेलने के लिए विशेष अभ्यास किया। साथ ही पिच का जायजा भी टीम के कैप्टन और कोच ने लिया। भारतीय टीम भी इसके बाद अभ्यास करेगी। 22 फरवरी को भी दोनों टीमों के प्रैक्टिस में शामिल होने की उम्मीद है।

बजट सत्र के बाद मंत्री पद की शपथ लेंगे बैद्यनाथ राम!

12वें मंत्री को लेकर सत्ता के गलियारे में हलचल

मुकेश कुमार सिंह

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार में झामुमो नेताओं-कार्यकर्ताओं में इस बात की चर्चा चहुंओर है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 12वें मंत्री पद पर झामुमो के दावे को स्वीकार कर लिया है। जब से राज्य में गठबंधन की सरकार बनी है, तब से 12वें मंत्री का पद खाली है। इधर, चंपाई सोरेन की सरकार में उस पद को लातेहार से विधायक बैद्यनाथ राम को मंत्री बनाने की हलचल सत्ता के गलियारे में एक बार फिर जोर से चल रही है।

स्थानीय झामुमो नेताओं का दावा है कि जो पेंच था, उसे सुलझा लिया गया है। इसलिए चंपाई सोरेन सरकार जल्द ही मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए वैद्यनाथ राम को बजट सत्र के बाद शपथ दिलायेगी।

यह था पेंच, ऐसे सुलझा मसला : दरअसल राज्य में 2019 में गठित हेमंत सोरेन सरकार के समय से ही झामुमो और कांग्रेस के पेंच के कारण 12वां मंत्री पद रिक्त चल रहा था। मगर हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद गठित नयी चंपाई सोरेन सरकार ने 12वें मंत्री के तौर पर राजभवन में बैद्यनाथ राम का नाम भेजा था। एन वक्त पर कांग्रेस पार्टी के दबाव और विवाद उत्पन्न होने के बाद बैद्यनाथ राम को राजभवन से आमंत्रण मिल जाने के बाद भी उन्हें बीच रास्ते से वापस कर दिया गया। इसके बाद विधायक बैद्यनाथ राम के तेवर तल्ख हो गये। उन्होंने अपना अलग रास्ता चुनने की चेतावनी दे डाली थी। मगर चंपाई सोरेन और झामुमो के वरिष्ठ नेताओं ने व्यक्तिगत तौर पर बैद्यनाथ राम से बात की। उन्हें समझाया। सीएम ने बैद्यनाथ राम से दो-तीन दिनों का समय मांगा था। इसके बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन दिल्ली गये। झामुमो नेताओं का दावा है कि उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बात की। इसमें यह पेंच को सुलझा लिया गया। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अपनी सहमति प्रदान कर दी है। इधर लातेहार में भी झामुमो के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच अभी हलचल बढ़ गयी। लोग सीधी जुबां नहीं बोल रहे हैं, पर अंदर ही अंदर हलचल चल रही है।

इधर झामुमो कार्यकर्ताओं ने कहा है कि विधायक अगर मंत्री बन जाते हैं, तो राज्य के विकास में चार चांद लगायेंगे। लातेहार में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को त्वरित कराने का काम करेंगे।

औद्योगिक विकास को नयी दिशा देना प्राथमिकता: भोक्ता

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने संभाला कामकाज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। उद्योग विभाग का मंत्रालय संभालने के बाद बुधवार को पहली बार प्रोजेक्ट भवन स्थित उद्योग विभाग कार्यालय में सत्यानंद भोक्ता ने राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक की। अधिकारियों को औद्योगिक क्षेत्र में और बेहतर कार्य करने को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा कि राज्य सरकार राज्य में औद्योगिक विकास को लेकर काफी गंभीर है।

विभाग को नयी दिशा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। उद्योग विभाग स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहा है। सरकार अपने सामाजिक ढांचे, कुशल मानव संसाधन और संस्कृति के अनुरूप बेहतर कार्य करेगी।

कहा कि कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दिये जाने का प्रयास हो। उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी कार्य किया जायेगा। बंद पड़े उद्योगों को पुनः चालू करने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा, ताकि बेरोजगारों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार प्रदान किया जा सके। नये उद्योगों के लिए सरकार अनुकूल माहौल तैयार करेगी। इससे राज्य में नये निवेशक भी आयेंगे। उद्योग के लिए मूलभूत ढांचा बेहतर होना जरूरी है। इस पर सरकार तेजी से काम करेगी। झारखंड असीम संभावनाएं वाला प्रदेश है। सरकार औद्योगिक नीति 2021 को बेहतर तरीके से लागू करेगी। इसमें उद्योग विभाग के सचिव जीतेंद्र कुमार सिंह, जुडको निदेशक माधवी मिश्रा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

हेमंत की याचिका पर फैसला सुरक्षित

बजट सत्र में शामिल होने पर फैसला आज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जमीन खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से इडी की विशेष अदालत में 23 फरवरी से शुरू हो रहे विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के मामले में बुधवार को बहस पूरी हो गयी। मामले में इडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत 22 फरवरी को आदेश सुनायेगी। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि बजट सत्र में मनी बिल पास होता है, इसलिए हेमंत सोरेन का रहना जरूरी है।

विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा, जो 2 मार्च तक चलेगा। हेमंत सोरेन अभी न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद है।

इससे पहले हेमंत सोरेन को विश्वास मत के दौरान सदन की कार्यवाही में शामिल होने की एक दिन की अनुमति इडी कोर्ट से मिली थी।

www.epaper.azadsipahi.in

22 फरवरी, 2024
माघ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 123

चंपाई ने छात्रों, दिव्यांग, वृद्ध और विधवा माता-बहनों को दी सौगात

दौड़ायी 83 ग्राम गाड़ी, मुफ्त में यात्रा कर सकेंगे

- कहा- राज्य में बन रही 15 हजार किलोमीटर सड़क
- रांची, लोहरदगा एवं गुमला जिला के 24 हजार परिवारों को अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र भी बांटा



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि वर्ष 2027 तक हमारी सरकार राज्य के 20 लाख आवासविहीन परिवारों को अबुआ आवास योजना के तहत तीन कमरों का पक्का मकान उपलब्ध करायेगी। पात्र लोगों को लाभ देना शुरू हो चुका है। आनेवाले तीन महीने बाद नौ लाख पात्र लाभुकों को आवास का लाभ देंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को अनुमंडल से जिला तक के आवागमन की सुविधा को सुलभ करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ किया गया है। इन गाड़ियों में विद्यार्थी, आंदोलनकारी, दिव्यांग, वृद्धजन एवं विधवा माता-बहनें मुफ्त में सफर कर सकेंगे। मुख्यमंत्री बुधवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत पत्र वितरण समारोह और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने रांची, लोहरदगा और गुमला जिला के 24 हजार से ज्यादा की संख्या में लाभुक परिवारों को अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र देने के साथ-साथ पहली किस्त की राशि भी डीबीटी के माध्यम से भेजी। उधर, ग्राम गाड़ी योजना के तहत 83 गाड़ियों को हरी झंडी दिखायी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही 250 से अधिक गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में अब दौड़ेंगी। चंपाई ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 15 हजार किलोमीटर सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। हमारी सरकार की सोच है कि ग्रामीण क्षेत्रों को प्रखंड मुख्यालय के साथ-साथ जिला मुख्यालय तक जोड़ने के लिए अच्छी सड़कों का जाल बिछा सकें। ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में रोड कनेक्टिविटी बेहतर हो सके, इसके लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

29 लाख में 20 लाख आवेदन स्वीकृत: मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चलायी गयी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगाये गये शिविरों में 29 लाख से अधिक अबुआ आवास योजना के आवेदन प्राप्त हुए थे। सरकार ने 20 लाख अबुआ आवास योजना के आवेदनों पर स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार का जब गठन हुआ, तब झारखंड के आदिवासी मूलवासी सहित सभी वर्ग समुदाय की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति कैसी थी यह किसी से छुपा नहीं है। हमारी सरकार शुरुआती दिनों से ही इन स्थितियों को सुधारने का प्रयास कर रही है।

हर खेत में पानी, हर घर में हो रोजगार: मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के किसान भाइयों के खेतों मेंपानी पहुंचाने को लेकर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। संताल, कोल्हान एवं पलामू प्रमंडल में पाइपलाइन के माध्यम से हर खेत में पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार की सोच है कि राज्य के किसान परिवारों को अधिक से अधिक मदद पहुंचा कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जाये। प्रत्येक परिवार तक रोजगार उपलब्ध कराया जा सके, इस निमित्त मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जरूरतमंदों को ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने फूलो झानो आशीर्वाद योजना, पेंशन योजना आदि का जिक्र किया।

हेमंत की योजनाओं को उतार रहे हैं धरातल पर

चंपाई सोरेन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की योजनाओं को पूर्ण रूप से धरातल पर उतारने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। हेमंत सोरेन ने झारखंड के मूलवासी, आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग-समुदायों के दु:ख, दर्द को महसूस किया है। इन वर्ग-समुदायों की उम्मीद, आकांक्षा और जरूरत के अनुरूप योजनाओं को संचालित किया जा रहा है।

शिक्षा का ऐसा दीपक जलायेंगे जो कभी बुझेगा नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने का भरपूर प्रयास कर रही है। हम चाहते हैं कि यहां के गरीब, मजदूर, किसान के बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त हो। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के सरकारी स्कूलों को उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में परिवर्तित करने का कार्य किया है। पूर्ववर्ती सरकार ने राज्य में संचालित पांच हजार प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का कार्य किया था। हमारी सरकार राज्य में संचालित सरकारी विद्यालयों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं मॉडल स्कूल के रूप में अपग्रेड करने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार की सोच है कि इन वर्ग-समुदाय के बच्चे भी पढ़ लिख कर डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी ऑफिसर बन सके। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में छात्रवृत्ति योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, मरांग गोमके छात्रवृत्ति योजना समेत अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को बताया।

अब 125 यूनिट तक मुफ्त मिलेगी बिजली

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारी सरकार झारखंड वासियों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध करायेगी। झारखंड के सभी वर्ग-समुदाय के लोगों की धार्मिक आस्था को सम्मान दिया जा रहा है। राज्य के सभी धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने का कार्य हमारी सरकार कर रही है। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, मंत्री दीपक बिरुवा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक जिग्गा सुसारन होरो, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

जेएसएससी अध्यक्ष पद से नीरज सिन्हा का इस्तीफा

मुख्य सचिव को भेजा त्याग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अध्यक्ष नीरज सिन्हा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस संबंध में मुख्य सचिव को अवगत भी करा दिया। मुख्य सचिव को लिखे गये पत्र में श्री सिन्हा ने व्यक्तिगत कारणों से स्वतः पद का त्याग करने का जिक्र किया है। नीरज सिन्हा 12 फरवरी 2023 को झारखंड डीजीपी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। इसके बाद उन्हें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था।

गौरतलब है कि 28 जनवरी को राज्यभर में जेएसएससी द्वारा सीजीएल की परीक्षा आयोजित की गयी थी। प्रश्न पत्र लीक होने के कारण छात्रों में नाराजगी देखी गयी। इसे लेकर नामकुम थाने में प्राथमिक भी दर्ज की गयी है। साथ ही इस मामले की एसआइटी जांच कर रही है।

मामले में झारखंड विधानसभा के अवर सचिव मो सज्जाद इमाम उर्फ शमीम समेत कई लोगों की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। इस विवाद के बीच नीरज सिन्हा का इस्तीफा चर्चा का विषय बन गया है।

उत्तरप्रदेश में कांग्रेस और सपा के बीच बन गयी बात

सपा ने 17 सीटें कांग्रेस को दीं, प्रियंका ने की मध्यस्थता, राहुल-अखिलेश की भी बात हुई

आजा सिपाही संवाददाता

लखनऊ। लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में बात बन गयी है। उत्तरप्रदेश में कांग्रेस 17, जबकि अखिलेश और अन्य 63 सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। सीट शेयरिंग का भी एलान हो गया है। कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और राजेंद्र चौधरी ने बुधवार शाम को संयुक्त प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का आभार व्यक्त करता हूं। इस गठबंधन को लेकर देश बहुत समय से उम्मीद लगाये बैठा था। सपा नेता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि लखनऊ में हम आपसे बात कर रहे हैं। लेकिन भारत को बचाने का संदेश पूरे देश में जा रहा है। कांग्रेस के यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि प्रियंका गांधी ने इस गठबंधन को बनाने में अहम भूमिका अदा की है। वहीं, अखिलेश यादव से जब इस बारे में सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि गठबंधन होगा, अंत भला तो सब भला।

सीट शेयरिंग पर चर्चा आखिरी चरण में: केजरीवाल

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव सीट शेयरिंग के लिए कांग्रेस से चर्चा चल रही है। हम चर्चा के अंतिम चरण में पहुंच गये हैं। जल्दी ही सीट शेयरिंग का एलान किया जायेगा। पंजाब में 10 फरवरी को अरविंद केजरीवाल ने एक रैली में कहा था कि राज्य में पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। इस पर उन्होंने कहा कि फैसले पर हम पुनर्विचार नहीं करनेवाले हैं। हमने जीतने के लिए यह फैसला किया है। केजरीवाल ने कहा कि अन्य राज्यों में भी गठबंधन को लेकर कई दौर की चर्चा हो चुकी है। जल्द ही अन्य राज्यों में भी गठबंधन का एलान किया जायेगा।

न्यूज रील्स

ग्रीक पीएम बोले, मोदी दूरदर्शी नेता

नयी दिल्ली। ग्रीक के प्रधानमंत्री किरिकोस मित्सोटाकिस बुधवार सुबह राष्ट्रपति भवन पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका औपचारिक स्वागत किया। इस दौरान ग्रीक के पीएम ने कहा कि मोदी में मुझे एक दूरदर्शी नेता और एक सच्चा मित्र दिखता है। भारत आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मत्सोटाकिस मंगलवार देर रात दो दिन की भारत यात्रा पर नयी दिल्ली पहुंचे हैं।

गीतमाला शो को होस्ट करने वाले अमीन सयानी नहीं रहे



मुंबई। 'नमस्कार भाइयो और बहनो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं।' 42 साल तक अपने इस शानदार अंदाज और आवाज से लोगों को रेडियो का दीवाना बनाने वाले अमीन सयानी नहीं रहे। सयानी का 91 साल की उम्र में मुंबई में हार्ट अटैक से निधन हो गया। अमीन सयानी ने 1952 से 1994 तक रेडियो शो गीतमाला को होस्ट किया। अमीन सयानी की वजह से इस रेडियो शो को देशभर में लोकप्रियता मिली।

इसरो को मानव अंतरिक्ष मिशन में एक और कामयाबी

बेंगलुरु। इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने अपने सीइ20 क्रायोजेनिक इंजन की ह्यूमन रेटिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। ये इंजन गगनयान मिशन का एक अहम कंपोनेंट है। ये इंजन गगनयान के एलवीएम3 लांच व्हीकल के क्रायोजेनिक स्टेज को पावर करेगा।

किसान आंदोलन हुआ हिंसक, एक की मौत, 25 घायल

पुलिस पर भाला, गड़ासा से हमला, एक दर्जन जख्मी

सरकार ने फिर वार्ता के लिए किया आमंत्रित

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। किसानों का आंदोलन धीरे-धीरे हिंसक रूप लेता जा रहा है। पंजाब के किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली जाने की कोशिश में किसान और पुलिस के बीच टकराव चल रहा है। किसान बा्र्डर पर बड़ी संख्या में ट्रैक्टर इकट्ठा कर रहे हैं। हालांकि किसानों ने दिल्ली कूच करने की योजना को दो दिन के लिए टाल दिया है। किसान नेता सरवण पंधेर ने कहा कि किसान की मौत और तनावपूर्ण हालात के बाद ये फैसला लिया है। दो दिन आगे की गणनीति बनायेंगे।

इधर बुधवार को किसानों ने अपना आंदोलन हिंसक कर दिया। बैरिकेडिंग हटाने के लिए जोर-जबरदस्ती करने की कोशिश में उनकी पुलिस से झड़प हो गयी। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े और खदेड़ने के लिए रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। इस घटना में 20 वर्षीय प्रदर्शनकारी की मौत हो गयी और 25 अन्य घायल हो गये, जिसमें दो की हालत गंभीर है। वहीं टोहाना बॉर्डर पर तैनात एसआइ विजय कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।जींद के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि किसान आंदोलन के दौरान कुछ लोगों ने धान की पराली में आग लगा कर और मिर्ची डाल दी। इसके बाद पुलिस पर हमला कर दिया। धुआं ज्यादा होने की वजह से काफी किसानों ने तलवार, भालों और गंड़ासों से पुलिस पर हमला किया। हमले में 12 पुलिस कर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस बीच, केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने फिर से किसानों को बातचीत का न्योता भेजा। इससे पहले चार बार बैठकों का कोई नतीजा नहीं निकला है।

घाटो में डीआइजी टीम पर हमला के बाद चर्चा में आया 'मोहन'

थानेदारों में है मोहन के नाम का भय

कहीं असली नाम प्रभात रंजन तो नहीं!

आजाद सिपाही संवाददाता

कौन है मोहन?

सूत्रों ने बताया कि मोहन एक काल्पनिक नाम है। उसका असली नाम प्रभात रंजन है। वो नाम बदल कर क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। सूत्रों का दावा है कि प्रभात रंजन पुलिस विभाग का ही है। हाल ही में वह सस्पेंड हुआ था और एक जिले के मुख्यालय में योगदान दिया। उसके बाद एक वरीय अधिकारी के करीब पहुंच कर गलत सुझाव देकर क्षेत्र में थानेदारो से भयादोहन शुरू कर दिया। नतीजा यह है कि अब वह कारोबारियों को भी हड़काने लगा है। खैर मामला जो भी हो, इस आदमी को यहीं पर नहीं रोका गया है, तो पुलिस महकमा को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। झारखंड पुलिस की वर्दी दागदार हो सकती है।

रांची। रामगढ़ ज़िला में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक आदमी ने पूरे ज़िले के पुलिस अधिकारी और कोयला कारोबारी की नाक में दम कर दिया है। उसके कारण थानेदार बेचैन हैं। रात दिन खौफ में समय कट रहा है। उन्हें वरीय अधिकारी के नाम पर धमकाया जा रहा है। समय से भेंट नहीं करने पर सस्पेंड कराने की धमकी मिल रही है। सब कुछ खुलेआम हो रहा है। वॉटसएप कॉल के जरिये पैसा मांगा जा रहा है। यह आदमी विभाग का ही है। लेकिन उसने अपनी सारी हदें पार कर दी हैं। दारोगा को अपने घर की चौखट का चौकीदार समझ रहा है। भय के कारण कारण थानेदार जल्दी ट्रांसफर के लिए बेचैन हैं। कई लोग चले भी गये हैं। इन बातों की चर्चा रामगढ़ में हर पुलिसकर्मी की जुबां पर है। नाम नहीं छापने की शर्त पर कुछ ने कहा कि समय रहते कुछ पहल नहीं हुई, तो रामगढ़ में एक बवंडर होगा और ज्वालामुखी बन कर फूटेगा।

तनाव में जी रहे हैं अधिकारी: जिस आदमी का जीक्र किया जा रहा है, वह पुलिसकर्मियों के बीच मोहन नाम से विख्यात है। इस नाम को थाना में तैनात अधिकारी माला की तरह जप रहे हैं। फोन की घंटी बजते ही अधिकारी के माथे पर चिंता की लकीरें लंबी हो जाती है। फोन पिक करने से पहले सोचना पड़ रहा है कि पता नहीं अब क्या डिमांड होगी। अधिकारी दिन-रात तनाव में जी रहे हैं। क्योंकि ड्यूटी की चिंता से पहले उन्हें मोहन की धमकी का डर बना रहता है। इस आदमी के नाम की चर्चा अचानक घाटो में हुई डीआइजी टीम पर हमला के बाद आयी। उसने गलत इंफॉरमेशन देकर टीम को सही से मॉनिटरिंग नहीं करने दिया और घटना घट गयी। उसमें उसका तो कुछ नहीं बिगड़ा, लेकिन रामगढ़ पुलिस की किरकिरी हो गयी।



कर्नल सीके नायडू ट्रॉफी में झारखंड की टीम क्वार्टर फाइनल में

कोडरमा (आजाद सिपाही)। बीसीसीआइ द्वारा आयोजित महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में से एक कर्नल सी के नायडू ट्रॉफी में झारखंड अंडर 23 टीम ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है। जेएससीए ने कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह को टीम का मैनेजर नियुक्त किया है। सिंह ने बताया कि झारखंड टीम में प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। पिछले डेढ़ महीना से टीम से जुड़कर मैनेजर के रूप में कार्य कर रहे सिंह ने बताया की झारखंड टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। देश के अलग-अलग राज्यों में जाकर झारखंड की टीम ने जीत दर्ज कर ग्रुप में चैंपियन रही। झारखंड की टीम ने असम, उड़ीसा, पंजाब, महाराष्ट्र, चंडीगढ़, सौराष्ट्र और त्रिपुरा पर जबरदस्त तरीके से जीत हासिल कर अंक अर्जित किया। क्वार्टर फाइनल मैच 25 फरवरी से खेले जायेंगे। सिंह ने बताया कि टीम में कोच के रूप में रतन कुमार, बाल शंकर झा, ट्रेनर महादेव सिंह, फिजियो अमित पाल जैसे झारखंड क्रिकेट के नामचीन लोग जुड़े हैं। सिंह ने बताया कि बीसीसीआई द्वारा आयोजित इस बड़े टूर्नामेंट में झारखंड टीम का मैनेजर के रूप में काम करना हमारे लिए, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के लिए और पूरा कोडरमा जिला के लिए गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन शिविर

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ककरचोली पंचायत अंतर्गत ग्राम तरवन में मुखिया राजकुमार यादव की अध्यक्षता में योजना और मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार ने ग्रामीणों को बताया कि योजनाओं और मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना से 50 वर्ष की महिला और एससी एसटी के पुरुष लाभकों को लाभान्वित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि इसके तहत लाभुक आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर कार्ड, जाति प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। उन्होंने कहा आप लोग फार्म जमा करें उसके बाद प्रखंड में जमा होने के बाद जांच होगी और योग्य लाभकों को इसका लाभ दिया जायेगा। मौके पर उप मुखिया हासिम खान, कनीय अभियंता सत्यवान कुमार, पंचायत सचिव अभिषेक टोप्पो वार्ड सदस्य और महिला-पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।

बगैर चालान बोल्डर लदे छह हाइवा जब्त

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के आदेशानुसार मरकच्चो थाना प्रभारी अब्दुलाह खान ने मंगलवार की रात कोवाड़- कोडरमा एवम बरियारडीह मरकच्चो मुख्य मार्ग पर जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बगैर चालान बोल्डर लदा छह हाइवा ट्रक को जब्त किया गया। जानकारी अनुसार उक्त हाइवा नवलशाही की ओर जा रही थी। वाहन को रुकवाकर बोल्डर से संबंधित चालान की मांग की गयी। चालक द्वारा बोल्डर से संबंधित कोई कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर वाहन को कब्जे में लेते हुए अग्रसर कार्रवाई हेतु थाना परिसर में सुरक्षित रखा है।

विज्ञान विषय की परीक्षा में 12 रहे अनुपस्थित

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र मरकच्चो के दो केंद्र परियोजना +2 उच्च विद्यालय देवीपुर व सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय मरकच्चो में मैट्रिक परीक्षा 2024 चल रही है। 21 फरवरी 2024 को विज्ञान विषय की परीक्षा दोनों केंद्रों पर शांतिपूर्ण तथा कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुआ। दोनों केंद्रों पर कुल 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सर्वोदय प्लस 2 उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक धर्मचंद्र मंडल ने बताया कि विज्ञान विषय की परीक्षा के लिए कुल 732 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरा था। परीक्षा में कुल 724 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। कुल 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्र पर दंडाधिकारी के रूप में सन्तोष कुमार महतो, सहायक केंद्राधीक्षक संतोष कुमार उपस्थित थे। वहीं वीक्षक के रूप में 33 वीक्षकों को लगाया गया था। वहीं प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक न्यूटन कुमार ने बताया कि विज्ञान विषय की परीक्षा में कुल 644 छात्र छात्राओं को सम्मलित होना था जिसमें 640 परिक्षार्थी सम्मिलित हुए। कुल 4 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य सह केंद्राधीक्षक न्यूटन कुमार, दंडाधिकारी जहेंद्र भगत, कनीय अभियंता (पेयजल और स्वछता विभाग), सहायक केंद्राधीक्षक अनिल कुमार, परीक्षा नियंत्रक बसंत कुमार के अलावे 27 वीक्षक लगाये गये थे।

श्री एकादशीव्रत उद्यापन को लेकर हवन

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। तिलैया बस्ती में पांच दिवसीय श्री एकादशीव्रत उद्यापन को ले बुधवार को वैदिक पूजन सज्यादान, गौदान, सामूहिक हवन, कन्यापूजन, पूणार्हुति के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान यज्ञकर्ता सुषमा देवी, राजेन्द्र सिंह सहित शहर के कई श्रद्धालु भक्तों ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। वाराणसी से आये आचार्य शंकर पांडेय ने कहा कि एकादशी व्रत करने से जन्म जन्मांतर का पुण्य उदय होता है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, क्षत्रिय समाज के कामख्या नारायण सिंह, लखन सिंह, अरविंद सिंह, शिवलाल सिंह, विजय सिंह, वीरेंद्र सिंह, कमल केडिया, प्रदीप केडिया, अरविंद चौधरी, राजेन्द्र जायसवाल, अरशद खान, पंकज बर्णवाल, नितेश चंद्रवंशी, शिव नारायण सिन्हा, अनूप जोशी, चंद्रशेखर जोशी, राजेश सिंह, रामचंद्र सिंह, मरकच्चो प्रमुख विजय सिंह, चलकुसा मुखिया संघ के अध्यक्ष आलोक सिंह, मनोज सिंह, उमेश सिंह, पिंटू कुमार, विकास कुमार सिंह, नीरज सिंह,शशि सिंह, निशांत कुमार, हिमांशु कुमार, आयुष प्रताप, केशव कुमार, पिंकी देवी, प्रतिमा सिंह, दीपिका सिंह, गुड़िया देवी, ज्योति सिंह, साक्षी कुमारी, आदया कुमारी आदि शामिल थे। पांच दिवसीय कार्यक्रम में वैदिक आचरण वृन्दावन के सुशील शास्त्री, प्रवचनकर्ता अयोध्या के पंकज पांडेय, वैदिक पूजन में काशी के सौरभ पांडेय व मोहन पांडेय ने अपनी भूमिका निभाई।

हाइकोर्ट ने भाजपा नेता टोनी जैन पर दर्ज मुकदमे को किया खारिज

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के नेता टोनी जैन ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर अपने और अपने परिवार पर दर्ज मामले में हाई कोर्ट से बरी होने पर प्रेस वार्ता किया। टोनी जैन में अपनी बात को रखते हुए कहा कि हमारी छवि को धूमिल करने की जो साजिस रची गयी थी इसपर उच्च न्यायालय ने जो फैसला सुनाया उससे यह स्पष्ट होता है कि सत्य परेशान हो सकता है पराजीत नहीं। टोनी जैन और उनके परिवार राज कुमार जैन और प्रमोद जैन के विरुद्ध श्रीकांत वर्मा के द्वारा सदर थाना कांड संख्या 134/2018 के तहत दर्ज करवाया गया था। उसे उच्च न्यायालय के द्वारा यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि यह मुकदमा इन लोगों के विरुद्ध दायर यह मुकदमा दुभावना पूर्ण मंशा से प्रेरित है। अत इन लोगों के विरुद्ध यह मुकदमा खारिज किया जाता है। प्रेस वार्ता में टोनी जैन, अधिवक्ता राज कुमार राजु, सुमन कुमार पप्पू, प्रमोद सिंह, राणा राहुल प्रताप, दिलीप सिन्हा, अजय कुमार सिन्हा, प्रियंका मोहित, गौरव कुमार, अजीत कुमार, दीपक कुमार, अनिल सिन्हा, स्पेनी मुसा, सोनु गुप्ता, सपना जैन, प्रमोद जैन, चेतन, दीप शिखा, स्वपन कुमार सिन्हा आदि उपस्थित थे।

बीएसएफ जवान सुभाष की प्रशिक्षण के दौरान मौत

पार्थिव शरीर पैतृक गांव ओरिया पहुंचा, लोगों की आंखें हुई नम

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग का लाल बीएसएफ जवान सुभाष कुमार का इंदौर में अपने बटालियन में प्रशिक्षण के दौरान संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गयी। सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत ओरिया का रहने वाला था सुभाष कुमार। मिली जानकारी के अनुसार बीते सप्ताह के शुक्रवार से ही इंदौर में एसटीसी बीएसएफ कैंप में प्रशिक्षण स्थान से सुभाष कुमार लापता था और उनकी खोजबीन की प्रक्रिया जारी थी। लापता का खबर पाकर परिजन काफी परेशान थे और सुभाष कुमार के बडे भाई सहित संबंधी इंदौर खोजबीन के लिए वहां दौड़ पड़े। अचानक सोमवार को कैंप स्थित कुंआ से सुभाष कुमार का शव संदेहास्पद स्थिति में मिला। उनकी मौत की सूचना जैसे ही घर में पहुंची। तब उनके घर परिवार और पूरे गांव में मातम छा गया। वे अपने पीछे माता- पिता, बड़ा भाई और बहन सहित पूरा भरा परिवार को पीछे छोड़ गये। इंदौर के जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद बीएसएफ के जवानों ने सुभाष कुमार के पार्थिव शरीर को सलामी दी एवं पुष्प अर्पित कर पैतृक स्थान के लिए विदाई दी। फिर वहां से उनका पार्थिव शरीर बीएसएफ मेरू कैंप लाया गया। बुधवार की अहले सुबह ग्रामीणों की पहल से तिरंगा यात्रा निकाला गया। पार्थिव शरीर बीएसएफ मेरू कैंप से ससम्मान प्रभु चौक निवास स्थान लाया गया। इस दौरान वीर जवान अमर रहें, वंदेमातरम, जय हिंद और जब तक सूरज चांद रहेगा तब तक सुभाष तेरा नाम रहने का जमकर नारा लगाया गया। जवान सुभाष कुमार का पार्थिव शरीर देख समस्त ओरिया पंचायत वासियों की आंखें नम हो गयी। सुभाष कुमार के शवयात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बीएसएफ के जवानों ने तीन तोपों की सलामी देकर अंतिम विदाई दिया। जवान सुभाष कुमार को मुखाग्नि उनके पिता होरिल साव ने दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने बीएसएफ के जवान और सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की।

रोहित कुमार ने जिला जनसंपर्क पदाधिकारी का किया पदभार ग्रहण

आजाद सिपाही संवाददता

हजारीबाग। सूचना और जनसंपर्क कार्यालय, हजारीबाग के नवपस्थापित डीपीआरओ रोहित कुमार (झासूसे) ने बुधवार को अपना प्रभार ग्रहण किया। निर्वतमान डीपीआरओ पंचानन उरांव ने नए डीपीआरओ को फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

श्री उरांव ने प्रभार के आदान प्रदान के उपरांत भावुक होते हुए बतौर डीपीआरओ अपने कार्यकाल को कभी न भूलने वाला सुखद पल बताया। उन्होंने कार्यालय कर्मियों के निरंतर सहयोग की सराहना की तथा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना भी की। इससे पूर्व निवर्तमान एवं नवपदस्थापित डीपीआरओ उपायुक्त नैंसी सहाय से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की और प्रभार ग्रहण करने की औपचारिकताओं की जानकारी दी। उपायुक्त ने भी इनके द्वारा किये गये कार्यों की तारीफ की और इनके उच्चतम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दी, साथ ही डीपीआरओ रोहित कुमार को प्रभार ग्रहण करने की बधाई भी दी। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवपदस्थापित डीपीआरओ रोहित कुमार ने अपने कार्यकाल कक्ष में जनसंपर्क के अपने अधिकारियों और कर्मियों से मिले और जनसंपर्किय कार्यों की आगामी रूपरेखा पर चर्चा की। उन्होंने उपस्थित कार्यालय कर्मियों से जनसंपर्किय कार्यों में सभी से सहयोग करने और आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर कार्यालय के एपीआरओ परिमल कुमार, एसएमपीओ मोनिका भारती, उच्च वर्गीय लिपिक विजय साव, कंप्यूटर ऑपरेटर मो शोएब, स्वागतक नंदिता कुमारी, साउंड ऑपरेटर रवि नारायण, सफाई कर्मी राजकुमार ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया।

पेंशन स्वीकृति शिविर का आयोजन

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। प्रखंड के पश्चिमी पंचायत भवन में पेंशन स्वीकृति के लिए सिविल का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता बड़का का मुख्य संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता और संचालन पंचायत सचिव अशोक नारायण तिवारी ने किया। जिसमें महिला पुरुषों का वृद्धा पेंशन स्वीकृति के लिए शिविर में विशेष ग्रामीणों का आधार कार्ड और पासबुक का छाया प्रति लिया गया और पेंशन बनाने की स्वीकृति किया गया। इस दौरान मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार मैं कहां की बिरधा पेंशन लाभुकों को लाभ अवश्य मिलेगा। मौके पर पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य उर्मिला देवी, पंचायत सचिव अशोक नारायण तिवारी, ग्राम रोजगार सेवक दीपक कुमार सहित सैकड़ों लाभुक उपस्थित थे।

दुगोला का आयोजन 23 को

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चोपनाडीह पंचायत स्थित बेलाडीह ताराटांड़ में 14 फरवरी से चल रहे श्री श्री 1008 श्री शतचंडी नवदिवसीय महायज्ञ सह देवी प्राण प्रतिष्ठा का समापन 22 फरवरी को हवन, पूजन के साथ महायज्ञ की पूणार्हुति हो जायगी। उक्त बातों की जानकारी यज्ञ समिति के अध्यक्ष मुंशी यादव, सचिव बाबूलाल यादव, युवा अध्यक्ष विकास विकल पी, युवा सचिव विकास यादव ने संयुक्त रूप से दी। उन लोगों ने बताया कि समापन के अवसर पर भोजपुरी गायक गोलू राजा बनाम निशा उपाध्याय का रंगारंग दुगोला कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के कोषाध्यक्ष द्वारिका, यादव चंदन यादव, रंजीत यादव, दयानंद यादव, युवा कोषाध्यक्ष अरुण यादव, विजय यादव, सुभाष यादव, वीरेंद्र यादव समेत समिति के सभी सदस्य व ग्रामवासी लगे हुए हैं।

दीपक साव के हत्यारों को फांसी की मांग को लेकर निकला कैंडल मार्च

कैंडल मार्च में लोगों ने दोनों हत्यारे अजय साव और दीपक पंडित की फांसी की मांग

इस घटना के बाद पूरे प्रखंड क्षेत्र में बच्चे शाम होते ही डर से घर के अंदर चले जाते है

आजाद सिपाही संवाददाता

चलकुशा। प्रखंड के बहुचर्चित दीपक साव के अपहरण के बाद हत्या करके तिलैया डैम में फेक देने की घटना को लेकर चलकुशा में कैंडल मार्च निकाला गया। इस कैंडल मार्च में लोगों ने दोनों हत्यारे अजय साव और दीपक पंडित की फांसी की मांग कर रहे थे। दोनों हत्यारों के प्रति लोगों में काफी आक्रोश था। इसी घटना के कारण पिछले कई दिनों से चलकुशा प्रखंड काफी चर्चित रहा। इस क्षेत्र के लिए इस तरह की यह पहली घटना है पूरे प्रखंड क्षेत्र में बच्चे शाम होते ही डर से घर के अंदर चले जाते हैं।

कैंडल मार्च में पूर्व विधायक जानकी यादव, मुखिया संघ के अध्यक्ष सह चलकुशा मुखिया आलोक सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि उमेश साव, प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा सुरेंद्र भाई मोदी, पूर्व चलकुशा मुखिया कुमार मोदी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य लखन साव, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, राजकुमार नायक, अशोक दास इत्यादि लोग मौजूद थे।

अनियंत्रित ट्रक ने महिला को कुचला, मौत

घटना बुधवार को दोपहर करीब पौने दो बजे की है

आजाद सिपाही संवाददाता

केरेडारी। प्रखंड क्षेत्र के टंडवा - केरेडारी मुख्य पथ पर लोयसुकवार भदइखाप चौक से आगे एक तेज रफ़्तार से आ रही एक अनियंत्रित बारह चक्का ट्रक जेएच 02 एवी 9752 ने बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया जिससे बाइक पर सवार महिला पूनम देवी उम्र करीब 24 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि मृतिका के पति राजेन्द्र गंझु व एक करीब डेढ़ वर्षीय बच्चे को भी आंशिक चोट आयी है। उक्त घटना बुधवार को दोपहर करीब पौने दो बजे की है व मृतिका केरेडारी थाना क्षेत्र के ही अति सुदूरवर्ती निरी गांव की है। बाइक सवार राजेन्द्र गंझु ने बताया की वह अपनी बाइक से पत्नी व एक वर्षीय बच्चे को लेकर लातेहार के हेरहंज नवादा स्थित अपने ससुराल जा रहा था। इस दुखद घटना से बेहद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुख्य सड़क को जाम कर दिया जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। जिससे आवागमन भी बाधित रहा। इस घटना की सुचना मिले पर केरेडारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची जिसे आक्रोशित ग्रामीणों ने जबर्दस्त नारेबाजी कर भगा दिया। ग्रामीण केरेडारी क्षेत्र में नो एंट्री होने के बावजूद भारी वाहनों के परिचालन होने से खासे नाराज दिखे और ग्रामीणों का साफ कहना था ही जब इस क्षेत्र में ट्रक हाइवा का के परिचालन पर 2019 से ही रोक लगा है तो आखिर किसकी सह पर भारी वाहनों का परिचालन हो रहा है। केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल, प्रमुख सुनीता सेवी, पेटो पंचायत के मुखिया पति गुरुदयाल साव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष बैजनाथ महतो, रामेश्वर साहू, घटनास्थल पर पहुंचे और बातचीत किया लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई समझौता नहीं हो पाया है और सड़क जाम है।

मोतियाबिंद शिविर का आयोजन

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। आरोग्यम अस्पताल के आइ केयर सेंटर में आंखों की जांच और मोतियाबिंद शिविर आयोजित किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक चला। यह शिविर नि:शुल्क थी, इस बीच 100 से भी अधिक मरीज का इलाज किया गया जिसमें कई बुजुर्ग मरीज शामिल थे। आगे की इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड से सभी का इलाज किया जायेगा। रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ विवेक कुमार के द्वारा सभी का इलाज किया गया। डॉ विवेक कुमार पिछले कई दिनों से हजारीबाग जिलेवासियों की सेवा में तत्पर है। आरोग्यम अस्पताल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि जनता की देखभाल तथा सुनिश्चित स्वास्थ्य लाभ देने के लिए अस्पताल तत्पर हैं। पिछले कई महीनो से लगातार ग्रामीण इलाकों में आंखों का जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है। बुधवार को आरोग्यम अस्पताल के आइ केयर सेंटर में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से भी अधिक मरीजों ने लाभ लिया यह शिविर आगे भी निरंतर रूप से लगाया जायेगा। मौके पर डॉ विवेक कुमार के टीम के साथ न. टेकनियान विकास कुमार, निशा कुमारी, नार्शिंग स्टाफ रुखसाना, सुमन, गणेश कुमार, ललीता कुमारी, माकेटीग एवस्कुटीक राजिब फैर्जा, मनीष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

टाटीझरिया में लगा वृद्धा पेंशन शिविर

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के निर्देश पर जिला के हर प्रखंड क्षेत्र के पंचायत में मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन लाभावंतित योजना 50 वर्ष से (एसटी) और (एससी) महिलाए को दिया जाना है जिसे लेकर बुधवार को प्रखंड के दो पंचायत में कर्मी प्रतिनियुक्ति कर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें खैरा पंचायत भवन में पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद, मुखिया कुमारी, माधुरी पंचायत बीएलओ ममता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि मिथलेश वर्मा की उपस्थिति में 73 आवेदन जमा लिया गया। डहरभंगा पंचायत भवन में मुखिया रेखा देवी, पंचायत सचिव विश्वजीत दुबे, बीएलओ संजीदा आरजू मुखिया प्रतिनिधि रविंद्र यादव की उपस्थिति में कुल 84 आवेदन जमा लिया गया। मुखिया शिबू प्रसाद सोनी, पंचायत सेवक अर्जुन प्रसाद, बीएलओ उषा रानी की उपस्थिति में 25 आवेदन जमा लिया। इस कार्य में अरविंद केसरी सहित दोनों पंचायत के वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

प्रो बिमल इंटरनेशनल एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से हुए सम्मानित

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। प्रो बिमल कुमार मिश्र इंटरनेशनल एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा में 21 से 23 फरवरी को आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में आदर्श कॉलेज राजधनवार के प्राचार्य प्रो डॉ बिमल कुमार मिश्र को एमिटी यूनिवर्सिटी अंतर्राष्ट्रीय एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीविद प्रो पीके कपूर द्वारा दिया गया है। यह सम्मान प्रो मिश्र द्वारा साइबर क्राइम शोध कार्य, उनके द्वारा किये गये अनुसंधान तथा प्रकाशित शोध पत्रों के लिए दिया गया है। आदर्श कॉलेज राजधनवार के प्राचार्य प्रो डॉ बिमल कुमार मिश्र को एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा द्वारा एमिटी यूनिवर्सिटी अंतर्राष्ट्रीय एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होने पर आदर्श कॉलेज राजधनवार में हर्ष का माहौल है। महाविद्यालय के शिक्षक डॉ श्याम सुंदर सिंह, डॉ प्यारेलाल सिंह, डॉ संध्या, विवेक कुमार राय, मधुसूदन राजा, डॉ जर्नादन प्रसाद, डॉ कृष्णा कुमार समेत सभी शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों ने बधाई दी है।

जानिसार बने जेबीकेएसएस के जिला संयोजक

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने पार्टी का विस्तार किया गया। जिसमें बड़कागांव निवासी जानिसार आलम को जिला संयोजक मंडली बनाया गया है। जानिसार आलम ने कहा है कि केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो को धन्यवाद देता हूं और पार्टी जो भी जिम्मेवारी मुझे दी है, उसका निर्वाहन इमानदारी पूर्वक और सभी को मिला जुलाकर चलने का प्रयास रहेगा। जानिसार आलम को जिला संयोजक मंडली बनायें जाने पर लोगों ने बधाई दी। बधाई देने वाले में मुख्य रूप से सोनू इराकी, मो इब्राहिम, आजाद हुसैन, राकेश मेहता, मो तारिक, विकास महतो, संदीप कुमार सिंह, अशोक महतो, अफसर रजा, इत्यादि दर्जनों लोगों शामिल है।

उपवास महाधरना में शामिल हुए संजीव बेदिया

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साजिश के तहत भाजपा के इशारे पर केंद्र एजेंसियां ईडी सीबीआई तथा अन्य प्रकार के एजेंसी कार्य कर रही है उसी के विरोध में अनिश्चित कालीन धारण मोराबादी मैदान में किया जा रहा है। जब तक हेमंत सोरेन जेल से बाहर नहीं आते हैं तब तक यह धरना चलते रहेगा। आज सातवां दिन है बेदिया ने कहा जब तक पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से बाहर नहीं आते हैं। तब तक हम लोग दिवाली, होली, रामनवमी पर्व नहीं मानेंगे जिस दिन हमारे नेता पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से बाहर आयेंगे उसी दिन हम सभी लोग त्यौहार को मनायेंगे संजय सिंह ने कहा जीतना भी हमारे नेता को प्रताड़ित किया जायेगा उतना ही झारखंड के लोगों में जुनून होगा और आने वाला दिल में इसका जवाब कंधे से कंधे मिलाकर आदिवासी मूल निवासी 2024 देंगे। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजय करमाली, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय भुईयां, मोहन सोरेन, शंकर साव, कटकमदाग प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र बांडो नंदकिशोर भुइयां, मो हेशाम, मो तनवीर, मोती भुइयां, गणेश राम, सुनील राम, नरसिंह तुरी, इत्यादि सैकड़ों महिला पुरुष और कार्यकर्ता शामिल हुए।

अवैध बालू लदे पांच ट्रैक्टर जब्त

दारू /हजारीबाग (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी ने 5 अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त किया। इस संदर्भ में डीएसपी ने बताया कि मुझे गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टरों द्वारा अवैध तरीके से बालू कारोबार हो रहा है इसे लेकर मैं भ्रमण में निकली जिसमें पांच बालू लदा ट्रैक्टर को जब्त कर थाने लायी हूं जिसमे से दो ट्रैक्टर का नंबर भी नहीं है इसे आगे संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। सूचना एकत्र कर ट्रैक्टर एवं उसके संचालक पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

उप विकास आयुक्त के रूप में पवन ने ग्रहण किया पदभार

चतरा (आजाद सिपाही)। 24 वें उप विकास आयुक्त के रूप में आज अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मंडल ने निवर्तमान उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता से विकास भवन स्थित कार्यालय कक्ष में पदभार ग्रहण किया। उप विकास आयुक्त का पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवनियुक्त उप विकास आयुक्त ने पूर्व उप विकास आयुक्त द्वारा जिले में किये गये कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा जिले में किये गये विकास कार्यो की गति को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहेंगे। नवपदस्थापित उप विकास आयुक्त ने कहा कि विकास योजनाओं से शत प्रतिशत लाभुकों को लाभान्वित कराना यह मेरी पहली प्राथमिकता है। विकास के लिए जो दायित्व मिला है, उस पर शत-प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। अपने कार्यकाल में चतरा को विकास के रास्ते पर ले जाने का हर संभव प्रयास रहेगा।

लाभुकों के बीच नि:शुल्क गैस चूल्हा वितरण

कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू गैस सर्विस, कुजू ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभुकों के बीच नि:शुल्क गैस चूल्हा सिलेंडर वितरित किया। कुजू दक्षिणी पंचायत सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पंचायत मुखिया राकेश कुमार और संचालक अबुल कलाम के हाथों पीएम उज्ज्वला योजना के तहत क्षेत्र के 35 लाभुको के बीच नि:शुल्क गैस चूल्हा सिलेंडर का वितरण किया गया। वही, कुजू गैस सर्विस संचालक अबूल कलाम ने मौजूद लाभुको को गैस चूल्हा का उपयोग करने के दौरान कई महत्वपूर्ण सुरक्षा बिंदुओं से अवगत कराया। साथ ही, होने वाले घटनाओं से सतर्क रहने का टिप्स दिया। उन्होंने मौजूद लाभुकों से स्पार्क लाइटर को छोड़कर केवल माचिस का उपयोग करने की अपील की। उन्होंने सुरक्षा पाइप को पांच साल में हर हाल में बदलने एवं नकली सामग्री का उपयोग से दूर रहने की अपील की। ओरिजिनल सामान के लिए एजेंसी से संपर्क साधे इस दौरान उन्होंने सभी गैस लाभुकों को 31 मार्च तक अपना बायोमेट्रिक हर हाल में कर लेने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जयराम प्रजापति, सुरेश महतो, रमेश चौधरी, मो मासूम, लाभुक में सुमन सिंह, रिंकी देवी, अजमेरी खातून, गजाला प्रवीण, राधा देवी समेत कई लोग मौजूद रहे।

सांसद जयंत सिन्हा का स्वागत

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। सांसद महारत्न से सम्मानित होने के बाद सांसद जयंत सिन्हा के रामगढ़ पहुंचने पर भाजपा नेताओं और किसान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने बुधवार को गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने सुभाष चौक पर ढोल-नगाड़े के साथ आतीशबाजी कर उनका भव्य तरीके से स्वागत किया। वहीं, किसान मजदूर संघ के उपाध्यक्ष अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा, बलराम प्रसाद कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, संदीप कुमार सहित कई लोगों ने उन्हें लड्डू खिलाया। इससे पूर्व संघ के उपाध्यक्ष रामदेव प्रसाद और सचिव घनश्याम महतो ने उन्हें फूलों का गुच्छा दिया। वहीं, स्वागत के क्रम में सांसद जयंत सिन्हा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पूरे जोश के साथ चुनाव की तैयारी में जुटने को कहा। उन्होंने केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का भी निर्देश दिया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, लोकसभा सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रंजीत पांडेय, वरीय जिला उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, महामंत्री रंजन फौजी, प्रो संजय सिंह, रवींद्र शर्मा, नमेंद्र चंचल, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो, महेश चौधरी, अजीत गुप्ता, ऋषिकेश सिंह, शीतल सिंह, मनोज जायसवाल, सुरजीत सिंह छाबड़ा, तरूण साव सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता शामिल थे।

अबुआ आवास योजना में अनियमितता को लेकर डीसी को सौंपा ज्ञापन

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। गोला प्रखंड के बरलंगा पंचायत में अबुआ आवास योजना में अनियमितता को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा गया है। सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि बरलंगा पंचायत के ग्राम हेठबरगा एवं बरलंगा में पंचायत सेवक राजेश कुमार भास्कर और मुखिया पति त्रिलोचन प्रजपति के द्वारा अबुआ आवास योजना में भारी अनियमितता करते हुए अपने चहेतों को आवास की स्वीकृति दी गयी है। इससे पूर्व में हम लोगों का प्राथमिकता सूची में नाम दर्ज था और पंचायत सेवक के द्वारा घर का फोटो के साथ जिओ टेक भी हुआ था, लेकिन अंत समय में हम लोगों का नाम पंचायत सेवक और मुखिया पति के द्वारा काटकर जिसके पास पूर्व से ढलाई और पक्का मकान है, उसे ही दिया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जो लोग बाहर से आकर बसे है उसे ही दिया जा रहा है। वे लोगों के द्वारा जरूरतमंद लोगों को आवास नहीं दिया जा रहा है। पंचायत सेवक जातिवाद करते हैं और अपने जातिवाद के लोगों को ही आवास दिलाने में लगा है। डीसी को सौंपे गये ज्ञापन में कहा कि मामले की जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई करने की कृपा की जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में संध्या देवी, सीमा देवी, विमला देवी, सुरोन कुम्हार, राजू प्रजपति, नरेश प्रजपति आदि शामिल थे।

वनांचल महाविद्यालय के शिक्षक पर लगा छात्रा से अभद्र व्यवहार करने का आरोप

टंडवा (आजाद सिपाही)। वनांचल महाविद्यालय के शिक्षक रामदेव पासवान पर छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है।मामले में को लेकर महाविद्यालय के सचिव को छात्राओं द्वारा 17 जनवरी को आवेदन देकर करवाई की मांग की गयी थी। अबतक करवाई नही होने से छात्राओं में नाराजगी है।छात्र छात्राओं ने पुन: 21 फरवरी को वनांचल महाविद्यालय के प्राचार्य को आवेदन देकर करवाई की मांग की है। विद्यार्थियों का कहना है कि अगर मामले में करवाई नही हुई तो विद्यार्थी मजबूरन आंदोलन करेंगें। विद्यार्थियों ने आंदोलन से पूर्व अध्यक्ष सचिव व शिक्षक के साथ वार्ता की मांग की है। इधर शिक्षक रामदेव पासवान का कहना है कि एक साजिश के तहत उन्हें बदनाम किया जा रहा है।

दिशा की बैठक में शामिल हुए सांसद, योजनाओं की हुई गहन समीक्षा

केंद्र और राज्य की योजनाओं को समय पर पूरा करें: जयंत सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। जिला समाहरणालय सभागार में सांसद जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी डीडीसीएमसी/दिशा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधायक रामगढ़ सुनिता चौधरी, उपायुक्त चंदन कुमार, विधायक प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित हुए। मौके पर पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिये गये निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों पर चर्चा की गयी। जिसके बाद सांसद के द्वारा मिशन अमृत सरोवर और वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना के तहत जिले के अलग-अलग पंचायतों में बनाये गये खेल मैदान की जानकारी ली गयी।

स्मार्ट मीटर कनेक्शन की जानकारी ली: सांसद ने कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल से जिले में लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटर कनेक्शन की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में खराब ट्रांसफार्मर की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उन्हें ठीक करने का निर्देश दिया। पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल से जिले में संचालित जलापूर्ति योजनाओं एवं उनके वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। मौके पर जनप्रतिनिधियों द्वारा कई क्षेत्रों में जलापूर्ति योजना के कार्य न करने से संबंधित मामले को सभी के समक्ष रखा गया। जिस पर सांसद ने जनप्रतिनिधियों को कार्यपालक अभियंता के साथ समन्वय करते हुए संयुक्त रुप से स्थल निरीक्षण कर जलापूर्ति योजनाओं का कार्य करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

विधायक ने सांसद को कराया कई समस्याओं से अवगत: बैठक में विधायक सुनीता चौधरी अन्य विधायक प्रतिनिधियों, सांसद प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों व समस्याओं को बैठक में सभी के समक्ष रखा गया। जिसके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

मनरेगा पर गहन मंथन, आवश्यक निर्देश

सांसद ने मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। केंद्र और राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने के संबंध में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने शत-प्रतिशत योग्य लाभुकों को योजनाओं से जोड़ते हुए उन्हें लाभान्वित करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के क्रम में सांसद ने कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल रामगढ़ से बीते वर्ष और वर्तमान वर्ष में किये गये कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में आवश्यक निर्देश दिये।

सदर अस्पताल की सांसद ने की सराहना

स्वास्थ्य संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में सांसद ने सदर अस्पताल रामगढ़ द्वारा लोगों को उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की सराहना करते हुए सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद को जिले के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बीएसएफ जवान को पैतृक गांव में दी गयी अंतिम विदाई

पुष्प वर्षा कर दी गयी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

चतरा। बीएसएफ के जवान अमित कुमार दांगी का पार्थिव शरीर पैतृक गांव कान्हाचट्टी प्रखंड के राजपुर स्थित छलटा गांव पहुंचते ही ग्रामीणों और परिजनों के क्रंदन से पूरा माहौल गमगीन हो गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्रामीणों ने इटखोरी से अपने गांव के जांबाज जवान का पार्थिव शरीर को लेकर आ रही बीएसएफ के वाहन की सैकड़ों मोटरसाइकिल से आगवानी कर अपने पैतृक गांव लेकर आये। इस दौरान ग्रामीणों ने भारत माता की जय, जब तक सूरज चांद रहेगा-अमित तेरा नाम रहेगा। वीर जवान अमर रहे आदि गगनभेदी नारे लगा रहे थे।रास्ते मे जगह-जगह बीएसएफ की गाड़ी को रोक कर लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया । स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर बीएसएफ जवान के काफिले पर पुष्प वर्षा कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। ज्ञात हो कि अमित गुजरात के भुज में पदस्थापित थे। वे अपने ससुर के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर घर आ रहे थे। इस दौरान विगत 18 फरवरी की रात प्रयागराज में ट्रेन हादसे का शिकार हो गये। वहां से उनका शव हजारीबाग स्थित मेरु कैंप लाया गया, जहां बीएसएफ के जवानों द्वारा पार्थिव शरीर को सशस्त्र सलामी दी गयी। जिसके पश्चात बीएसएफ की विशेष गाड़ी से उनका शव आज उनके पैतृक गांव लाया गया तथा गांव के श्मशान घाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पिता अरुण कुमार दांगी ने उन्हें मुखाग्नि दी। अमित अपने पीछे पत्नी और दो पुत्री के साथ एक भाई और माता पिता को छोड़ गये हैं। इस घटना से पूरा क्षेत्र शोक में डूबा है। व्यवसायियों ने अपने गांव के जांबाज के सम्मान में स्वेच्छा से अपनी अपनी दूकानें बंद रखी। इस दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी समेत पुलिस के वरीय अधिकारी मौजूद थे। ग्रामीणों ने मृत जवान को शहीद का दर्जा देने और परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

उपमुखिया प्रशांत ने पैसा लेने के आरोप को नकारा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। बुधबाजार दोतल्ला पंचायत की मुखिया सत्यवंती देवी द्वारा पंचायत के वाट्सअप ग्रुप में मैसेज कर उपमुखिया प्रशांत कुमार पर स्थानीय व्यक्ति से पैसा लेकर काम करने का आरोप लगाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बावत उपमुखिया प्रशांत कुमार ने रामगढ़ डीसी और पतरातू बीडीओ को पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र में उपमुखिया प्रशांत कुमार ने पैसे लेकर काम करने के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मुखिया ने मुझपर जो आरोप लगाया है वह पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद है। उन्होंने कहा है की मेरी बढ़ती लोकप्रियता को देखकर मुखिया तथा उनके पति के द्वारा मुझे बदनाम करने की कोशिश की जा रही है, जो पूरी तरह गलत है। पंचायत में मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है।

जल जीवन मिशन को लेकर प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

कुंदा/चतरा। कुंदा पंचायत भवन परिसर में जल जीवन मिशन के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन कुंदा पंचायत मुखिया मनोज कुमार साहू द्वारा द्वीप प्रजलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण में के आर सी जनजागरण केन्द्र हजारीबाग के तत्वावधान में पंचायत भवन कुंदा में जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षक सुरेश प्रसाद राणा और अजीत कुमार सिंह के द्वारा मुखिया और जन प्रतिनिधि, एसएचजी की महिला, जल सहिया को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर मनोज कुमार साहू, पिंकी देवी, रवि वर्मा, सुनीता देवी, रामदुलारी देवी, लक्ष्मी देवी, अमलेश भारती, संतोष यादव उपस्थित थे।

मांडू के नलों से नहीं आता पानी, ग्रामीण परेशान

एक वर्षों से मांडू में 15 हजार घरों में पानी सप्लाई पूर्णतः है बंद

ग्रामीणों में पीएचईडी और सर्विस रोड निर्माण करने वाले कंपनी के अभिकर्ता पर है काफी आक्रोश

दीपक कुमार

मांडू (आजाद सिपाही)। पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा हर घर में नल से जल देने का सपना हाथी का दांत साबित हो रहा है। स्थिति यह है कि मांडू डीह से प्रखंड मुख्यालय तक निमार्णाधीन सर्विस रोड के ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन को उखाड़ने के बाद समस्या उत्पन्न हुई है। अभिकर्ता द्वारा सड़क निर्माण के समय ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था, कि जल्द ही सर्विस रोड का निर्माण कर पाइप लाइन को पुनः बिछाया जायेगा। परंतु न ही पूर्ण रूप से सर्विस रोड का निर्माण हुआ और न हीं पाइपलाइन बिछाने की प्रक्रिया किया गया। इसके कारण करीब एक वर्षों से मांडू में पानी की सप्लाई बंद है। बताया जाता है कि करीब 15 हजार घरों में पानी की आपूर्ति बंद पड़ा हुआ है। जल संकट के इस घोर समस्या से लोग अब पानी पीने के लिए त्राहिमाम हो रहे हैं। इससे ग्रामीणों में पेयजल विभाग के साथ-साथ सर्विस रोड निर्माण करने वाले कंपनी के अभिकर्ता के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

पानी की समस्या पर जनप्रतिनिधि हैं गंभीर

मांडू में पेयजल की घोर किल्लत को देखते हुए मांडूडीह मुखिया बैजनाथ राम व मांडू चट्टी उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता काफी गंभीर है। पानी की समस्या के समाधान के लिए दोनो जनप्रतिनिधियों ने पीएचईडी विभाग के अधिकारियों से आग्रह कर मांडू बुलाया। इसके पश्चात मांडू का दौरा कराया। मौके पर विभाग के एसडीओ युगल प्रसाद सिंह, कनीय अभियंता मीन्हाज अंसारी और एजेंसी के शिशुपाल ने मांडू के कई जगहों पर विजिट किया।

क्या कहते हैं विभाग के एसडीओ

इस संबंध में विभाग के एसडीओ युगल प्रसाद सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि सर्वे कर लिया गया है। जल्द ही मांडू के ग्रामीणों के बीच पानी सप्लाई शुरू किया जायेगा।

इडी ने पूर्व मुख्यमंत्री को फंसाया: संजीव

उरीमारी (आजाद सिपाही)। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के उरीमारी जरजरा चौक से बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया के नेतृत्व में केरेडारी, बड़कागांव और पतरातू प्रखंड से झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम में रांची सिदो-कान्हू मैदान में शामिल हुए। रांची जाने के क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया ने कहा कि इडी ने केंद्र सरकार के इशारे पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के आदिवासी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसाया है उसके विरोध में पूरे झारखंड राज्य से झामुमो कार्यकर्ता सिदो-कान्हू मैदान में एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम रखा है। इस उपवास कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार को देखाना चाहते हैं कि आदिवासी मुख्यमंत्री को फसाना आने वाले चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। वहीं बेदिया ने कहा कि जब तक हेमंत सोरेन की रिहाई नही होगी तब तक झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और कार्यकर्ता किसी भी त्योहार को उरीमारी में नहीं मनायेंगे। रवाना होने वालों में सूरज बेसरा, विनोद हेंब्रम, शंकर साव, संतोष सिंह, बिनोद बेदिया, जितेंद्र बेदिया, ओमप्रकाश सिंह, सतनारायण बेदिया, टिकेश्वर बेदिया, रामप्रसाद करमाली, रविन्द्र बेदिया, मनोज महतो, डी एन सिंह, निरंजन सिंह, उमेश बेदिया, विजय सोरेन, अजय करमाली, पंकज हेंब्रम, प्रेम सोरेन, अशोक करमाली, श्याम बेदिया, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

वनभोज सह मिलन समारोह संपन्न

कुजू (आजाद सिपाही)। जनता मजदूर संघ सीसीएल कुजू क्षेत्रीय समिति का वनभोज सह मिलन समारोह बुधवार को नेहरू पार्क आरा कोलियरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य सह संघ के केंद्रीय सचिव सुखदेव प्रसाद, विशिष्ट अतिथि के रूप में करमा पीओ पवन कुमार, खान मैनेजर संजय सिंह, सीसीएल अधिकारी अभिज्ञान कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों को बुके देकर और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। समारोह के दौरान संघ के केंद्रीय सचिव सुखदेव प्रसाद ने कहा कि जनता मजदूर संघ सबसे बड़ा संघ है। हमारा संघ कार्यकर्ताओं के लिए हर वक्त सुख व दुख में खड़ा है। वही, सीसीएल कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने कहा कि कुजू क्षेत्र में जनता मजदूर संघ मजदूरों की समस्याओं को दूर कर रहा है। इसके बाद संघ के लोगों ने वनभोज कार्यक्रम का लुफ्त उठाते हुए एकजूटता का परिचय दिया। इस अवसर पर एसके ओझा, कंचन सिंह, नंदकिशोर प्रसाद, झुनकु कुमार, ललन यादव, राजकुमार महतो, रणजीत सिंह, राजकुमार दास, अरविंद सिंह, दशरथ कुर्मी, महेंद्र सिंह, चमन मुंडा, दीपक प्रसाद, आफताब हुसैन, मेघलाल मंडल, रोशन लाल महतो, बिगन राम, राजेश यादव, तालो मांझी, बिरगु महतो, रामाकांत पटेल समेत काफी संख्या में जनता मजदूर संघ के सदस्य शामिल रहे।

महारत्न अवार्ड मिलने पर प्रदेश अध्यक्ष ने सांसद को भेजा शुभकामना संदेश

बरकाकाना (आजाद सिपाही)। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह वित्त संबंधी स्थाई समिति के अध्यक्ष जयंत सिन्हा को सांसद महारत्न पुरस्कार से सम्मानित होने पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने अपने पार्टी कि ओर से सुभकामनाएं संदेश दिया है। प्रदेश अध्यक्ष रंजीत राम ने बताया कि सांसद जयंत सिन्हा की अगुवाई में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विकास का गंगोत्री को धरातल में उतारने का कार्य करते हुए जरूरतमंद लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का काम लगातार आये दिन करते चले आ रहे हैं। गरीब असहाय वंचित सभी समाज के जरुरतमंदो के बीच सुख दुख में हमेशा खड़े नजर आने का परिणाम है सांसद महारत्न से सम्मानित होना। सांसद जयंत सिन्हा के सम्मान से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र कि तमाम जनता गौरवान्वित महसूस कर रहा हैं।

लूटपाट और छिनतई को लेकर भुरकुंडा पुलिस कर रही है पूछताछ

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। भुरकुंडा ओपी क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की रात एक बार फिर छिनतई और लूटपाट का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी अनुसार मंगलवार को रिवर साइड पीओ ऑफिस के समीप बीती रात 8:30 बजे लगभग 3 अज्ञात अपराधियों ने बैरेक निवासी मनीष राजभर के साथ मारपीट और छिनतई की घटना को अंजाम दिया। मनीष कुमार ने भुरकुंडा ओपी में आवेदन दिया है जिसमें कहा है कि मनीष अपने भाई के साथ सौंदा से अपने घर आ रहा था। इसी दौरान घात लगाये 3 अज्ञात अपराधियों ने रोक कर मनीष और उसके छोटे भाई को रोक कर मारपीट करते हुए पॉकेट चेक करने लगे। जिसपर पंकज के द्वारा विरोध जताने पर हत्यार से सर पर मार कर घायल कर दिया। और मोबाइल और पैसे छीन की छिनतई की गयी। और धमकी दिया गया। साथ ही मर पिटाई कर सौंदा की ओर भाग निकले। पीछे से आ रही अन्य बाइक की लाइट अपराधियों की गाड़ी के नंबर पर पड़ी तो मनीष ने अपने दिमाग में नंबर नोट कर ली। इसके बाद मनीष और उसके भाई ने भुरकुंडा ओपी आ कर थाने में अज्ञात लोगो के खिलाफ लिखित आवेदन दिया। जिसके बाद भुरकुंडा पुलिस सकते में आ कर जांच शुरू कर दी। और बुधवार को छिनतई मामले में 5 लोगो को ओपी ला कर पूछताछ हा कर रही है।

झारखंड विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखंड विधान सभा का पंचदश (बजट) सत्र दिनांक- 23/02/2024 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखंड विधान सभा परिसर में बिना वैद्य पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।

(सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव,
झारखंड विधान सभा, रांची।

ज्ञापांक सं. :- जनसम्पर्क 03/2024-484 / वि. स, रांची, दिनांक 20/02/24

आरक्षण की उलझी गुत्थी

मराठा आरक्षण के मुद्दे पर विचार करने के लिए महाराष्ट्र विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है। माना जा रहा है कि सरकार ने इस जटिल मसले को सुलझाने का कोई फॉर्मूला निकाल लिया है, जो बैठक के दौरान प्रस्ताव के रूप में सामने आ सकता है। अभी यह पता नहीं है कि इस प्रस्ताव में क्या है, लेकिन इतना तय है कि यह मुद्दा इतना जटिल रूप ले चुका है कि कोई एक फॉर्मूला शायद ही इसे सुलझा पाये।

दलों में सहमति : दिलचस्प है कि मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की इस मांग पर महाराष्ट्र के सभी प्रमुख दलों में सर्वसम्मति काफी पहले से बनी हुई दिख रही है। इसके बावजूद अगर यह मसला सुलझ नहीं पा रहा, तो इसके पीछे कानूनी जटिलताओं के साथ ही प्रदेश के सामाजिक समीकरणों का भी हाथ है। इसलिए कहा जा सकता है कि पहले इन समीकरणों को सुलझाना होगा। उसके बाद ही इस दिशा में कदम बढ़ाने होंगे।

आरक्षण सीमा का सवाल : राजनीतिक सर्वसम्मति की ही बदौलत महाराष्ट्र विधानसभा 2018 में ही मराठा समुदाय को सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थाओं में 16 फीसदी आरक्षण देने वाला विधेयक पारित कर चुकी है। मगर इससे राज्य में कुल आरक्षण 50 प्रतिशत की अधिकतम सीमा से ऊपर चला गया। नतीजा यह कि 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया। अब इस मुद्दे पर भी विचार किया जाना जरूरी है।

महाराष्ट्र विधानसभा में विशेष सत्र बुलाया गया है। कहा जा रहा है कि इस सत्र में मराठा आरक्षण को लेकर कानून बनाया जा सकता है। लंबे समय से महाराष्ट्र में मराठा आंदोलन की मांग की जा रही है। अब यह मुद्दा राजनीतिक रूप से इतना बड़ा हो गया है कि इसे नजरअंदाज करना लगभग असंभव हो गया है।

निशाने पर सरकार : स्वाभाविक ही इसके बाद मराठा आरक्षण की मांग कर रहे नेताओं और संगठनों ने सरकार की इस आधार पर आलोचना शुरू कर दी कि वह रिजर्वेशन का कोई कानूनी तौर पर स्वीकार्य रास्ता नहीं निकाल रही। सरकार ने इसका एक व्यावहारिक उपाय यह निकाला कि मराठा समुदाय को कुणबी सर्टिफिकेट देकर आरक्षण का हकदार बना दिया जाये, जिससे कुल आरक्षण सीमा के अंदर रहते हुए ही उनकी मांग पूरी हो जाये। लेकिन मराठा समुदाय के कथित ओबीसीकरण की इस कोशिश पर कुणबी समुदाय नाराज हो गया। उसका कहना था कि इससे आरक्षण के उसके हिस्से में कटौती होगी।

ओबीसी और मराठा: फिलहाल स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के समर्थक उन्हें राज्य के सबसे प्रभावी मराठा नेता के रूप में पेश करने में लगे हैं। उनका मानना है कि मराठा आरक्षण देने के बाद उनका कद बढ़ेगा। दूसरी ओर सरकार में शामिल एनसीपी (अजित धड़ा) के एक प्रमुख नेता छगन भुजबल ओबीसी समुदाय की ओर से इस मसले पर तलवारें ताने हुए हैं। शुरुआती संकेतों के मुताबिक उन्हें ओबीसी समुदाय के तमाम नेताओं का समर्थन भी मिल रहा है।

इधर कुआं, उधर खाई: गौर करने की बात है कि जहां मराठा समुदाय (करीब 30 फीसदी) राजनीतिक तौर पर राज्य का सबसे प्रभावी समूह माना जाता है, वहीं ओबीसी समुदाय संख्या के तौर पर सबसे बड़ा समूह (करीब 52 फीसदी) है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि राज्य सरकार के फॉर्मूले से कौन कितना संतुष्ट या असंतुष्ट होता है और उससे प्रदेश के राजनीतिक-सामाजिक समीकरणों में किस तरह का बदलाव आता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

इस आशय की दिशा में पीएमएमएसवाइ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं ने यह सुनिश्चित किया है कि रेफ्रिजरेटेड और इंसुलेटेड ट्रकों, लाइव फिश वेंडिंग सेंटर, ऑटो रिक्शा, मोटरसाइकिल और आइस बॉक्स वाली साइकिल सहित 26,067 फिश ट्रांसपोर्टेशन फैसिलिटीज लाभार्थियों के पास उपलब्ध है, ताकि वे बाजारों और उपभोक्ताओं तक आसानी से ताजा और गुणवत्तापूर्ण मछली की डिलीवरी कर सकें।

भारत के घरेलू बाजार में मछली के उपभोग का संवर्धन

सागर मेहरा

भारतीय व्यंजनों की जीवंत वैविध्यताओं में आहार का एक ऐसा घटक, जो पोषकीय तत्वों से भरा है और कई तरीकों से तैयार किया जा सकता है, वह है मछली। जिह्वा के स्वाद के अलावा, मछली भारतीय संदर्भ में प्रगाढ़ महत्व रखती है। यह समृद्ध सांस्कृतिक महत्व के अलावा स्वास्थ्य के लिए बहुत सारे लाभ प्रदान करती है। मछली और भारतीय संस्कृति के बीच आपसी संबंध खाने की थाली तक ही सीमित नहीं है, अपितु मछली हमारी परंपरा, स्वास्थ्य आचरणों और आर्थिक समृद्धि को प्रभावित करती आयी है । मछली का उपभोग न केवल व्यक्तिगत पोषण स्थिति पर सकारात्मक प्रभाव डालने की क्षमता रखता है, बल्कि देश की खाद्य और पोषण सुरक्षा में भी योगदान देता है।

हालांकि वैश्विक स्तर पर, भारत मत्स्य उत्पादन और निर्यात में अग्रणी है, लेकिन घरेलू खपत बढ़ाना देश में मात्स्यिकी क्षेत्र की निरंतर वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। भारतीय मात्स्यिकी क्षेत्र को समग्र रूप से विकसित करने के लिए मत्स्यपालन विभाग (भारत सरकार) द्वारा विभिन्न कार्यक्रम और योजनाएं शुरू की गयी हैं। प्रमुख कदमों में से एक 10 सितंबर 2020 को 20,050 करोड़ रुपये के अब तक के उच्चतम निवेश के साथ प्रमुख योजना - प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाइ) का शुभारंभ है। पीएमएमएसवाइ प्रौद्योगिकी अपनाने, मूल्य शृंखला की कमजोर कड़ियों पर ध्यान देने और सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए परियोजनाएं कार्यान्वित करने पर केंद्रित है। उत्पादन और निर्यात बढ़ाने के विभिन्न आउटपुट के अलावा यह योजना लगभग 16.5 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा करने पर केंद्रित है। लगातार चौथे वर्ष में पीएमएमएसवाइ योजना के अंतर्गत पूरे भारत में 18,000 करोड़ रुपये (90%) की प्रभावशाली परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है।

उम्मीद है कि विस्तार सेवाएं मछली की खपत को पोषण से भरपूर 'सुपर-फूड' के रूप में बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

परंपरागत रूप से मात्स्यिकी परियोजनाओं का केंद्र मत्स्य उत्पादन में वृद्धि की ओर रहा है। परिवर्तन की आधारशिला के रूप में, पीएमएमएसवाइ योजना पोस्ट-हार्वेस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की दिशा में निधियों के उपयोग द्वारा मांग और आपूर्ति समीकरण को संतुलित करने पर केंद्रित है। चूंकि पीएमएमएसवाइ के अंतर्गत मत्स्य उत्पादन लगातार बढ़ रहा है और शानदार 174 लाख टन तक पहुंच गया है। यह घरेलू मछली की खपत, मूल्य संवर्धन और निर्यात को बढ़ावा देने की अपार संभावनाएं प्रदान करता है।

पीएमएमएसवाइ एक निर्बाध आपूर्ति शृंखला और बिक्री बिंदुओं में बढ़त सुनिश्चित करके उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए एक मजबूत मार्केटिंग इकोसिस्टम और रणनीति तैयार करने की परिकल्पना करती है। परिणामस्वरूप यह दृष्टिकोण न केवल समग्र उद्योग के विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि जनसंख्या के स्वास्थ्य और पोषण पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है।

इस आशय की दिशा में पीएमएमएसवाइ के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं ने यह सुनिश्चित किया है कि रेफ्रिजरेटेड और इंसुलेटेड ट्रकों, लाइव फिश वेंडिंग सेंटर, ऑटो रिक्शा, मोटरसाइकिल और आइस बॉक्स वाली साइकिल सहित 26,067 फिश ट्रांसपोर्टेशन फैसिलिटीज लाभार्थियों के पास उपलब्ध है, ताकि वे बाजारों और उपभोक्ताओं तक आसानी से ताजा और गुणवत्तापूर्ण मछली की डिलीवरी कर सकें। सबसे लोकप्रिय मोटरबाइक और आइस बॉक्स वाली साइकिल हैं, जिससे छोटे पैमाने के किसानों के लिए बिक्री केंद्रों तक सुविधाजनक और तेज पहुंच सुनिश्चित हुई है।

क्वालिटी वाले फ्रोजन तथा ताजी मछली की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बाजारों और कियोस्क के रूप में फिश रीटेल प्वाइंट्स की 6733 इकाइयां विकसित की जा रही हैं। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा और तेलंगाना जैसे राज्य अग्रणी रहे हैं और इन राज्यों ने उत्तर भारत में मछली की बिक्री में वृद्धि दर्शायी है और तटीय और अंतर्देशीय राज्यों के बीच योजना की निधियों के सुनियोजित वितरण का प्रदर्शन किया है।

30 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में 575 कोल्ड स्टोरेज फैसिलिटीज का अच्छा वितरण किया गया है, जिससे पता चलता है कि पूरे भारत में मछली का पोस्ट-हार्वेस्ट स्टोरेज किया जा रहा है। प्रसंस्करण के लिए 108 मूल्यवर्धित उद्यमों को मंजूरी दी गयी है, जो उद्यमशीलता मॉडल को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। विशेष रूप से फिश वेंडिंग कियोस्क चेन की स्थापना के माध्यम से स्वच्छ मत्स्य विपणन पर महत्त्व दिया जाता है। भारत में मूल्यवर्धित उद्यमों का प्रसार, विशेष रूप से दक्षिणी भारत में न केवल निर्यात की महत्ता दर्शाता है, बल्कि अचार, सूखी नमकीन मछली, मछली के चिप्स, मछली के गोले आदि के रूप में मूल्यवर्धित मछली की मांग का भी संकेत है।

जागरूकता सृजन, आउटरीच और विस्तार सही तरीके से जमीनी स्तर तक पहुंचाना सुनिश्चित करने की दिशा में, लास्ट माइल कनेक्ट के लिए तटीय राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लिए 2494 सागर मित्र और संपूर्ण भारत में 79 मत्स्य सेवा केंद्रों को मंजूरी दी गयी है। उम्मीद है कि विस्तार सेवाएं क्षेत्रीय योजनाओं और मछली की खपत को पोषण से भरपूर 'सुपर-फूड' के रूप में बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

घरेलू उपभोग के रुझानों को बेंचमार्क करने और समझने के लिए भारत सरकार ने मार्च 2023 में नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च द्वारा 'भारत में मात्स्यिकी क्षेत्र का अध्ययन-वर्तमान मांग और भविष्य की संभावना का अवलोकन' में निवेश किया। अध्ययन से पता चला है कि 2011-12 की तुलना में भोजन पर किये गये कुल व्यय के आलोक में मछली के लिए किया गया व्यय दोगुना से अधिक हो गया है। शहरी क्षेत्रों में बढ़ती मांग के कारण मछली की मासिक खपत में वृद्धि हुई है। खपत की जाने वाली 77% मछली मीठे पानी की प्रजातियां हैं - प्रमुख रूप से रोहू और कतला, जबकि सार्डिन और भेटकी पसंदीदा समुद्री मछलियां हैं। एक आशाजनक बात यह है कि 2031 में मछली की अनुमानित मांग 26 मिलियन टन तक पहुंचने की उम्मीद है। इसलिए इस तरह की उपभोक्ता प्राथमिकताएं और संकेतक विपणन और ब्रांडिंग रणनीतियों को परिभाषित करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

बढ़ती मांग और बिक्री को संभालने के लिए आपूर्ति शृंखला और डिस्ट्रीब्यूशन इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ भारत सरकार के लिए अगला प्राथमिकता कदम उचित ब्रांडिंग और विपणन के माध्यम से मछली का सेवन करने के लाभों के बारे में उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता पैदा करना है। परंपरागत रूप से राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी), हैदराबाद द्वारा आउटरीच कार्यक्रम जैसे सेलिब्रिटी शेफ के साथ मत्स्य और समुद्री खाद्य उत्सव का आयोजन और क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ वेबिनार, सितंबर में हर साल पोषण माह मनाना, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत इंडिया@75 अभियान का जश्न मनाने के लिए 75 फिश रेसिपी पुस्तकों का शुभारंभ, मछली के लाभों पर जिंगल्स का प्रसारण, मुख्य स्थानों पर आउटडोर होर्डिंग्स और डिजिटल डिस्प्ले की स्थापना आदि कार्य लगातार किये जा रहे हैं।

विभिन्न डिजिटल पहल, विशेष रूप से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर, शुरू की गयी हैं। व्यापक आउटरीच, बड़े पैमाने पर विपणन और ब्रांडिंग के लिए कई अन्य पहलों की योजना बनयी जा रही है। हो-रे-सीए (होटल-रेस्टोरेंट-कैफे) में उपभोक्ता विशिष्ट विपणन अभियान और रणनीतिक पहल की योजना बनायी जा रही है। एक और महत्वपूर्ण कदम, जिसे प्राथमिकता दी जा रही है, वह है इस क्षेत्र के लिए मानकों, प्रमाणन, मान्यता और ट्रेसबिलिटी का पॉलिसी फ्रेमवर्क।

इस प्रकार पीएमएमएसवाइ एक निर्बाध आपूर्ति शृंखला और बिक्री बिंदुओं में बढ़त सुनिश्चित करके उत्पादकों और उपभोक्ताओं के बीच अंतर को पाटने के लिए एक मजबूत मार्केटिंग इकोसिस्टम और रणनीति तैयार करने की परिकल्पना करती है। परिणामस्वरूप यह दृष्टिकोण न केवल समग्र उद्योग के विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि जनसंख्या के स्वास्थ्य और पोषण पर भी सकारात्मक प्रभाव डालता है।

इसलिए भारत में मछली की खपत का महत्व खाने की थाली में मछली से कहीं अधिक है। बेहतर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से लेकर आर्थिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण तक मछली देश के समग्र कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जैसे-जैसे भारत प्रगति कर रहा है, मछली की खपत की महत्ता को पहचानना और उसकी क्षमता का उपयोग करना सभी के लिए एक स्वस्थ, अधिक समृद्ध भविष्य का द्वार खोलने की कुंजी होगी।

(लेखक केंद्रीय मत्स्यपालन और पशुपालन विभाग में संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मत्स्यपालन और प्रशासन) हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

नशा मुक्ति के बिना स्वस्थ समाज का निर्माण संभव नहीं : पुलिस उपाधीक्षक

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। शहर के भालुवासा में पुलिस जनता समन्वय समिति के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत अभियान चलाया गया। बुधवार को अभियान के दौरान का पुलिस उपाधीक्षक भोला प्रसाद सिंह शामिल हुए। मौके पर उन्होंने कहा नशा मुक्ति के बिना स्वस्थ समाज का निर्माण संभव नहीं है। नशा मुक्ति का अभियान चलाकर खासकर युवाओ में जागरूकता लाने से अभियान सफल होगा ऐसा विश्वास हैं। इससे आने वाली पीढ़ियों के लिए ये सुनिश्चित हो पाएगा हम कैसे समाज में जीना चाहते हैं। उन्होंने कहा नशा आज समाज के लिए कोढ़ बनती जा रही हैं। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हमारे युवा पीढ़ी और नौनिहाल बच्चे है। जो समाज के लिए चिंता का विषय हैं। समाज को जरूरत है इस संदर्भ में आगे बढ़कर संवाद करें। आज स्कूल जाने वाले बच्चे तक नशे का शिकार हो रहे हैं। हम ऐसी स्थिति में मुक दर्शक बनकर नहीं रह सकते। नागरिक पुलिस समन्वय के तहत नागरिक सुरक्षा समिति के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शिव पूजन सिंह ने की। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक भोला प्रसाद सिंह, सीताराम डेरा थाना प्रभारी अंजनी कुमार तिवारी, नगर के कई वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे। जंबो अखाड़ा के अध्यक्ष बंटी सिंह ने पुष्प गुच्छ एवं अंग वस्त्र देकर अपनी टीम के साथ सभी का अभिनंदन किया। कार्यक्रम के संयोजक डी डी त्रिपाठी ने कहा आज युवा पीढ़ी नशा के चुंगल में है जो हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है। हम अपने भविष्य को किस तरह देखना चाहते हैं।अवैध मादक द्रव्यों की बिक्री और सेवन ने इस शहर को उड़ते पंजाब की श्रेणी में ला खड़ा किया। जो समाज में बढ़ते अपराध और आत्महत्या जैसे चुनौतियों के कारक बन रहें है। हमें मिलकर संघर्ष करना होगा। शिवपूजन सिंह ने कहा हम उस मोड पर खड़े हैं जहां निर्णय में एक चुक पूरे तो समाज को बर्बाद कर देगा और हम हाथ मलने के सिवा कुछ नहीं कर पायेंगे। सच्चाई है जो बच्चे आज राष्ट्र के भविष्य हैं वही नशा के चूंगल में फंसते जा रहे।वैसे में उस देश का भविष्य क्या होगा यह चिंतन का विषय है। मौके पर रमेश कुंवर, रेणु सिंह , गौतम दूबे,मुन्ना चौबे श्रीनिवास तिवारी, चंदेश्वरी प्रसाद सिंह सहित काफी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित रहे।

ग्रेजुएट कॉलेज के हिंदी विभाग में मातृभाषा के महत्व विषय पर लेख का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर ग्रेजुएट कॉलेज के हिंदी विभाग में मातृभाषा के महत्व विषय पर लेख का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में सेमेस्टर 1, सेमेस्टर 2 और सेमेस्टर 5 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। हिन्दी विभाग के अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय ने बताया मातृभाषा भावनाओं को अभिव्यक्त करती है। सहज ओर सरल तरीके से व्यक्ति अपनी मातृभाषा में अपने को अभिव्यक्त कर सकता है। उन्होंने कहा मातृभाषा समाज को एकता के सुत्र में बांधे रखती है। इसके लिए हमें अपनी मातृभाषा को समृद्ध करने और विस्तारित करने का कार्य करना चाहिए । ताकि हमारे मातृभाषा के लोग अपनी बातों को बेहतर तरीके से रख सके। मौके पर श्रुति चौधरी ने मैथिली भाषा में गीत प्रस्तुत की वही सुनीता गिरी ने उड़िया भाषा में कविता सुनाई। काजल सिंह ने भोजपुरी भाषा में कजरी गायन किया तो संचिता ने बांग्ला भाषा में गीत प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन सेमेस्टर 1 की छात्रा साईका परवीन और धन्यवाद ज्ञापन श्रुति कुमारी ने की।

टाटा स्टील-यूआइएसएल ने मतदान के अधिकार और उसके महत्व की दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने जुस्को ग्रीन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में नागरिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने की दिशा में एक सक्रिय कदम उठाया गया। मौके पर डीसीएलआर गौतम कुमार, टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक ऋतु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सभी समुदाय को मतदान के अधिकार का प्रयोग करने और उनके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। वही एक टीम के द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के महत्व को उजागर करने के लिए जानकारीपूर्ण और मनोरंजक सामग्री के साथ दर्शकों को शामिल किया गया। मौके पर प्रतिभागियों को सामूहिक रूप से मतदान के लिए शपथ दिलाया गया। वही राष्ट्र के लोकतांत्रिक ढांचे में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। वरिष्ठ नेतृत्व टीम और जुस्को श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधियों ने जागरूक और जिम्मेदार मतदाता बनाने की दिशा में सहयोगात्मक प्रयास पर जोर दिया। प्रबंध निदेशक ऋतु राज सिन्हा ने कहा टाटा स्टील यूआईएसएल अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्ध है। समुदाय के कल्याण व सशक्तिकरण में योगदान देने वाली पहलों पर सक्रिय रूप से संलग्न है। टाटा स्टील यूआईएसएल के द्वारा जुस्को ग्रीन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम नागरिकों के बीच जुड़ाव और जागरूकता को बढ़ावा देने का एक प्रयास है।

बागुनहातु स्टेडियम में पहली बार तीन दिवसीय बाल मेला आगामी 23 फरवरी से

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। एंजेल स्टेप प्ले स्कूल और मॉर्निंग वॉक ग्रुप बागुनहातु जमशेदपुर के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 23 फरवरी से 25 फरवरी तक तीन दिवसीय बाल मेला का आयोजन बागुनहातु स्टेडियम में किया जायेगा। बुधवार को प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी कमिटी के सदस्यों ने दी। उन्होंने बताया मॉर्निंग वॉक ग्रुप के संरक्षक अनुभव सिन्हा के पिता के पुण्य स्मृति दिवस पर बस्तीवासियों और विभिन्न प्रतिनिधियों के सहयोग से मेला का आयोजन होगा। आगामी 23 फरवरी को जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय मेला का उद्घटान करेंगे। मौके पर सम्मानित अथितियों में संसद विद्युत वरण महतो, समाजसेवी तरुण डे,अमरप्रीत सिंह काले, राकेश्वर पांडे, डॉक्टर अंजना गुप्ता सहित अन्य गन्यमान्य लोग शामिल होंगे। मेला में हेल्थ चेकअप कैम्प, छात्राओं का फैंसी ड्रेस, क्विज, चित्रांकन, नशा मुक्ति अभियान के लिए नुक्कड़ नाटक, देशभक्ति गीत, नृत्य का आयोजन होगा। बच्चों के मनोरंजन में झूला व अन्य साधन की व्यवस्था की जायेगी। संरक्षक अनुभव सिन्हा ने बताया बाल मेला का आयोजन पहली बार बागुनहातु स्टेडियम में होगा। कार्यक्रम के माध्यम से बस्ती वासियों को वापस में मेलजोल,भाईचारा,प्रेम, सौहार्द और एकता के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

बीआरसी भवनाथपुर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

भवनाथपुर(आजाद सिपाही)। बीआरसी भवनाथपुर में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडल के द्वारा अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन बीपीओ रविंद्र मेहता शिक्षक उमेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीपीओ ने कहा कि आज विज्ञान का युग है। छात्र जीवन में वैज्ञानिक सोच, अभिरुचि, जागरूकता को विकसित करने में विज्ञान प्रदर्शनी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इससे छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों द्वारा वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, हाइड्रो पावर, हमारा हृदय सहित विज्ञान से जुड़ी कई रोचक प्रदर्शनी लगायी गयी। चयन समिति द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा को प्रथम, मध्य विद्यालय कैलन को द्वितीय जबकि कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवनाथपुर को तृतीय स्थाम के लिये चयनित करते हुए पुरस्कृत किया गया।

महंथ श्री रामचंद्र नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

कांडी(आजाद सिपाही)। प्रखंड के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत हाई स्कूल गरदाहा के खेल मैदान में 20 फरवरी की रात्रि में महंथ श्री रामचंद्र पूरी मेमोरियल नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी रजनीश कुमार दुबे उर्फ विकास दुबे और जिला पार्षद नेहा कुमारी ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच शिवरी व लमारी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए लमारी की टीम निर्धारित 16 ओवर में 97 रन बनाकर आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलने उतरी शिवरी की टीम ने निर्धारित ओवर के अंदर 98 रन बनाकर मैच जीत ली। टूर्नामेंट के विजेता को 21000 और उपविजेता को 11000 नगद राशि मिलेगा। मौके पर उप मुखिया अतीस सिंह, बीडीसी अभिनंदन शर्मा, जिप पार्षद प्रतिनिधि सुजीत कुमार रजक, राज सिंह, विश्रामपुर प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष रोहित कुमार तिवारी, शिव प्रसाद गुप्ता सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

जेजेएमपी नक्सलियों ने पुल निर्माण में लगे मजदूरों को पीटा

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। भंडरिया थाना क्षेत्र के कंजीया में हो रहे पुल निर्माण कार्य स्थल पर पहुंच जेजेएमपी नक्सली संगठन के सदस्यों ने मजदूर को पीटा। भंडरिया थाना क्षेत्र के कंजीया गांव स्थित सरस्वतीया नाला पर मुख्यमंत्री सेतु योजना के तहत मां कांट्रक्शन के द्वारा 3 करोड़ 50 लाख के लागत से पुल निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त स्थल पर मंगलवार की रात्री जेजेएमपी नक्सली संगठन के टुनेस उरांव के दस्ता के द्वारा पुल निर्माण कार्य में लगे पोकलेन मशीन को तोड़ फोड़ करते हुए कार्य में लगे आधा दर्जन मजदूर के साथ मार पीट करते हुए मजदूर के तीन मोबाइल समेत एक ग्लैमर बाईक को लुट कर अपने साथ ले गये। वहीं नक्सली संगठन के सदस्यों के द्वारा बिना मैनेज के पुल निर्माण कार्य नहीं करने के चेतावनी देते हुए पुल निर्माण कार्य नहीं करने का आदेश दिया है। भंडरिया थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में आधा दर्जन पुलिस कैंप रहने के बावजूद भी नक्सली संगठन के द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने को लेकर लोगों मे दहशत व्याप्त है लोगों में तरह-तरह की चर्चायें हो रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस प्रशासन के निष्क्रियता के कारण इस तरह की घटना घट रही है, इसके पहले भंडरिया इंदरा गांधी चौक पर पर्चा चिपकाकर भंडारिया में दहशत में था और आज फिर नक्सलियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। जानकारी मिलते ही भंडारिया पुलिस व सीआरपीएफ के द्वारा घटनास्थल पहुंचे अभियान तेज कर दिया गया है।

छह माह से ट्रांसफार्मर खराब, अंधेरे में रहने को विवश हैं ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

डंडई। प्रखंड के रारो गांव के पथलाही टोला में लगा ट्रांसफार्मर बिजली विभाग के घोर उदासीनता के कारण पिछले कई महीनो से जलकर खराब पड़ा हुआ है। जिससे टोले के ग्रामीण आज भी दीया व ढिबरी के सहारे रात गुजारने को विवश हैं। इस दौरान ग्रामीण संतोष यादव, रामाधार यादव, अजीत यादव, बबलू यादव, देवेंद्र यादव, विनय, राजनाथ, मनी, अखिलेश, बंशी यादव सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि रारो गांव के पथलाही टोला में लगा ट्रांसफार्मर पिछले कई महीनो से जलकर खराब पड़ा हुआ है। लेकिन बिजली विभाग के घोर लापरवाही के कारण खराब पड़े ट्रांसफार्मर को आज तक मरम्मत नहीं कराया गया। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत सब स्टेशन डंडई से ठगमनवा टोला से होकर 11 हजार का विद्युत तार गुजरी है। जिसमें 22 बिजली का पोल में केवल दो फेज का तार खींचा गया है। जिससे हमेशा ट्रांसफार्मर जलकर खराब होते रहता है। हम लोगों ने इसकी जानकारी कई बार विद्युत सब स्टेशन के कर्मियों को दिया था। इसके बाद भी उक्त पोल में तीन फेज का तार आज तक नहीं खींचा गया। जिस कारण ट्रांसफार्मर जलकर खराब पड़ा हुआ है। बिजली विभाग के कर्मियों के द्वारा बिजली बिल को लेकर क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलती है। इस दौरान कई लोगों पर बिजली चोरी का आरोप लगाकर जुमार्ना के साथ प्राथमिक के दर्ज कराया जाता है। वही ग्रामीणों ने बताया कि बगैर मीटर के बिजली बिल निकाल लोगों को परेशान किया जाता है। लेकिन विभाग को जानकारी देने के बाद भी खराब पड़े ट्रांसफार्मर को तत्परता से मरम्मत नहीं कराया जाता है।

पक्ष : मामले में बिजली विभाग के एसडीओ कामेश्वर ठाकुर ने कहा कि जांच पड़ताल कर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को अभिलंब लगाया जायेगा।

वृद्धावस्था पेंशन योजना शिविर में 101 आवेदन मिले

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर पंचायत सचिवालय भवन में बुधवार को मुख्यमंत्री राज्य बृद्धावस्था पेंशन योजना शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 101 आवेदन प्राप्त हुआ। ज्ञात हो कि झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री राज्य बृद्धावस्था पेंशन योजना अंतर्गत 50 से 60 वर्ष आयु वर्ग के सभी महिला, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति वर्ग के पुरूषों को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ देने के उद्देश्य से 20 से 22 फरवरी 2024 तक गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों के पंचायतों में विशेष कैंप का आयोजन किया गया है। जिसके आलोक में कंचनपुर पंचायत में भी विशेष कैंप लगाया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया प्रतिमा देवी, मुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर कुमार, पंचायत सचिव सुष्मिता कुमारी, उपमुखिया प्रतिनिधि चंद्रशेखर तिवारी, प्रज्ञा केंद्र संचालक श्रीराम ओझा, झामुमो पंचायत अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, वार्ड प्रतिनिधि सत्येंद्र कुमार रवि सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

सिलीदाग में पेंशन योजना शिविर का आयोजन

रमना (आजाद सिपाही)। रमना प्रखंड के सिलीदाग पंचायत सचिवालय में बुधवार को मुख्यमंत्री राज्य वृद्धापेंशन योजना का लाभ दिलाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखिया अनीता देवी ने कहा कि यह शिविर आज व कल गुरुवार को भी आयोजित किया जायेगा। जिसमे महिलाओं को वृद्धा पेंशन का उम्र सीमा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दिया गया है। इसके लिए लाभुक को आवेदन के साथ आधार कार्ड,पासबुक एवं पहचान पत्र का फोटो कॉपी और एक फोटो के साथ जमा करने की बात कही। बुधवार को कुल 141 आवेदन प्राप्त किया गया। मौके पर पंचायत सचिव राजवेंद्र सिंह, पंचायत रोजगार सेवक आलोक तिवारी, पंचायत स्वयंसेवक प्रदीप कुमार मेहता, वार्ड सदस्य प्रदीप, प्रभा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

चौखड़ी गांव में 100 केबी का नया ट्रांसफार्मर लगा

कांडी (आजाद सिपाही)। मझिआंव-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह बुधवार को कांडी प्रखंड अंतर्गत चौखड़ी गांव में 100 केबी के नये ट्रांसफार्मर से विजपयी आपूर्ति करायी। चौखडी गांव में 20 दिनों से 25 केबी का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। इस अवसर पर पतरिया पंचायत के उप मुखिया अर्जुन शर्मा, बाबू खान, राहुल दुबे, सुनीता देवी व मालती देवी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

गढ़वा की खबरें पेज नौ पर भी देखें

जिला परिवहन पदाधिकारी, का कार्यालय कोडरमा।

आवश्यक सूचना

जिला परिवहन कार्यालय, कोडरमा में निबंधित निम्न वाहनों के वाहन मालिकों द्वारा पथ कर का भुगतान नही किया जा रहा है। पथ कर भुगतान किये बिना वाहनों को परिचालन कानूनन अपराध है। लेखा परीक्षा के निरीक्षण महालेखाकार (लेखापरीक्षा), झारखण्ड का कार्यालय, राँची का आ० शा० पत्रांक–ए०एम०जी 111/**SOF**/परिवहन/2023–24/21 दिनांक–12.01.2024 द्वारा प्रतिवेदन मे निम्न वाहनों प्आपत्ति उठाई गई है। सूचि निम्न है।

अतः इस समाचार पत्र के माध्यम से निम्न वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि वे अपने वाहन सं० के सामने अंकित बकाया पथ कर राशि एवं अद्यतन राशि का भुगतान अविलंब ई–पेंमेट की माध्यम से सूचना प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर करते हुये एक प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा वसूली हेतु नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

S No	REG NO	CLASS	TAX PAID UPTO	revised rate period		revised rate Qtrs	old rates in r/o (k)		revised rates	new rate tax due	Penalty	Total
				from	to		qtrly RT	Qtrly ART				
1	JH12C0892	HGV	2/23/2021	24.02.21	23.08.23	10	3214	2333	5800	58000	116000	174000
2	JH12C1049	HGV	3/4/2021	05.03.21	04.09.23	10	2736	2048	5000	50000	100000	150000
3	JH12C1137	HGV	9/5/2021	06.09.21	05.09.23	8	3214	2333	5800	46400	92800	139200
4	JH12C1139	HGV	9/30/2021	01.10.21	30.09.23	8	1542	1356	3400	27200	54400	81600
5	JH12C1155	HGV	3/14/2021	15.03.21	14.09.23	10	3214	2333	5800	58000	116000	174000
6	JH12C1257	HGV	2/18/2022	19.02.22	18.08.23	6	4238	2943	7200	43200	86400	129600
7	JH12C1432	HGV	10/18/2022	19.10.22	18.10.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
8	JH12C1433	HGV	4/18/2022	19.04.22	18.10.23	6	2736	2048	5000	30000	60000	90000
9	JH12C1449	HGV	10/19/2022	20.10.22	19.10.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
10	JH12C1521	HGV	10/27/2022	28.10.22	27.10.23	4	2736	2048	5000	20000	40000	60000
11	JH12C1588	HGV	4/29/2021	30.04.21	29.10.23	10	2736	2048	5000	50000	100000	150000
12	JH12C1589	HGV	1/29/2022	30.01.22	29.10.23	7	3214	2333	5800	40600	81200	121800
13	JH12C1631	HGV	11/5/2022	06.11.22	05.11.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
14	JH12C1635	HGV	11/5/2022	06.11.22	05.11.23	4	2736	2048	5000	20000	40000	60000
15	JH12C1803	HGV	6/30/2021	01.07.21	30.09.23	9	2736	2048	5000	45000	90000	135000
16	JH12C1804	HGV	6/5/2022	06.06.22	05.09.23	5	3214	2333	5800	29000	58000	87000
17	JH12C1818	HGV	2/26/2022	27.02.22	26.08.23	6	3214	2333	5800	34800	69600	104400
18	JH12C1927	HGV	1/31/2021	01.02.21	31.10.23	11	3214	2333	5800	63800	127600	191400
19	JH12C1948	HGV	12/4/2021	05.12.21	04.09.23	7	3214	2333	5800	40600	81200	121800
20	JH12C1958	HGV	6/4/2021	05.06.21	04.09.23	9	3214	2333	5800	52200	104400	156600
21	JH12C1963	HGV	3/3/2022	04.03.22	03.09.23	6	2736	2048	5000	30000	60000	90000
22	JH12C2413	HGV	1/17/2022	18.01.22	17.10.23	7	3214	2333	5800	40600	81200	121800
23	JH12C2464	HGV	3/31/2021	01.04.21	30.09.23	10	2736	2048	5000	50000	100000	150000
24	JH12C2499	HGV	4/24/2022	25.04.22	24.10.23	6	3214	2333	5800	34800	69600	104400
25	JH12C2601	HGV	6/7/2022	08.06.22	07.09.23	5	3214	2333	5800	29000	58000	87000
26	JH12C2602	HGV	5/7/2021	08.05.21	07.11.23	10	2736	2048	5000	50000	100000	150000
27	JH12C2631	HGV	11/7/2022	08.11.22	07.11.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
28	JH12C2745	HGV	8/18/2022	19.08.22	18.08.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
29	JH12C2766	HGV	8/20/2021	21.08.21	20.08.23	8	2736	2048	5000	40000	80000	120000
30	JH12C2767	HGV	8/20/2021	21.08.21	20.08.23	8	2736	2048	5000	40000	80000	120000
31	JH12C2892	HGV	5/3/2022	04.05.22	03.11.23	6	2736	2048	5000	30000	60000	90000
32	JH12C2900	MGV	5/26/2021	27.05.21	26.08.23	9	962	990	2400	21600	43200	64800
33	JH12C2902	HGV	8/27/2022	28.08.22	27.08.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
34	JH12C3006	HGV	10/23/2022	24.10.22	23.10.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
35	JH12C3011	HGV	7/12/2022	13.07.22	12.10.23	5	3214	2333	5800	29000	58000	87000
36	JH12C3012	HGV	4/25/2022	26.04.22	25.10.23	6	2736	2048	5000	30000	60000	90000
37	JH12C3211	HGV	2/15/2022	16.02.22	15.11.23	7	2736	2048	5000	35000	70000	105000
38	JH12C3249	HGV	9/21/2022	22.09.22	21.09.23	4	2736	2048	5000	20000	40000	60000
39	JH12C3307	HGV	9/29/2021	30.09.21	29.09.23	8	2736	2048	5000	40000	80000	120000
40	JH12C3309	HGV	12/29/2020	30.12.20	29.09.23	11	2736	2048	5000	55000	110000	165000
41	JH12C3428	HGV	1/26/2021	27.01.21	26.10.23	11	2736	2048	5000	55000	110000	165000
42	JH12C3455	HGV	4/8/2022	09.04.22	08.10.23	6	3214	2333	5800	34800	69600	104400
43	JH12C3459	HGV	10/12/2022	13.10.22	12.10.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
44	JH12C3490	HGV	4/14/2022	15.04.22	14.10.23	6	4238	2943	7200	43200	86400	129600
45	JH12C3531	HGV	1/15/2022	16.01.22	15.10.23	7	3214	2333	5800	40600	81200	121800
46	JH12C3535	HGV	7/20/2021	21.07.21	20.10.23	9	2736	2048	5000	45000	90000	135000
47	JH12C3542	HGV	4/20/2022	21.04.22	20.10.23	6	3214	2333	5800	34800	69600	104400
48	JH12C3581	HGV	7/25/2022	26.07.22	25.10.23	5	3214	2333	5800	29000	58000	87000
49	JH12C3590	HGV	7/25/2021	26.07.21	25.10.23	9	2736	2048	5000	45000	90000	135000
50	JH12C3612	HGV	4/26/2022	27.04.22	26.10.23	6	2736	2048	5000	30000	60000	90000
51	JH12C3651	HGV	10/27/2022	28.10.22	27.10.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
52	JH12C3670	HGV	7/29/2022	30.07.22	29.10.23	5	3214	2333	5800	29000	58000	87000
53	JH12C3735	HGV	8/6/2022	07.08.22	06.11.23	5	3214	2333	5800	29000	58000	87000
54	JH12C3756	HGV	2/9/2021	10.02.21	09.11.23	11	2736	2048	5000	55000	110000	165000
55	JH12C3815	HGV	8/17/2022	18.08.22	17.11.23	5	2736	2048	5000	25000	50000	75000
56	JH12C3819	HGV	11/17/2021	18.11.21	17.11.23	8	2736	2048	5000	40000	80000	120000
57	JH12C3850	HGV	5/20/2022	21.05.22	20.08.23	5	2736	2048	5000	25000	50000	75000
58	JH12C3885	HGV	5/24/2022	25.05.22	24.08.23	5	2736	2048	5000	25000	50000	75000
59	JH12C3917	HGV	9/4/2022	05.09.22	04.09.23	4	2736	2048	5000	20000	40000	60000
60	JH12C3941	HGV	12/6/2021	07.12.21	06.09.23	7	2736	2048	5000	35000	70000	105000
61	JH12C4014	HGV	3/13/2022	14.03.22	13.09.23	6	2736	2048	5000	30000	60000	90000
62	JH12C4128	HGV	6/20/2021	21.06.21	20.09.23	9	3214	2333	5800	52200	104400	156600
63	JH12C4146	HGV	9/25/2021	26.09.21	25.09.23	8	3214	2333	5800	46400	92800	139200
64	JH12C4171	HGV	3/28/2022	29.03.22	28.09.23	6	3214	2333	5800	34800	69600	104400
65	JH12C4245	HGV	7/3/2021	04.07.21	03.10.23	9	2736	2048	5000	45000	90000	135000
66	JH12C4273	HGV	4/11/2022	12.04.22	11.10.23	6	3214	2333	5800	34800	69600	104400
67	JH12C4291	HGV	7/11/2022	12.07.22	11.10.23	5	2736	2048	5000	25000	50000	75000
68	JH12C4299	HGV	1/14/2021	15.01.21	14.10.23	11	3214	2333	5800	63800	127600	191400
69	JH12C4349	HGV	10/21/2022	22.10.22	21.10.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
70	JH12C4389	HGV	12/22/2020	23.12.20	22.09.23	11	3214	2333	5800	63800	127600	191400
71	JH12C4520	HGV	9/30/2021	01.10.21	30.09.23	8	2736	2048	5000	40000	80000	120000
72	JH12C4556	HGV	4/28/2022	29.04.22	28.10.23	6	2736	2048	5000	30000	60000	90000
73	JH12C4561	HGV	10/31/2022	01.11.22	31.10.23	4	2736	2048	5000	20000	40000	60000
74	JH12C4624	HGV	5/2/2021	03.05.21	02.11.23	10	2736	2048	5000	50000	100000	150000
75	JH12C4639	HGV	6/18/2021	19.06.21	18.09.23	9	2736	2048	5000	45000	90000	135000
76	JH12C4640	HGV	12/31/2020	01.01.21	30.09.23	11	1542	1356	3400	37400	74800	112200
77	JH12C4647	HGV	8/5/2022	06.08.22	05.11.23	5	3214	2333	5800	29000	58000	87000
78	JH12C4663	HGV	9/30/2022	01.10.22	30.09.23	4	1542	1356	3400	13600	27200	40800
79	JH12C4777	HGV	8/14/2022	15.08.22	14.11.23	5	2736	2048	5000	25000	50000	75000
80	JH12C4922	HGV	8/26/2022	27.08.22	26.08.23	4	2736	2048	5000	20000	40000	60000
81	JH12C4926	HGV	3/2/2022	03.03.22	02.09.23	6	2736	2048	5000	30000	60000	90000
82	JH12C4929	HGV	9/2/2021	03.09.21	02.09.23	8	3214	2333	5800	46400	92800	139200
83	JH12C5055	HGV	6/7/2022	08.06.22	07.09.23	5	2736	2048	5000	25000	50000	75000
84	JH12C5131	HGV	3/12/2021	13.03.21	12.09.23	10	2736	2048	5000	50000	100000	150000
85	JH12C5439	HGV	7/5/2022	06.07.22	05.10.23	5	3214	2333	5800	29000	58000	87000
86	JH12C5530	HGV	10/12/2022	13.10.22	12.10.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
87	JH12C5745	HGV	10/23/2022	24.10.22	23.10.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
88	JH12C5855	HGV	5/5/2022	06.05.22	05.11.23	6	3214	2333	5800	34800	69600	104400
89	JH12C5938	HGV	11/16/2022	17.11.22	16.11.23	4	2736	2048	5000	20000	40000	60000
90	JH12C5940	HGV	8/16/2022	17.08.22	16.11.23	5	2736	2048	5000	25000	50000	75000
91	JH12C6780	HGV	3/2/2022	03.03.22	02.09.23	6	2736	2048	5000	30000	60000	90000
92	JH12C7011	HGV	12/31/2021	01.01.22	30.09.23	7	4238	2943	7200	50400	100800	151200
93	JH12C7144	HGV	10/13/2022	14.10.22	13.10.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
94	JH12C7220	HGV	3/31/2021	01.04.21	30.09.23	10	3214	2333	5800	58000	116000	174000
95	JH12C7226	HGV	11/3/2022	04.11.22	03.11.23	4	3214	2333	5800	23200	46400	69600
96	JH12C7630	HGV	10/12/2021	13.10.21	12.10.23	8	3214	2333	5800	46400	92800	139200
97	JH12C7678	HGV	6/12/2021	13.06.21	12.09.23	9	4238	2943	7200	64800	129600	194400
98	JH12C7818	HGV	6/21/2022	22.06.22	21.09.23	5	2736	2048	5000	25000	50000	75000
99	JH12C8056	HGV	1/22/2021	23.01.21	22.10.23	11	2736	2048	5000	55000	110000	165000
100	JH12C8112	HGV	5/6/2022	07.05.22	06.11.23	6	3214	2333	5800	34800	69600	104400
101	JH12C8306	HGV	2/2/2021	03.02.21	02.11.23	11	4238	2943	7200	79200	158400	237600
102	JH12C8315	HGV	2/2/2022	03.02.22	02.11.23	7	2736	2048	5000	35000	70000	105000
103	JH12C8470	HGV	5/18/2021	19.05.21	18.08.23	9	3555	2536	6200	55800	111600	167400
104	JH12C8721	HGV	4/15/2022	16.04.22	15.10.23	6	3214	2333	5800	34800	69600	104400
105	JH12C8788	HGV	3/13/2022	14.03.22	13.09.23	6	4238	2943	7200	43200	86400	129600
106	JH12C8795	HGV	6/13/2021	14.06.21	13.09.23	9	4238	2943	7200	64800	129600	194400
107	JH12C8796	HGV	3/13/2021	14.03.21	13.09.23	10	4238	2943	7200	72000	144000	216000
108	JH12C8798	HGV	12/13/2021	14.12.21	13.09.23	7	4238	2943	7200	50400	100800	151200
109	JH12C8931	HGV	3/22/2022	23.03.22	22.09.23	6	4238	2943	7200	43200	86400	129600
110	JH12C9235	HGV	4/2/2021	03.04.21	02.10.23	10	4238	2943	7200	72000	144000	216000
111	JH12C9312	HGV	4/17/2021	18.04.21	17.10.23	10	4238	2943	7200	72000	144000	216000
112	JH12C9658	HGV	8/18/2022	19.08.22	18.08.23	4	2736	2048	5000	20000	40000	60000
113	JH12C9674	LGV	11/8/2022	09.11.22	08.11.23	4	235	380	1000	4000	8000	12000
114	JH12C9760	HGV	6/23/2022	24.06.22	23.09.23	5	3214	2333	5800	29000	58000	87000
115	JH12C9994	HGV	9/2/2021	03.09.21	02.09.23	8	4238	2943	7200	57600	115200	172800
116	JH12D0110	LGV	9/8/2022	09.09.22	08.09.23	4	235	380	1000	4000	8000	12000
117	JH12D0276	HGV	9/11/2022	12.09.22	11.09.23	4	2736	2048	5000	20000	40000	60000
118	JH12D0460	MGV	12/29/2020	30.12.20	29.09.23	11	403	712	1600	17600	35200	52800
119	JH12D0707	HGV	4/10/2022	11.04.22	10.10.23	6	3214	2333	5800	34800	69600	104400
120	JH12D0711	HGV	4/26/2022	27.04.22	26.10.23	6	4238	2943	7200	43200	86400	129600
121	JH12D0788	HGV	11/4/2022	05.11.22	04.11.23	4	4238	2943	7200	28800	57600	86400
122	JH12D0951	HGV	5/12/2021	13.05.21	12.11.23	10	3555	2536	6200	62000	124000	186000
123	JH12D1457	LGV	3/14/2022	15.03.22	14.09.23	6	390	624	1600	9600	19200	28800
124	JH12D1995	HGV	10/6/2021	07.10.21	06.10.23	8	4238	2943	7200	57600	115200	172800
125	JH12D2061	HGV	9/12/2021	13.09.21	12.09.23	8	4238	2943	7200	57600	115200	172800
126	JH12D2446	HGV	8/9/2022	10.08.22	09.11.23	5	3555	2536	6200	31000	62000	93000
127	JH12D2470	HGV	11/15/2021	16.11.21	15.11.23	8	4238	2943	7200	57600	115200	172800
128	JH12D2643	HGV	3/2/2022	03.03.22	02.09.23	6	4238	2943	7200	43200	86400	129600
129	JH12D3204	HGV	9/28/2021	29.09.21	28.09.23	8	4238	2943	7200	57600	115200	172800
130	JH12D3260	HGV	9/30/2021	01.10.21	30.09.23	8	3555	2536	6200	49600	99200	148800
131	JH12D3275	HGV	4/9/2022	10.04.22	09.10.23	6	4238	2943	7200	43200	86400	129600
132	JH12D3351	HGV	4/9/2021	10.04.21	09.10.23	10	3555	2536	6200	62000	124000	186000
133	JH12D3396	HGV	4/14/2021	15.04.21	14.10.23	10	3555	2536	6200	62000	124000	186000
134	JH12D3398	HGV	4/17/2022	18.04.22	17.10.23	6	4238	2943	7200	43200	86400	129600
135	JH12D3556	HGV	4/23/2022	24.04.22	23.10.23	6	3555	2536	6200	37200	74400	111600
136	JH12D3565	HGV	8/24/2021	25.08.21	24.08.23	8	4238	2943	7200	57600	115200	172800
137	JH12D3775	HGV	2/10/2022	11.02.22	10.11.23	7	4238	2943	7200	50400	100800	151200
138	JH12D3786	HGV	8/10/2022	11.08.22	10.11.23	5	4238	2943	7200	36000	72000	108000
139	JH12D3813	HGV	8/18/2021	19.08.21	18.08.23	8	4238	2943	7200	57600	115200	172800
140	JH12D4304	HGV	6/23/2021	24.06.21	23.09.23	9	2736	2048	5000	45000	90000	135000
141	JH12D4425	HGV	10/1/2022	02.10.22	01.10.23	4	4238	2943	7200	28800	57600	86400
142	JH12D4633	HGV	1/9/2022	10.01.22	09.10.23	7	4238	2943	7200	50400	100800	151200
143	JH12D5220	HGV	8/12/2022	13.08.22	12.11.23	5	1542	1356	3400	17000	34000	51000
144	JH12D5437	HGV	5/24/2021	25.05.21	24.08.23	9	4238	3153	7200	64800	129600	194400
145	JH12D6289	HGV	1/11/2021	12.01.21	11.10.23	11	4238	3153	7200	79200	158400	237600
146	JH12D7499	MGV	9/22/2021	23.09.21	22.09.23	8	403	712	1600	12800	25600	38400
147	JH12D7503	HGV	6/22/2021	23.06.21	22.09.23	9	2736	2194	5000	45000	90000	135000
148	JH12D7910	HGV	10/16/2022	17.10.22	16.10.23	4	3555	2536	6200	24800	49600	74400
149	JH12D8370	HGV	11/5/2021	06.11.21	05.11.23	8	4238	3153	7200	57600	115200	172800
150	JH12D8551	HGV	8/12/2021	13.08.21	12.11.23	9	4238	3153	7200	64800	129600	194400

PR 319876 Transport(23-24)D

जिला परिवहन पदाधिकारी,कोडरमा।

जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला आयोजित

756 युवाओं ने कराया पंजीकरण

शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही सरकार : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड के निर्देश पर पलाश (जेएसएलपीएस), लोहरदगा द्वारा नगर भवन, लोहरदगा में जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला -2024 का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर एसपी ने कहा कि झारखण्ड में राज्य सरकार ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य की दिशा में काम के साथ-साथ रोजगार की दिशा में भी बेहतर कार्य किया है। आज के कार्यक्रम में युवाओं की इतनी संख्या से पता चलता है कि जेएसएलपीएस की टीम ने जिला में इस कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु बेहतर कार्य किया है। युवाओं के कॅरियर को नई दिशा देने के लिए यह एक बेहतर कदम है। इस मेला में लड़कियों की संख्या अधिक होना बेहतर है। एक महिला को रोजगार मिलता है तो उससे पूरे परिवार को लाभ मिलता है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अगर किसी को बाहर किसी राज्य में जाकर रोजगार करने में भय लगता है या वहां किसी प्रकार की परेशानी होती है तो जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह आपके साथ है।

जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनिता केरकेट्टा ने कहा कि कौशल विकास के तहत परिवार के एक सदस्य को कुशल बनाकर रोजगार से जोड़े जाने का कार्य किया जा रहा है।

बाल संरक्षण पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि बच्चों व महिलाओं के अधिकारों के लिए कई स्पॉन्सरशिप योजनाएं चलाई जा रही हैं। बच्चों को किसी प्रकार उसके अधिकारों से वंचित किया जा रहा है तो टॉल फ्री नम्बर 112 और महिलाओं से संबंधित मामलों के लिए टॉल फ्री नम्बर 181 पर कॉल किया जा सकता है। बच्चों के मामले में बाल कल्याण समिति सुनवाई करती है। क्रिएटिव इंजीनियर के एचआर एन मुखर्जी और आईएसएस कोलकाता के प्रबंधक अमिताभ दास ने भी युवाओं को रोजगार संबंधित विषयों के बारे में जानकारी दी। जिला स्तरीय रोजगार सृजन कार्यक्रम में 756 युवाओं ने अपना पंजीकरण करवाया , जिसमें 250 युवाओं का विभिन्न पदों हेतु चयन भी किया गया।, इन ग्रामीण युवाओं को रोजगार देने हेतु 19 इम्प्लॉयर ने रोजगार मेले में हिस्सा लिया। इन सभी इम्पलॉयर के द्वारा चयनित युवाओं में से सांकेतिक रूप से 5 लोगों को पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के द्वारा जॉब ऑफर लेटर भी दिया गया। तथा रोजगार सृजन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जेआरपी कैडर और बीपीएम को भी सम्मानित किया गया।

कुडू मुख्य बाजार गेट पर बना जानलेवा गड्ढा

आजाद सिपाही संवाददाता

कुडू / लोहरदगा । एनएच 143 ए कुडू लोहरदगा मुख्य मार्ग में इंदिरा गांधी चौक के नजदीक साप्ताहिक बाजार के मुख्य गेट के सामने पूरे सड़क पर बने जानलेवा गड्ढे इन दिनों राहगीरों के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है। इन गड्ढो में हर समय नाली का गंदा पानी हर भरा रहता है। जिसका दुर्गन्ध से आस-पास के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। किसी भी चौपहिया वाहन के इस रोड से गुजरने पर गंदा पानी का छिड़काव आम लोगो पर होते रहता है। इस गड्ढे में आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।

ज्ञात हो कि कुडू-लोहरदगा रोड निर्माण योजना के तहत कुडू में बन रहे रोड और नाली निर्माण कार्य भी इंदिरा गांधी चौक से लगभग एक सौ फीट पहले तक करके पिछले लगभग छह माह से संवेदक बंद कर दिया है। अधूरा रोड व नाली निर्माण के कारण हलका बारिश होने पर कुडू का मुख्य बाजार की स्थिति काफी नारकीय हो जाता है। ज्ञात हो कि इस सड़क से आए दिन विधायक, मंत्री व बड़े प्रशासनिक अधिकारियों का इस रोड से इस जानलेवा गड्ढे को पार कर गुजरते रहते है। लेकिन अभी तक इस ओर किसी ने भी ध्यान इस पर नहीं दिया है। अगर समय रहते जल्द इस गड्ढे को नही भरा गया तो कभी भी गंभीर दुर्घटना के साथ रोड में नाली का गंदा पानी के कारण गंभीर बीमारी फैलने से इंकार नही किया जा सकता है।

अपराध पर नकेल कसना मेरी प्राथमिकता होगी: अरविंद कुमार सिंह

भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के भंडरा थाना प्रभारी में नव पदस्थापित थाना प्रभारी अरबिन्द कुमार सिंह ने अपना कार्यभार सम्भाल लिया है। यहां पर भंडरा थाना के नव पदस्थापित थाना प्रभारी ने अपना पदभार निवर्तमान थाना प्रभारी गौतम से लिया। इधर मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए नव पदस्थापित थाना प्रभारी अरबिन्द कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अपराध और उग्रवाद पर नकेल कसना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। नव पदस्थापित थाना प्रभारी अरबिन्द कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करना और गंगा जमुनी तहजीब को बढ़ावा देना मेरी प्राथमिकताओं में शुमार होगा। इधर निवर्तमान थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि भंडरा थाना में बिताया हुआ पल काफी सुखद अहसास दिलाया। उन्होंने कहा कि भंडरा थाना क्षेत्र के लोगों से शुरू से ही काफी स्नेह प्यार मिला। जिससे क्षेत्र में काम करने में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हुआ। मौके जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी, जिला युवा सचिव मंसूर अंसारी, भंडरा अंजुमन सदर शाहिद अंसारी, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष जुल्फान अंसारी, मजबुल्लाह खान तैयब खान और मीडिया कर्मी मौजूद थे भंडरा थाना के अन्य पुलिसकर्मी व जवान मौजूद रहे।

वृद्धावस्था पेंशन योजना के प्रचार के लिए जागरूकता रथ रवाना

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। राज्य योजनांतर्गत संचालित मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के जीवन स्तर को सुदृढ़ करने हेतु राज्य सरकार ने 50-60 वर्ष के महिलाओं (सभी वर्ग) और पुरूषों (सिर्फ एसटी वर्ग) को पेंशन योजना का लाभ दिये जाने का निर्णय लिया है। आज इस योजना का प्रचार-प्रसार प्रखण्डों के पंचायत स्तर तक कराने के लिए जिला मुख्यालय से दो जागरूकता रथों को अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा और अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा हरी झण्डी दिखा कर प्रखण्डों के लिए रवाना किया गया। रथों द्वारा सभी 66 पंचायतों में अगले तीन दिनों तक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मौके पर सामाजिक सुरक्षा कोषांग के कर्मीगण उपस्थित थे।

सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए नामांकन शुरू

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिला में अवस्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस नदिया हिंदू लोहरदगा में कक्षा छह और नौ में सत्र 2024-25 के लिए नामांकन फार्म 19 फरवरी 2024 से उपलब्ध हैं। नामांकन फार्म भर कर जमा करने की अंतिम तिथि 03 मार्च 2024 है। प्रवेश परीक्षा 11 मार्च 2024 को होगी। नामांकन फार्म स्कूल के वेबसाईट "https://govtnadi-ahinuschool. com/ पर भी उपलब्ध है। केजीबीवी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा में कक्षा छह में सत्र 2024-25 के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ है। नामांकन फार्म 19 फरवरी 2024 से उपलब्ध हैं। नामांकन फार्म भर कर जमा करने की अंतिम तिथि 03 मार्च 2024 है। प्रवेश परीक्षा 11 मार्च 2024 को होगी। कस्तूरबा सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस लोहरदगा में भी नामांकन प्रकिया कक्षा छह से 11वीं तक के लिए प्रारंभ है। नामांकन फार्म 19 फरवरी 2024 से उपलब्ध हैं। नामांकन फार्म भर कर जमा करने की अंतिम तिथि 03 मार्च 2024 है। प्रवेश परीक्षा 11 मार्च 2024 को होगी।

अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

लोहरदगा। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर राजकीय कृत मध्य विद्यालय नवाड़ीपाड़ा के प्रार्थना सभा में कुडुख भाषा में प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोहरदगा जिला के ख्याति प्राप्त कलाकार धनेश लोहरा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। धनेश लोहरा को अभी हाल ही में नागपुरी भाषा के लोकगीत आधारित कार्यक्रम 'भारत का अमृत कलश' में झारखंड राज्य के विजेता के रूप में अमृत कलश प्रदान किया गया है। 'भारत का अमृत कलश' कार्यक्रम डीडी नेशनल में आगामी 24 फरवरी से संध्या 7:00 बजे शनिवार एवं रविवार को प्रसारित किया जाना है। प्रधानाध्यापक अरूण राम ने कहा कि यूनेस्को द्वारा प्रतिवर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य विश्व में भाषाओं एवं सांस्कृतिक विविधता और बहूभाषिता को बढ़ावा देना है। बच्चों को अपनी मातृभाषा के प्रति सम्मान प्रेम और गर्व की भावना उत्पन्न करना चाहिए। इससे समाज में समरसता एवं भाईचारा का विकास होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक अरुण राम, राहुल कुमार, अजय कुमार, नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, माता समिति के सदस्य सुमन देवी, पुष्पा देवी, संगीता देवी, किरण देवी उपस्थित थे।

सनातन धर्म की रक्षा के लिए विहिप तैयार : महेंद्र महतो

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान के अंतर्गत विश्व हिंदू परिषद के लोहरदगा नगर अध्यक्ष महेंद्र महतो के अध्यक्षता में धर्म रक्षा निधि अभियान शुरू किया गया। बजरंग दल के संयोजक सचिन साहू और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता इस अभियान में लगे हुए हैं। निधि समर्पण कार्यक्रम का उद्देश्य विश्व हिंदू परिषद के पूर्ण कालिक सदस्यों को सहयोग करना और हिंदू धर्म की रक्षा करना विश्व हिंदू परिषद का कार्य है इसके लिए निधि समर्पण अभियान किया जा रहा है। मौके पर जागेश्वर साहू और रामभक्त शामिल थे।

ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मिलेगा मुआवजा : सुखदेव भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

कैरो/ लोहरदगा। कैरो प्रखंड के ग्राम गितिलगढ़ के ओलावृष्टि से प्रभावित किसान बुधवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सह लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस के प्रभारी सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर ओलावृष्टि से नुकसान हुए फसलों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग किए। किसानों ने श्री भगत को बताया कि गितिलगढ़ में ओलावृष्टि से सैकड़ो एकड़ में लगे मटर, गोभी, आलू, गेहूं, प्याज इत्यादि अनेक फसल बुरी तरह से नष्ट हो गया है ।इससे सैकड़ो किसानों को भारी नुकसान हुआ है। बहुत से किसान कर्ज लेकर फसल लगाए थे। फसलों का नुकसान होने से किसान काफी चिंतित है उनका परिवार चलाना मुश्किल हो जाएगा। मौके पर किसानों को संबोधित करते हुए सुखदेव भगत ने कहा कि किसानों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। इसके लिए वे विधानसभा सत्र के दौरान आपदा विभाग के मंत्री से मिलकर किसानों को समुचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे । श्री भगत मौके पर से ही कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला आपदा विभाग के पदाधिकारी से वार्ता कर ओलावृष्टि से हुए किसानों के फसलों का क्षतिपूरक रिपोर्ट शीट तैयार कर मुआवजा देने की प्रक्रिया प्रारंभ करें। श्री भगत ने कहा कि झारखंड सरकार एक संवेदनशील सरकार है यह सरकार किसानों को समुचित मुआवजा देगी। मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार साहू, कामेश्वर टाना भगत, मंटू भगत, एतवा उरांव, कंदो उरांव, रोजवा उरांव, हवऊ उरांव, दिनिया उरांव, लच्छू उरांव, टेटे उरांव, करमदयाल उरांव, शंकर उरांव, प्रणय उरांव सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

पीएम आवास के लाभुकों के साथ मनरेगा के पैसे में भी किया जा रहा गोलमाल

आजाद सिपाही संवाददाता

मनिका/ लातेहार। मनिका नामुदाग पंचायत के नामुदाग गांव में पीएम आवास के मनरेगा योजना की पैसे का फर्जी तरह से निकासी करने का एक नया मामला उभर कर सामने आ रहा है। वहीं पीएम आवास की लाभुक सुधा देवी नामुदाग निवासी बताती है कि उसके आवास का काम अधूरा ही पड़ा हुआ है लेकिन स्वयं सेवक नागेंद्र यादव के द्वारा मनरेगा योजना की सारी राशि निकाल ली गई है और मुझे केवल 11,500 दिए गए जिसमें से 3000 नगद और 8000 बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। इसके बाद स्वयंसेवक नागेंद्र यादव का कहना है कि अब नियम बदल गया है अब पैसा नहीं मिलेगा। वहीं पीएम आवास के लाभुक पंकज मिस्त्री नामुदाग निवासी बताते हैं कि उन्हें भी मनरेगा योजना की राशि मात्र 12000 ही मिले हैं। यह भी बताया कि रोहित मिस्त्री और पिंकी देवी के खाते में भी मजदूरी की राशि का भुगतान किया गया है लेकिन उन्होंने काम नहीं किया है।

इसी मामले से संबंधित जानकारी देते हुए प्रीति देवी ने बताया कि स्वयंसेवक नागेंद्र यादव के द्वारा किसी और का मनरेगा योजना का 5 हजार रूपए मेरे पति रोहित मिस्त्री के खाते में डाला गया था पैसे निकाल कर नागेंद्र यादव को दे दी थी लेकिन मामले को बिगड़ता देख नागेंद्र यादव पैसे वापस कर दिया और मुझे ही लाभुक को पैसा देने को बोला है। बता दें की नामुदाग पंचायत निवासी स्वयंसेवक नागेंद्र यादव वर्तमान उप प्रमुख कांति देवी का देवर व पूर्व उप प्रमुख उमेश यादव का भाई है और उसके द्वारा ऐसे कई पीएम आवास के लाभुकों का मनरेगा का पैसा फर्जी मजदूरों के खाते में भेजा जाता है। स्वयंसेवक नागेंद्र यादव के द्वारा ऐसे कई पीएम आवास के लाभुकों के साथ झोल-झाल किया गया है।

आजीविका बढ़ाने के लिए पशुपालन करें : गरिमा सिंह

मुकेश कुमार सिंह

लातेहार। लातेहार कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग गव्य प्रक्षेत्र द्वारा लातेहार पशुपालन विभाग के कार्यालय परिसर में एक दिवसीय जिला स्तरीय पशु मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त महोदया द्वारा पशुपालन विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण हितग्राही मूलक योजनाओं, टीकाकरण की महत्ता तथा पशुधन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आजीविका के लिए उन्नत पशुपालन अपनाने तथा विभाग में संचालित योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गयी।

जिला पशुपालन विभाग में पदस्थापित पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों को पशुओं के विभिन्न बीमारी के संबंध में जानकारी दी। वहीं बीमारी के इलाज व दवा के विषय में भी पशुपालकों को बताया गया। आयोजित प्रदर्शनी में उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी लगायी गयी तथा स्टाल लगाकर पशुपालकों को पशु को पोषक तत्वों, पाचन क्रिया, बीमारी आदि से संबंधित दवा एवं पोषक तत्वों के विषय में जानकारी दी गयी।

इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ कुमार चौरसिया, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, विधि शाखा प्रभारी सुजीत सिंह, अन्य जनप्रतिनिधि एवं पशुपालन विभाग के आधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

ग्राहक सेवा केंद्र का जिप सदस्य ने किया उद्घाटन

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बुधवार को प्रखंड मुख्यालय के बाजार स्थित फैयाज अहमद मार्केट कांप्लेक्स में संचालित वन स्टॉप सॉल्यूशन के नए प्रतिष्ठान ग्राहक सेवा केंद्र की शुरूआत की गयी। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिषद की सदस्य सन्तोषी शेखर के साथ एसबीआइ के शाखा प्रबंधक संदीप केरकेटा, सीएससी मैनेजर अमित कुमार मुखिया जितेंद्र सिंह स्टेट बैंकिंग मैनेजर इंद्रजीत और हाजी मो0 नासिर खान के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया । ग्राहक सेवा केंद्र के उद्घाटन के बाद जिला परिषद सदस्य ने कहा की ग्राहक सेवा केंद्र के खोले जाने से आम लोगों को बैंकों की सभी सुविधाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा साथ ही सभी समस्याओं का हाल एक केंद्र के जरिए हो जाएगा सरकार की योजना काफी सार्थक साबित हो रही है । वही सीएससी डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित कुमार ने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र के खोले जाने का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को बैंकिंग की सभी सुविधाओं का लाभ आसानी से मिले साथ ही साथ ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से बैंक से जुड़ी सभी सुविधाओं और योजनाओं के प्रति भी जागरूक करना मुख्य कार्य है।

हेमंत सोरेन के समर्थन में निकला न्याय मार्च

आजाद सिपाही संवाददाता

बारियातू। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सह झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु के नेतृत्व में पार्टी के सैकड़ों कार्यकताओं ने बुधवार को न्याय मार्च निकाला। न्याय मार्च बरनी ग्राम के अखड़ा से प्रारंभ होकर पुरे गाँव टोला का भ्रमण करते हुए मुख्य सड़क एनएच 22 स्थित यादव फ्यूल तक गया। न्याय यात्रा में शामिल कार्यकताओं ने जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा, हेमंत तु न घबराना तेरे पीछे है सारा जमाना, केंद्र सरकार होश में आओ, केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग बंद करो, ईडी तेरी मनमानी नहीं चलेगी, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, झामुमो एकता जिंदाबाद सहित कई नारे लगा रहे थे। वहीं कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बीस सुत्री अध्यक्ष गंझु ने कहा कि केंद्र सरकार के तानाशाही रवैया के कारण हम सबों के नेता हेमंत सोरेन को झारखंड के अस्मिता बचाये रखने के लिए जेल जाना पड़ा। हमारा संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक हेमंत सोरेन जेल से बाहर नहीं आ जाते। झारखंड हूल की धरती है। मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष भुनेश्वर यादव, सचिव अनिल तुरी, संगठन सचिव मंगर गंझु, युवा अध्यक्ष विश्वनाथ गंझु, युवा उपाध्यक्ष अनिल यादव, रवि यादव, मोहन गंझु, राजेश गंझु, युवा सदस्य राजदेव उरांव, सहित काफी संख्या कार्यकर्ता शामिल थे।

कर्मयोगी वीएलइ की कार्यशाला आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

बरवाडीह। बरवाडीह प्रखण्ड मुख्यालय के समीप सीएलएफ ऑफिस सभागार में सीएससी का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीएससी के अंतर्गत आने वाले सेवाओ को बेहतर तरीके से कार्य को अपने काम के प्रति कैसे जागरूक कर अपने आय को कैसे बढ़ाएं।साथ ही ग्राहकों का भरोसा कैसे जीतें इसके बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं प्रशिक्षण दे रहे प्रशिक्षक इंद्रजीत ने द्वारा बताया कि सीएससी संचालक खुद पे भरोसा रख कर अपने कार्य क्षेत्र में सीएससी के द्वारा उपलब्ध सेवाओं को सुदूरवर्ती क्षेत्रों के ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं कैसे प्रदान करें इस पर सुझाव दिया गया।इस दौरान सीएससी जिला प्रबंधक अमित कुमार,सोएब अख्तर,पवन कुमार उपस्थित थे।

'छात्रों के अंदर छिपी है प्रतिभा उसे निखारने की आवश्कता'

आजाद सिपाही संवाददाता

चंदवा। चंदवा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा कविता और चित्रांकन प्रतियोगिता में डूमारो पंचायत के विद्यालय निंद्रा और डूमारो के बच्चों ने अपना परचम लहराया और पंचायत/संकुल का नाम रोशन किया। ये बात सुनते ही डूमारो मुखिया सुनीता खलखो बच्चों को उत्साह वर्धन हेतु उड्डमध्य विद्यालय डूमारो और स्त्रोनत उच्च विद्यालय निंद्रा पहुंची। बताते चले कि कक्षा 3-8 में कविता वाचन में कक्षा 5 का विनय खरवार दूसरा स्थान एवं कक्षा 9-12 में कविता वाचन में कक्षा 9 की छात्रा माही कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मुखिया ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को धन्यवाद देते हुए कहा की इस तरह के आयोजन से बच्चो के अंदर छिपी हुई प्रतिभा निखरती है। बच्चों के अंदर प्रतिभा कूट कूट कर भरी है बस इनके अंदर से डर भय को हटाने की जरूरत है। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोहर यादव विद्यालय के प्रधानाध्यक शमशेर आलम, रेणु कुमारी, विमला पन्ना, विभा किशोरी, अनिल कुमार, कौशल किशोर मौजूद रहे।

बहन की शादी की तैयारी में जुटे युवक की हुई हत्या

अपराधियों ने लाठी डंडे से पीट पीट कर युवक की कर दी हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सदर थाना क्षेत्र के सारु डैम के समीप अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की हत्या कर दी। अनुमान लगाया जा रहा है कि लाठी डंडे व पत्थर से कूच कर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय दीपक उरांव के रुप मे हुई है। घटना मंगलवार देर रात की है। मृतक रायडीह थाना क्षेत्र के परसा गांव का रहने वाला था। घटना की सूचना के बाद एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक दीपक उरांव की चचेरी बहन का सारु गांव में शादी समारोह है। परिवार के लोग बरात के स्वागत की अंतिम तैयारी में जुटे थे। वहीं मंगलवार की रात करीब 11:30 बजे दीपक शादी घर से बाइक लेकर शराब लाने की बात कह कर घर से निकला। इसके बाद वापस घर नहीं लौटा। बुधवार की सुबह लोगों ने सारु डैम के समीप दीपक का शव देखा। बांस के लाठी से पीटने के उपरांत पत्थर से कुच कर उसकी हत्या कर दी गयी थी। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पहुंचे। इसके बाद पुलिस पहुंची। लोगों ने पुलिस को बताया चार दिन पूर्व किसी बात को लेकर सारू गांव के कुछ युवकों से दीपक का विवाद हो गया था। पुलिस अपराधियों की तलाश में जुट गयी है। मृतक विवाहित था और उसके दो बच्चे भी हैं। दीपक का चचेरा भाई सुशील उरांव ने कहा बहन की शादी को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। इसके बाद बारात आई और शादी भी हो गया। वहीं मृतक का अंतिम संस्कार भी किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने देश और लोकतंत्र को बचा लिया : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झामुमो ने सुप्रीम कोर्ट के दो अहम निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि अब भाजपा का नया नामकरण हुआ है। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल लोकतंत्र को बचाने का काम नहीं किया, बल्कि भाजपा के लोकतंत्र और तानाशाही रवैया का पर्दाफाश कर दिया है। चंढ़ीगड़ मेयर चुनाव एक छोटा चुनाव नहीं था। यह चुनाव एनडीए के खिलाफ पहला दो अहम विपक्षी दलों का ज्वाइंट इलेक्शन था। जिसे भाजपा ने बैलेट की चोरी के जरिए अनैतिक तरीके से जीतने का प्रयास किया था। इस अनैतिक काम में भाजपा मुख्य रूप से अहम भूमिका में थी, वहीं मसीह नहीं मोदी पर्दे के पीछे से थे। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भाजपा का अब नया

नाम घूसखोर-बैलेट चोर हो गया है। उक्त बातें पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहीं।

इलेक्शन कमीशन के समक्ष कई सवाल, जिसे उसे स्पष्ट करनी चाहिए : भट्टाचार्य ने इलेक्ट्रोल बांड पर इलेक्शन कमीशन और इडी की नीयत पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इन्हें यह बताना चाहिए कि काले धन के जरिए भाजपा के खाते में आये 6500 करोड़ रुपये पर इलेक्शन कमीशन और इडी ने क्या कदम उठाये। यह देश की जनता जानना चाहती है। यह देश के सामने भी स्पष्ट हो गया, ये दोनों एजेसियां कैसे और किसके इशारे पर काम रही हैं। इलेक्शन कमीशन ने पीएम मोदी के चुनाव के पूर्व चुनाव रिजल्ट का दावा करने वाले बयान पर क्या एक्शन लिया। पटना में राजनीतिक दलों की मीटिंग के बाद पत्रकारों का वीवीपैड वोट को लेकर उठाये गये सवालों पर सही-सही जवाब क्यों न दे पाये। लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी की लैंडिंग और फिर उड़ान भरने के दौरान आधा घंटा पहले और बाद में नो फ्लाईंग जोन घोषित करने पर क्या इलेक्शन कमीशन ने एक्शन लिया। क्या इस दौरान अगर उसी शहर या क्षेत्र में विपक्षी नेताओं को चुनावी सभा करनी है तो उसे अनुमति नहीं मिलेगी। यह सारे सवाल इलेक्शन कमीशन के साख से जुड़ा है। जिस पर इलेक्शन कमीशन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

क्या इस देश में पगड़ी और टोपी पहनना गुनाह है

सुप्रियो भट्टाचार्य ने बंगाल में भाजपा नेता के द्वारा एक सिख आइपीएस अधिकारी का पगड़ी पहने रहने के कारण उन्हें खालिस्तानी करार देने पर कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि क्या इस देश में पगड़ी पहनने से कोई खलिस्तानी हो जाता है, टोपी पहनने से वह पाकिस्तानी हो जाता है। क्या इस देश में पगड़ी और टोपी पहना गुनाह है। भाजपा देश में अजीब हालात पैदा कर रही है।

गढ़वा की खबरें

कार्यक्रम में यातायात नियमों को बताया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला में सड़क सुरक्षा के नियमो के अनुपालन तथा थाना के द्वारा बिना हेलमेट मोटरसाइकिल वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने लोगो को यातायात नियमो का पाठ पढ़ाया गया। ऐसे लोगों को जागरूक करने को लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी और सड़क-सुरक्षा की टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सड़क दुर्घटनाओं से कैसे बचा जाए और दुसरों को बचाया जाये इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि दुर्घटना में ज्यादातर मृत्यु एवं दुर्घटना बाइक से हो रही है। इससे पता चलता है कि बाइक के गतिसीमा से अधिक रफ्तार से वाहन चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने के अतिरिक्त बिना हेलमेट/सीट बेल्ट आदि सुरक्षा उपकरण के इस्तेमाल के बिना गाड़ी ड्राइव करने से दुर्घटना हो सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसी गलती न करें। सबको देखते हुए सभी तरह के नियम का पालन नियमित रूप से जाये तो भाविष्य उज्जवल हो सकती है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, विनय रंजन तिवारी और आईटी नीरज पांडेय आदि उपस्थित थे।

पदयात्रा का उद्देश्य हेमंत सोरेन के कार्यो को लोगों को बताना है : सुकरात उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड कमिटी बसिया के द्वारा बुधवार को प्रखंड के पंथा पंचायत से झारखंड आंदोलन उलगुलान पद यात्रा जेएमएम नेता सुकरात उरांव के नेतृत्व में निकाली गयी। पदयात्रा में जेएमएम सहित कई आदिवासी संगठन उपस्थित थे। पदयात्रा के संबंध में जानकारी देते हुए सुकरात उरांव ने बताया कि पद यात्रा का उद्देश्य लोगो को हम बताना चाहते है कि आदिवासी का सबसे बड़ा हितैषी बतलाने वाला भाजपा किस तरह से दोहरा चेहरा लेकर काम करती है। किस तरह से सत्ता पाने के लिए आदिवासियों को लालच दिया जाता है। डराया धमकाया जाता है। आपस मे लड़ाया जाता है।

जिसका तत्कालीन उदाहरण हेमंत सोरेन है। हम यह आंदोलन उनको न्याय दिलाने के लिए कर रहे है। साथ ही हेमंत सोरेन के कार्यो को लोगो को बतलाना चाहते है। कि किस तरह पिछली सरकार जो काम 19 साल में नही की हेमंत सोरेन ने 4 साल में कर दिखाया। जिसमे 60 साल की उम्र में सभी वृद्धावस्था पेंशन विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, मरांग गोमके योजना के तहत आदिवासी बच्चो को विदेश में पढ़ाई खिलाड़ियों, साबित्री बाई फुले योजना के तहत बालिका बच्चो को पढ़ाई के लिए पैसा, आधारित नियोजन की बात हम लोगो को बताना चाहते है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जंसिता बारला, प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान, संजय कुजुर, जयमशीह तोपनो, पीसी बड़ाईक सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चाकू बाजी की घटना में युवक घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर थाना क्षेत्र के डुमरला गांव में मंगलवार की रात दो गुटों में मारपीट के बाद चाकू बाजी में डुमरला निवासी सौरव प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। एक युवक ने उसके पेट में चाकू मार दिया। तत्काल परिजनों द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के उपरांत गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की जानकारी पर गुमला थाना के एसआइ इमानुएल कोंगाड़ी सदर अस्पताल पहुंच घटना की जानकारी लिये। परिजनों ने मामलों को लेकर गुमला थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई। जानकारी के मुताबिक गांव के कुछ लोगों के द्वारा सौरव प्रसाद के कुत्ते को मार दिया गया था इसके बाद विवाद बढ़ता गया और मंगलवार की रात एक युवक ने सौरभ के पेट में चाकू मार दिया।

भाइचारे के मिसाल थे मिशन बदलाव के प्रेम कच्छप:भूषण

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य प्रेम कच्छप की असमायिक मृत्यु के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए विंग्स आईटी इंस्टीट्यूट में दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धाजंलि दी गई। भूषण भगत ने बताया कि प्रेम कच्छप जैसा क्रांतिकारी स्वभाव का व्यक्ति और समाज के लिए कुछ कर गुजरने वाला व्यक्तित्व कभी कभार ही देखने को मिलता है। उनके द्वारा कोरोनाकाल में लोंगो की समस्याओं के समाधान के लिये जो योगदान है उसको भुलाया नहीं जा सकता है। प्रेम कच्छप ने अपने नाम के प्रति गुणों को भी जिया है वो हमेशा भाईचारे के मिसाल के लिये हमेशा सभी के मदद के लिये ततपर रहते थे। मिशन बदलाव संस्थापक सदस्य

अमित सिंह ने कहा कि प्रेम भाई आप जितना मेहनत मिशन बदलाव के लिए जमीनी स्तर पर लोंगो के समस्याओं के समाधान के लिये ईमानदारी कोशिश की और आज ये असर है कि शहर में बनाया गया संगठन ग्रामीणों तक पहुंच चुका है। मिंकू रजनीश गुप्ता ने कहा कि प्रेम कच्छप हमारे दिल मे है और हमेशा बने रहेंगें। उनकी जगह शायद ही कोई ले सकता है।

डीसी ने प्रखंड समन्वयक को किया कार्यमुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। डण्डई प्रखंड अन्तर्गत अबुआ आवास योजना दिलाने के लिए को-ऑर्डिनेटर पर महिला से 40 हजार रूपए लेने का लगाए गए आरोप को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त शेखर जमुआर द्वारा जांच का आदेश दिया गया। उक्त मामले के आलोक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, डण्डई द्वारा मामले की गहन जाँच की गई। जाँच में अरविन्द कुमार, प्रखण्ड समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रखण्ड डण्डई दोषी पाए गए। जिसके आलोक में अरविन्द कुमार, प्रखण्ड समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रखण्ड डण्डई को उपायुक्त द्वारा तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया। साथ ही प्रिया कुमारी, प्रखण्ड समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, प्रखण्ड गढ़वा को स्थानांतरित करते हुए डण्डई प्रखण्ड में पदस्थापित किया गया। श्रीमती कुमारी को निदेश दिया गया है कि प्रखण्ड डण्डई में अविलम्ब योगदान करते हुए अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करना सुनिश्चित करेंगे।

चार दिन से ठप जलापूर्ति आज से होगी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। नगर परिषद क्षेत्र में पिछले 4 दिन से पानी की सप्लाई बंद रहने से गुमला शहर वासियो को काफी हो रही है। पानी की समस्या को लेकर गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दामोदर कसेरा अपने सहयोगीयों के साथ पीएचडी के कार्यपालक अभियंता मंतोष कुमार मनी से मिले और समाधान की बात की। बातचीत के क्रम में मंतोष कुमार मनी ने बताया की कुछ तकनीकी खराबी आने के कारण जलापूर्ति बंद थी। परंतु उसे ठीक कर लिया गया है। कल से गुमला के शहर वासियों को सुचारु रूप से पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। पीएचडी के कार्यपालक अभियंता मंतोष कुमार मनी ने बताया की गुमला शहर में बार बार पानी की सप्लाई में आ रही

परेशानी का कारण गुमला की जनता से गुमला नगर परिषद पानी का सारा टेक्स वसूलती है। तो उनकी भी जिम्मेदारी बनती है की नगर परिषद क्षेत्र में पानी का सप्लाई सुचारु रूप से हो, इस पर ध्यान दिया जाये। लेकिन वे अपनी जिम्मेवारी से पल्ला झाड़ते नजर आती है। इसके लिए विभागीय सचिव का आदेश आया हुआ है कि नगर परिषद गुमला शहर में जलापूर्ति का सारा कार्य देखेगी। परंतु आदेश की अनदेखी हो रही है।

पत्नी के हत्यारे को मिली आजीवन कारावास की सजा

गुमला (आजाद सिपाही)। एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी डुमरी थाना के सवाली निवासी ज्योतिष एक्का को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाया गया है। इसके अलावा आरोपी को 50 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। घटना आठ नवंबर 2018 का है। घटना के दिन तरसिला कुजूर व उसके पति ज्योतिष एक्का के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था जिसके बाद उसने लाठी से पीट कर अपनी पत्नी की हत्या कर दिया था। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ गांव के चौकीदार सुखमन नायक ने नामदज प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया है कि तरसिला कुजूर आरोपी की तीसरी पत्नी है।

भारत सूफी-संतों की भूमिः मौलाना नूर आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

सिमडेगा। बनारस के मौलाना नूर आलम ने कहा कि भारत सूफी संतो की भूमि है, और ख्वाजा गरीब नवाज अल्लाह के वली है। जो भी लोग उनके दर पर जाकर मुरादें मांगते है वे अल्लाह के फजल की बुनियाद पर उनकी मुरादें पूरी करते है। मौलाना नूर आलम 20 फरवरी की रात इस्लामपुर स्थित हारुण रशीद चौक पर आयोजित जश्न ख्वाजा गरीब नवाज कांफ्रेंस सह दस्तारबंदी कार्यक्रम में उपस्थित इस्लाम धर्मावलंबियो को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज से चौदह सौ वर्ष पहले पैगम्बर मोहम्मद ने दुनिया वालों को जो बातें बतायी थी, वह सत्य है। उन्होंने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज अल्लाह के वली है। उन्होंने समस्त लोगों से अल्लाह के वलियों से मोहब्बत करने की अपील की। उन्होने रोटी, कपडा और मकान से पहले अपने बच्चों

को अच्छी शिक्षा देने पर जोर देते हुए कहा कि इस्लाम अमन व शांति का मजहब है। उन्होंने कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज की बहुत सारी करामते है। मौलाना नूर आलम ने कहा कि अल्लाह के वली अपने कब्रो में आज भी जिंदा है। जो कोई भक्ति और श्रद्धा से उनकी कब्रो पर जाकर मन्नतें मांगता है निश्चित रुप से वे अल्लाह के फजल की बुनियाद पर मंगतो की मन्नतें पूरी होती है। मौके पर सिवान बिहार से आए मौलाना जावेद हसन अमजदी ने भी ख?वाजा गरीब नवाज की करामतें पेश करते हुए सुफी संतो से मुहब?बत करने की अपील की। उन्होंने शिक्षा पर विशेष फोकस करते हुए दीनी शिक्षा के साथ साथ दुनयावी शिक्षा पर भी जोर दिया। कांफ्रेंस में मुजफ्फरपूर के मुफ्ती हामिदुल कादरी ने भी इसलाहे माअशारा से संबंधित कई जानकारियां दी। जलसे में धनबाद के मशहूर शायर जुनैद जामी ने भी बेहतरीन अंदाज में कलाम पेश किया। उनके नातिया कलाम में जिस घर में बेटी नहीं वह घर अच्छा नहीं लगता है आदि नातिया कलाम पर लोग झुमने पर मजबूर हो गए। वहीं मंच संचालन की जिम्मेवारी अब्दुल रउफ ने निभाई। अंत में सलातो सलाम के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

महत्वपूर्ण खबरें

झूठा आरोप लगा कर हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया : फिलोमिना लकड़ा

जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओ ने प्रखंड अध्यक्ष फिलोमिना लकड़ा के अध्यक्षता में बुधवार को न्याय यात्रा निकाला। न्याय यात्रा जारी बाजार डाड़ से शुरू होकर जारी गांव का भ्रमण करते हुए प्रखंड मुख्यालय होते हुए जरमाना पारिश मैदान मे सभा के रूप मे तब्दील हो गया। न्याय यात्रा मे सैकड़ो की संख्या मे झामुमो के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण अपने साथ झामुमो का झंडा लेकर नारा लगा रहे थे जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छुटेगा, केंद्र सरकार होश मे आओ इडी और सीबीआइ की मनमानी नहीं चलेगी आदि नारा लगा रहे थे। वही झामुमो के प्रखंड महिला अध्यक्ष फिलोमिना लकड़ा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते बीजेपी के लोगों के द्वारा झूठा आरोप लगाकर हमारे आदिवासियों के मसीहा मुख्यमंत्री को जेल भेजने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी हमारे आदिवासी मुख्यमंत्री के न्याय के लिए न्याय यात्रा कर रहे हैं अगर इस न्याय यात्रा से अगर मुख्यमंत्री को नही छोड़ा गया तो हम सभी उग्र अन्दोलन करेंगे। मौके पर नोवेल लकड़ा,मनीरा एक्का, इबलिन कुजूर, विल्सन एक्का, समसुद्दीन अंसारी, रकेश खाखा सहित सैकड़ो महिला पुरूष न्याय यात्रा मे शामिल थे।

लोहरदगा लोकसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की हो रही है तैयारी

गुमला (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव की विशेष तैयारी के तहत इस सम्मेलन में लोहरदगा लोकसभा के पांचों विधानसभा क्रमशः गुमला, सिसई, विशुनपुर, लोहरदगा और मांडर के टोटल 32 मण्डल के सभी 321 पंचायत (शक्तिकेन्द्र) के अंतर्गत पड़ने वाले 1748 बूथ समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे। उक्त वक्तव्य भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा ने गुमला के स्थानीय विरसा मुंडा एग्रो पार्क के आनंदमयी भवन के सभागार में लोहरदगा लोकसभा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी के निमित आयोजित विशेष संगठनात्मक बैठक में कही। इसके अलावे उन्होंने कहा कि इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले जिला कार्यसमिति, जिला के सभी मोर्चा के कार्यसमिति के सदस्य एवं पदाधिकारी, मण्डल एवं मण्डल मोर्चा के सभी कार्यसमिति के सदस्य एवं सभी पंचायतों (शक्तिकेन्द्रों) के संयोजक एवं सह संयोजक के साथ सभी बूथ अध्यक्ष सहित बूथ समिति के सभी सदस्य भाग लेंगे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री शिवप्रसाद साहू ने की, मंच संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर एवं धन्यवाद ज्ञापन लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने की। इस बैठक में गुमला जिला, लोहरदगा जिला, एवं मांडर विधानसभा के पदाधिकारी शामिल थे।

अबुआ आवास योजना में लाभुक से पैसा मांगने पर पंचायत सेवक को किया गया कार्यमुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

बसिया। बसिया पंचायत की स्वयंसेवक ज्योति कुमारी अबुआ आवास योजना में रिश्वत मांगने के आरोप में कार्यमुक्त कर दी गई। बीते 20 फरवरी से वे कार्यमुक्त हैं। बीडीओ सुप्रिया भगत ने उपविकास आयुक्त के आदेश के आलोक में कार्यमुक्ति की चिट्ठी स्वयंसेवक को थमा दी। इस चिट्ठी में प्रखंड कार्यालय द्वारा कहा गया है कि उपविकास आयुक्त गुमला के द्वारा बीडीओ कार्यालय को पत्र प्राप्त है जिसमे बसिया निवासी रेशमा परवीन पति असगर अदीब

आजाद सिपाही
अबुआ आवास योजना में लाभुकों से उगाही की हो रही कोशिश

अंजुम तथा सुलतान परवीन पति स्व जुबेर अंसारी द्वारा अबुआ आवास योजना से लाभान्वित करने के क्रम में मौखिक रूप से दूरभाष पर ज्योति कुमारी पंचायत स्वयंसेवक प्रखंड बसिया के विरुद्ध पैसा मांगने का आरोप लगाया है। इस आरोप के संबंध में पीड़िताओं ने लिखित पत्र उप विकास आयुक्त को सौंपा है। साथ ही पैसा मांगने से सम्बंधित ऑडियो रिकॉडिंग भी उपविकास आयुक्त को प्राप्त है। सरकारी कार्य हेतु किसी लाभुक से पैसा मांगना नियम विरुद्ध है।बीडीओ ने आदेश जारी करते हुए कहा कि ज्योति कुमारी पंचायत स्वयंसेवक, 20 फरवरी के दिन से प्रभाव से कार्यमुक्त करते हुए इनकी सेवा समाप्त की जाती है।

आजाद सिपाही में छपी खबर की सच्चाई आयी सामनेः आजाद सिपाही में विगत 6 जनवरी को बसिया प्रखंड में अबुआ आवास देने के नाम पर पैसा उगाही की कोशिश करने संबधी खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। लोगो को अबुआ आवास के लाभुक चयन के मापदंड संबधी नियमावली से लोगो को अवगत कराया गया था। वर्तमान समय मे भी कई लोग अबुआ आवास का लाभ पाने हेतु बिचौलियों, पंचायत स्तर के कई प्रतिनिधियों को पैसा देकर रखे है ताकि उन्हें आवास मिल सके लेकिन सूची से नाम काटने आदि के डर से कही पर शिकायत नहीं कर रहे है।

अबुआ आवास योजना में हो रही गड़बड़ी

उपायुक्त से मिलेंगे झानद पदाधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल गुमला के पदाधिकारी जिले भर में अबुआ आवास योजना में हो रही गड़बड़ी रोकने को लेकर गुमला उपायुक्त से 22 फरवरी 2024 को मुलाकात करेंगे। विदित हो कि अबुआ आवास योजना की सूची में सक्षम लोगों को शामिल किया गया है, वहीं गरीब परिवार खास कर जिनका घर छोटा है उन लोगों का नाम सूची से गायब है। इसका मतलब साफ है कि पैसा देकर आर्थिक रूप से मजबूत लोग अबुआ आवास योजना का लाभ लेना चाहते हैं। पार्टी गरीबों का हकमारी को बर्दाश्त नहीं करेगी। पार्टी में यह निर्णय जन शिकायत के बाद लिया है। पार्टी का मानना है कि जरूरत पड़ने पर अबुआ आवास योजना में हो रही गड़बड़ी के मामले को 28 फरवरी 2024 को गुमला में होनेवाली चेतावनी कार्यक्रम में प्रमुखता से उठाई जाएगी।

विश्रामपुर आरसीआइटी सभागार में लगा शिविर, भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित

मोदीजी का दूत बनकर कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को केंद्रीय योजनाओं की जानकारी-लाभ पहुंचायेंगे: विधायक

भाजपा चलायेगी लाभार्थी संपर्क अभियान, मोदी सरकार की उपलब्धियों से जनता को कराएंगे अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। विश्रामपुर आरसी आइटी सभागार में बुधवार को लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लोकसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही, कार्यक्रम प्रभारी आरती कुजूर व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ किया। कार्यशाला में कार्यक्रम प्रभारी द्वारा सरल ऐप्स एवं संपर्क अभियान के तकनीकी विषयों की जानकारी दी गई। साथ ही 25 फरवरी तक प्रखंड स्तर पर लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला आयोजन के बारे में भी बताया गया। वहीं, डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की ओर से संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसमें कार्यकर्ता लाभार्थियों के घर-घर जाकर संपर्क कर मोदी सरकार द्वारा भेजे गए पत्र को देंगे। इस दौरान कार्यकर्ता मोदी जी का दूत बनकर उन्हें नमस्कार करेंगे और लोकसभा चुनाव में अपना कीमती मतदान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देकर देश को मजबूत बनाने का आग्रह करेंगे। उधर, विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन हैं। उनके नेतृत्व में कई असंभव कार्य संभव हो गए है। सभी कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री मोदी का संदेश गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाना है। लाभार्थी परिवार से विशेष रूप से मिलना है और उनके साथ सेल्फी भी लेना है। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी व गढ़वा जिला अध्यक्ष ठाकुर महतो ने संयुक्त रूप से किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन दुर्गा जौहरी ने किया। कार्यशाला में विनोद सिंह, प्रमोद चौबे, लोकसभा संयोजक विपिन बिहारी सिंह, गढ़वा जिला सहसंयोजक अलख नाथ पांडेय, मुकेश निरंजन सिंह, संतोष दूबे, बृजेश चौबे, मनीष कुमार, सीटू गुप्ता, विजय चौबे, रूपा सिंह, गोपाल सोनी, संतोष राम आदि शामिल हुए।

प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित करते विधायक भानु प्रताप शाही व अन्य।

पलामू प्रमंडल में सीबीएसइ 10वीं की हिंदी की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न : सिटी कोऑर्डिनेटर

परीक्षा केंद्र पर पहुंचा परीक्षार्थियों का हुजूम।

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। सीबीएसइ 10वीं की परीक्षा पलामू प्रमंडल में कदाचार मुक्त शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रही है। हिंदी कोर्स ए विषय कोड 002 एवं कोर्स बी विषय कोड 085 की परीक्षा थी। सीबीएसइ के पलामू प्रमंडल के सिटी कोऑर्डिनेटर एमके डीएवी के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान ने बताया कि तीनों जिलों गढ़वा, पलामू एवं लातेहार में यह परीक्षा चल रही है। पलामू जिले में एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल, रोटरी पब्लिक स्कूल, हेरिटेज इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज एवं आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेहला पलामू को केंद्र बनाया गया है। गढ़वा जिले में डीएवी पब्लिक स्कूल गढ़वा,भवनाथपुर, सरस्वती विद्या मंदिर भवनाथपुर एवं सेंट मैरी पब्लिक स्कूल गढ़वा को केंद्र बनाया गया है। लातेहार जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय एवं नेतरहाट आवासीय विद्यालय को केंद्र बनाया गया है। तीनों जिलों के प्रत्येक केंद्र पर परीक्षा कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। किसी भी जगह अप्रिय घटना या बाधा की सूचना नहीं मिली है। बताया कि यह परीक्षा अखिल भारतीय स्तर के साथ विदेशों में भी संचालित होती है। यह एक राष्ट्रीय जिम्मेदारी है, जिसे हम सभी पूर्ण मनोयोग से निर्वहन कर रहे हैं। उधर, परीक्षा भवन से बाहर निकले छात्रों के भी चेहरे खुशी से खिल उठे। उनका कहना था कि प्रश्न पत्र की गुणवत्ता उच्च स्तरीय एवं कठिनाई स्तर भी उतम स्थिति में था। सभी प्रश्न निर्धारित पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए और विद्यार्थियों के मानसिक स्तर के अनुरूप थे। एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल पर हिंदी कोर्स ए की परीक्षा थी। जिसमें कुल 689 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें 9 छात्र अनुपस्थित थे। कुल 680 छात्र बाधा रहित कदाचार मुक्त, तनाव मुक्त वातावरण में परीक्षा देकर प्रसन्नचित मुद्रा में विद्यालय से बाहर निकले। केंद्राधीक्षक डॉ जीएन खान ने भी सभी परीक्षार्थियों को शुभकामना दी है।

खामडीह यज्ञ में शामिल हुए बीडी प्रसाद

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू जिला के सतबरवा खामडीह में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में कमेटी के सदस्यों ने पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष बीडी प्रसाद को आमंत्रित किया। जिसे स्वीकार करते हुए ब्रह्मदेव प्रसाद तुरंत यज्ञ समिति के यज्ञ शाला में जाकर परिक्रमा किये व श्रीराम चरित मानस कथा मंच पर जाकर कथा वाचक का आशीर्वाद लिया। यज्ञाचार्य महाराज से आशीर्वाद भी लिया। मौके पर बिहारी प्रसाद, सुरेश साहू, ललन साहू, अजय साहू आदि थे।

यात्री ट्रेनों के परिचालन की मांग को लेकर रेल उपभोक्ता समिति के सदस्यों का धरना

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। रेल उपभोक्ता समिति ने जिला प्रवक्ता मनोज शर्मा के नेतृत्व में यात्री ट्रेनों को लेकर जपला स्टेशन परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता प्रेमतोष कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह और संचालन जाकिर अली उर्फ राज अली ने किया। वक्ताओं ने कहा कि रेल प्रशासन इस क्षेत्र से जुड़े हैदरनगर, मोहम्मदगंज, उंटारी रोड, सतबहिनी, कोशियारा, सिगसिगी और तोलरा आदि दर्जनों स्टेशनों के यात्रियों के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार करती रही है। जब मालगाड़ी को सुलभता से चलाया जा रहा है तो लाइफ लाइन ट्रेनो को भी चलाया जा सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से पांच सूत्री मांग पत्र भी सौंपा, जिसमें लाइफ लाइन ट्रेन 03363-64 का परिचालन अविलंब शुरू करने, पैसेंजर ट्रेनों में 15 डब्बे की रैक सुनिश्चित करने, सीआईसी रेलखंड की पैसेंजर ट्रेनो से अविलंब स्पेशल टैग हटाकर मूल भाड़ा लागू करने आदि शामिल है। मौके पर एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सचितानंद सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, अर्जुन सिंह, इजहार अंसारी, नरेश कुमार पासवान, इम्तेयाज आलम, सुनील कुमार, केदार सिंह, मुकेश सिंह, गणेश प्रजापति, अवधेश सिंह, कमलेश कुमार आदि मौजूद थे।

मां देवी की डोली का कराया गांव भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। प्रखंड क्षेत्र के खड़गपुर पंचायत के पारपहार में जारी श्री श्री मां देवी स्थापना का ठह दिवसीय प्रवचन एवं यज्ञ के दौरान बुधवार को गाजे बाजे के साथ मां देवी की डोली का गांव भ्रमण कराया गया। यज्ञ स्थल से निकल कर गिद्धि, प्रसडीह एवं पारपहार गांव के भक्तों के घरों तक पहुंची। इस दौरान भक्तों ने श्रद्धाभाव से मां की पूजा अर्चना की और पुनः डोली यज्ञ स्थल पर पर पहुंचाया। इस अवसर पर मां देवी स्थापना पूजा कमेटी के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि यह अनुष्ठान रमेश मिश्रा के अलावे बनारस के आचार्य शंभूनाथ मिश्रा, अरविंद मिश्रा, नीरज पाठक घनश्याम मिश्रा आदि आचार्यों द्वारा कलश स्थापना के साथ शुरू हुई है। गुरुवार को मां देवी की स्थापना की जाएगी, जबकि शुक्रवार को भंडारे के बाद अखंड किर्तन के साथ शनिवार को समापन होगा। वहीं डोली भ्रमण में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पत्थरा ओपी प्रभारी मंटु कुमार, सैट प्रभारी गंदरु उरांव पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजद के पूर्व विधायक संजय सिंह यादव, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष महेन्द्र यादव, राजद नेता कमलेश कुमार यादव, जिप प्रतिनिधि राजेश राम, श्रीराम कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक उमेश यादव, शिक्षक गोपाल यादव, लखन यादव, अमरदेव यादव, ललन यादव, अर्जुन यादव, प्रसाद यादव, शिक्षक आत्मदेव यादव,शिक्षक राजेन्द्र यादव व सहयोगी में महानंद यादव, कमलेश यादव, यदु यादव, सुखदेव यादव, पीएनबी मनोज यादव, पंचम यादव, प्रभु यादव, अकलदेव यादव, साधु यादव, नथुनी यादव आदि की भूमिरा सराहनीय हैं। जबकि सचिव रमेश यादव, कोषाध्यक्ष रविंद्र यादव, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, सदस्य मनोज यादव, सत्येंद्र यादव, उदय यादव, सुदेश यादव, संतोष यादव, मिथिलेश यादव आदि नेतृत्व कर रहे हैं।

मतदाता जागरूकता और मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। नगर निगम के आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को मतदाता जागरूकता को लेकर कई टास्क दिया। सभी से इस बार 80 फीसदी मतदान पार के संकल्प के साथ स्कूली बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिला एवं पुरुषों को मताधिकार के उपयोग के लिये जागरूक करने का निर्देश दिया। कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है। इसके लिए आवश्यक है कि सभी पात्र मतदाता मतदान करें। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) गतिविधियों के माध्यम से सभी पात्र मतदाताओं को इस दिशा में जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक पात्र मतदाता का मत लोकतंत्र को मजबूत करने में सहायक बनता है। बैठक में नगर आयुक्त ने कहा कि पलामू में जिस दिन भी मतदान होगा उस दिन निगम क्षेत्र में मतदाताओं को बूथ तक मुफ्त में लाया ले जाया जाएगा। उन्होंने अन्य नगर परिषद व नगर पंचायत के पदाधिकारी को इसी तरह के योजना पर काम करने पर बल दिया। इसके बाद उन्होंने समाज कल्याण पदाधिकारी व जे एसएलपीएस की दीदियों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने स्तर से मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को बूथ तक पहूंचाने व लाने में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी लाभ लिया जायेगा। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु को सभी स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर व पोस्टर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल, श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान समेत अन्य उपस्थित रहे।

अधिकारियों को आपस में समन्वय बना कर मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश

मेदिनीनगर नगर आयुक्त ने कृषि पदाधिकारी को विभाग के एटीएम व बीटीएम का सहयोग लेते हुए उनके माध्यम से लोगों के बीच मतदान संबंधित जागरूकता कराने पर बल दिया। इस तरह श्रम अधीक्षक को प्रवासी श्रमिकों से संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित करने का निर्देश दिया। कहा कि प्रवासी श्रमिकों से ई-कार्ड, टेलीफोन, एसएमएस के जरिए संपर्क स्थापित किया जा सकता है। इसी तरह सभी पीडीएस डीलरों के माध्यम से भी सभी कार्डधारियों को शतप्रतिशत मतदान कराने पर बल दिया गया। इसके अलावे पोस्ट ऑफिस से आनेवाले सभी डाकों पर मतदान संबंधित स्लोगन, एमएमसीएच के सभी पर्ची में भी जागरूकता संदेश लिखवाने, अन्य सभी सरकारी दैनिक चिट्ठी पर भी मतदान करने संबंधित स्लोगन लिखवाने पर बल दिया गया।

मालगाड़ी की चपेट मे आने से वृद्ध की मौत

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। बरवाडीह-डेहरी रेलखंड के तोलारा स्टेशन के समीप मालगाड़ी की चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वह रेलवे ट्रैक पार कर रहा था। तभी एक मालगाड़ी उसी ट्रैक पर आ गई जिसकी चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, कुछ प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आत्महत्या करने की नियत से ही मालगाड़ी को देखकर ट्रैक पर सो गया था। राजकीय रेल पुलिस मामले की जांच कर रही है। समाचार लिखे जाने तक वृद्ध की पहचान नहीं हो सकी है।

छतरपुर पहुंचकर डीएमओ ने की चराई और बरडीहा में संचालित क्रशर की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) आनंद कुमार छतरपुर पहुंचे और चराई एवं बरडीहा में संचालित दर्जनों क्रशरों की जांच की। बंद क्रशरों का सत्यापन भी किया। साथ ही संचालित क्रशरों पर पहुंच कर स्टॉक चिप्स समेत अन्य नियमों की जांच की। इस दौरान डीएमओ ने संचालको को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकार द्वारा जो नियम बनाए गए है उसके तहत ही क्रशर का संचालन करना सुनिश्चित करें। नियम विरूद्ध क्रशर संचालन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, निरीक्षण के क्रम में डीएमओ ने क्रशर संचालको को एक सप्ताह के अंदर कागजातों की सत्यापन को लेकर बुलाया।

इन क्रशरों की हुई जांच

जयमाता स्टोन, मौजा बरडीहा, जयमाता दी स्टोन, चराई, जय शतंचंडी स्टोन बरडीहा, नैतिक स्टोन, चराई, विष्णु स्टोन, बरडीहा, मां टेडिग स्टोन, चराई वासुदेव स्टोन, चराई, बजरंग स्टोन, बरडीहा, श्रीराम स्टोन, बरडीहा, गुप्ता स्टोन, बरडीहा, सर्व जय मां लीलोरी स्टोन, चराई, वैष्णव माता चिप्स, चराई मां स्टोन क्रशर, जय मां स्टोन, महादेवा चिप्स, बरडीहा, जय मां विध्वाशनी स्टोन, बरडीहा, अशोक कुमार सिंह, बरडीहा शामिल है। इसके अलावा डीएमओ ने बंद पड़े जय माता स्टोन, जय शतचंडी स्टोन, वासूदेव स्टोन, श्री स्टोन एवं गुप्ता स्टोन की भी जांच की। डीएमओ ने बताया कि विभागीय स्तर से बंद किए गए क्रशर बंद पाए गए। लगे हाथ पाटन में संचालित ईट भटटा का निरीक्षण किया। जिसमें मौजा साकनपिडी, संचालक शशि भूषण प्रसाद एवं मौजा गहरपथरा, संचालक शिवदीप सिंह एवं मौज हिसरा संचालक राकेश कुमार सिंह के ईट भट्ठा शामिल है।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

Very Short e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-26/2023-24
Letter no - 230 **Date:- 20.02.2024**

1.	Name of the work	Construction of Checkdam at Ghadsari Nala Block- Chouparan, District- Hazaribag
2.	Estimated Cost (Rs.)	**Rs.- 56,47,900.00**
3.	Time of Completion	11 Months
4.	Date of Publication of e-Tender on website	26.02.2024 at 3:00 P.M
5.	Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online	02.03.2024 up to 5:00 P.M
6.	Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD	02.03.2024 up to 5:00 P.M
7.	Date of opening of e-Tender	04.03.2024 at 03:00 P.M
8.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag
9.	Contact no. of e-Procurement officer	06546-270485
10.	E-mail of e- Procurement officer	eemidhbg-cemr-jhr@nic.in

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag.

PR 319792 Minor Irrigation(23-24)#D

धार्मिक अनुष्ठान से मिलती है ऊर्जा: आलोक चौरसिया

सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)। सतबरवा प्रखंड के खामडीह गांव में सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की पूर्णाहूति बुधवार को हवन के साथ हुई। इस दौरान हजारों भक्तों की भीड़ पहुंची थी। दिन में भक्ति भाव से श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना के साथ यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। जबिक रात में पंडित मारुति किंकर जी महाराज से राम कथा का रसपान किया। इस अवसर पर डाल्टनगंज के विधायक आलोक कुमार चौरसिया भी पहुंचकर यज्ञ मंडप का दर्शन किये। उन्होंने कहा कि यज्ञ जैसे धार्मिक अनुष्ठान करने से वातावरण शुद्ध होता है गांव की उन्नति होती है साथ ही धर्म और आस्था के प्रति रुचि बढ़ती है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर की किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस कार्य को पूरा कर दिखाया। मैं चाहूंगा कि इस प्रकार का धार्मिक अनुष्ठान हमारे क्षेत्र में हमेशा होता रहे, हमसे जितना बनेगा आवश्य सहयोग करूंगा। मौके पर भोला सिंह विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंन्हा, अजय सोनी, अजय उरांव, रविंद्र सिंह, मनोज सिंह और संजय यादव आदि थे।

40वें जन्मदिन पर याद किये गये शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी, श्रद्धांजलि

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। सुभाष चौक स्थित शहीद मनु अखौरी रोड कर्नल संजय अखौरी के आवास पर शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी का 40वां जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद की दादी दया चरण, रतन अखौरी और मधु अखौरी चाचा-चाची एवं पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यकर्म का संचालन पूर्व सैनिक बृजेश कुमार शुक्ला ने किया। गौरतलब हो कि शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट मनु अखौरी कम उम्र में ही मां भारती के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी थी, जो पलामू के युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। वायुसेना में फाइटर पायलट के रूप में कार्यरत पंजाब प्रांत के मुक्तसर जिले के भलाईयाना गांव में मिग-21 फाइटर प्लेन के युद्धाभ्यास के दौरान 1500 स्कूली बच्चों की जान बचाने में वीरगति को प्राप्त हुए। पूरा पलामू आज उनके कृत से गौरवान्वित है। इस मौके पर अविनाश वर्मा अध्यक्ष जीसा, संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव, व्यवसायी सुरेश जैन, सरस जैन, सुरेंद्र प्रसाद सिंह पूर्व चेयरमैन नगर पालिका मेदिनीनगर, समाजसेवी रामनाथ चंद्रवंशी, शक्ति अखौरी, अजय श्रीवास्तव, प्रिंसिपल जेनिथ फीचर पब्लिक स्कूल, सुबेदार मेजर संजय कुमार शर्मा, सुबेदार मेजर सुनील कुमार सिंह, पूर्व सैनिक दिनेश कुमार गुप्ता, दया शंकर शर्मा, रमण श्रीवास्तव, कामख्या नारायण सिंह, घनश्याम तिवारी, अजय कुमार, संजू शुक्ला आदि उपस्थित थे।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, HAZARIBAG.

Very Short e-Procurement Tender Notice

Tender Reference No. :- WRD/MID/HAZARIBAG/F2-24/2023-24
Letter no - 228 **Date:- 20.02.2024**

1.	Name of the work	Construction of Checkdam No.- 1 at Mithi River Block- Barhi, District- Hazaribag
2.	Estimated Cost (Rs.)	**Rs.- 68,64,600.00**
3.	Time of Completion	11 Months
4.	Date of Publication of e-Tender on website	26.02.2024 at 3:00 P.M
5.	Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online	02.03.2024 up to 5:00 P.M
6.	Last Date for Online Submission of Tender Fee and EMD	02.03.2024 up to 5:00 P.M
7.	Date of opening of e-Tender	04.03.2024 at 03:00 P.M
8.	Name & address of office Inviting tender	Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag
9.	Contact no. of e-Procurement officer	06546-270485
10.	E-mail of e-Procurement officer	eemidhbg-cemr-jhr@nic.in

Note:- 1). Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
2). Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Hazaribag.

PR 319788 Minor Irrigation(23-24)#D

कुष्ठ रोगियों के बीच बांटा गया सूखा राशन

कतरास (आजाद सिपाही)। जोगता थाना क्षेत्र स्थित डिनोबिली स्कूल परिसर में प्रज्वला महिला समिति की सिजुआ क्षेत्र की ओर से 16 कुष्ठ रोगियों और तेतुलमारी विनोद बिहारी कुष्ठ अस्पताल में नौ रोगियों के बीच चावल, दाल, आलू, नमक, साबुन, चूड़ा, गुड़, सर्फ और तेल आदि का वितरण महिला समिति की अध्यक्ष काकुली राय व सदस्यों द्वारा किया गया। काकुली राय ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि इन लोगों से दूरी बनाने के बजाय इनका ख्याल रखें। दिन दुखियों की सेवा करना ही सच्ची परमात्मा की सेवा है। मौके पर सुनीता सिंह, संगीता धुर्वे, सुनीता राम, बबीता दास, माया सिंह आदि उपस्थित थी।

ड्रील मशीन पलटी

धनसार (आजाद सिपाही)। विश्वकर्मा परियोजना में मनंगलवार की रात ड्रील मशीन पलट गई। जिसे उठाने के दौरान मशीन का ड्रील रड टूट गया। जिसकी चपेट में आने से आपरेटिंग कर रहे मजदूर जयप्रकाश साव का पैर भी टूटगया। आनन-फानन मं उसे सेंट्रल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं क्षतिग्रस्त मशीन की मरम्मति कराई जा रही है। बतातें चलें कि सोमवार को भी विश्वकर्मा विभागीय पैच में ड्यूटी के दौरान एक ड्रील मशीन पलट गई। जिसे चला रहा चालक सोमा मुंडा बाल-बाल बच गया। अन्य कर्मियों ने आपरेटर सोमा मुंडा को किसी तरह मशीन से बाहर निकाला। इसके दूसरे ही दिन फिर से हुई घटना से यूनियनों में आक्रोश है।

मंत्री व सांसद ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

विकास की प्राथमिकता : बेबी देवी

आजाद सिपाही संवाददाता

सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करती मंत्री बेबी देवी व सांसद चंद्रप्रकाश।

नावाडीह/बेरमो। झारखंड की महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी और गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने संयुक्त रूप से बुधवार को तीन सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह कार्य पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल बोकारो एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत किया जाएगा। इसमें गुंजरडीह खपरमटिया से मकोली इंकाल्यान बडकीबेड़ा तक मरम्मति, नावाडीह ब्लॉक मोड़ से जुनोडीह ग्राम तक मरम्मति एवं नावाडीह डाक बंगला से भेंडरा होते हुए लक्ष्मीपूर गोमो तक मजबूतीकरण-चौड़ीकरण शामिल हैं। मंत्री बेबी देवी ने कहा कि क्षेत्र का विकास ही उनकी पहली प्राथमिकता में हैं। पथ निर्माण विभाग से यहां के ग्रामीणों की इन योजनाओं की लंबे समय से मांग थी। जिसे आज पूरा किया गया है। मौके पर नावाडीह प्रमुख पूनम देवी, उप प्रमुख हरिलाल महतो, नावाडीह मुखिया किरण देवी, आहारडीह मुखिया गायत्री देवी, पंसस निर्मल महतो, आजसू डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी, झामुमो जिला सचिव जयनारायण महतो, यूवा नेता अखिलेश कुमार, पूर्व मुखिया रामपूकार महतो, बीस सूत्री उपाध्यक्ष गणेश महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष गणेश महतो, सचिव सोनाराम हेंब्रम, आजसू जिला उपाध्यक्ष मोहन महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष मिस्त्रीलाल महतो, जयलाल महतो, महबूब आलम, बालेश्वर महतो, सल्लार खान,साधु महतो, सोनू चौधरी, कांग्रेस नेता महावीर महतो, इमरान अंसारी, बिट्टू विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

विधायक डॉ लंबोदर महतो ने किया सामुदायिक भवन-शेड निर्माण का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

गोमिया। बस्ती में स्वर्णकार समाज के लिए विधायक मद से बनाए जाने वाले सामुदायिक भवन एवं मध्य दुर्गा मंदिर के परिसर में शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक डॉ लंबोदर महतो ने किया। विधायक ने कहा कि गोमिया बस्ती के ग्रामीणों के लिए सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं बस्ती में पीसीसी सड़क, विद्यालयों का जीर्णोद्धार, बिजली कार्य को दुरुस्त करना आदि शामिल है। इसी प्रकार गोमिया एवं पलिहारी गुरुडीह की जनता की चिरपरिचित मांग कोनार नदी से पानी आपूर्ति की जाए। इसके लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा लगभग साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से पेयजलापूर्ति योजना के लिए कार्य चालू है। जल्द ही लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इसके पूर्व ग्रामीणों ने गाजे बाजे के साथ विधायक का स्वागत किया। मौके पर जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, मुखिया बलराम रजक, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के विधायक प्रतिनिधि संदीप स्वर्णकार, बबली स्वर्णकार, दशरथ स्वर्णकार, राधेश्याम वर्मन, सीताराम स्वर्णकार, प्रभु स्वर्णकार, रामचंद्र स्वर्णकार, प्रमोद स्वर्णकार, राजकुमार यादव, अजय पांडेय, रोहित यादव, जनार्दन जायसवाल, विजय स्वर्णकार और अशोक स्वर्णकार आदि उपस्थित थे।

कलश यात्रा में शामिल हुई 501 कन्याएं-महिलाएं

निरसा (आजाद सिपाही)। बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 501 कन्यायें-महिलाएं शामिल हुईं। बतातें चलें कि घाघरा के जैनरा में स्थित शिव मंदिर आश्रम में नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर महिलाओं ने बराकर नदी धर्मपुर से जल लेकर नगर भ्रमण किया। जिसमें पश्चिम बंगाल से आई महिला ढाक पार्टी ने पारंपरिक भक्ति गीतों पर नृत्य किया। जल यात्रा में गिरिडीह देवपहाड़ी के पुरोहित गौरव आनंद जी महाराज, मंदिर निमार्ता नकुल राय, भाजपा नेता मनु तिवारी, भारत स्वाभिमान न्यास के मनजीत सिंह, मधुरेन्द्र गोस्वामी, अशोक गुप्ता, मुकेश मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि मिलन गोराई आदि शामिल थे।

उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा
समाज कल्याण शाखा
(बाल संरक्षण)

सूचना

विज्ञापन संख्या–{PR 284678 Women Child Development & Social Security (22-23) D} द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई, कोडरमा के विभिन्न पदों के विरूद्व संविदा आधारित नियुक्ति हेतु प्रारंभिक मेधा सूची तैयार कर, जिला के वेबसाइट कर अपलोड किया गया तथा आवेदकगण/अभ्यर्थियों से दावा आपत्ति प्राप्त कर, चयन समिति द्वारा दावा आपत्ति का निराकरण कर, निर्णय लिया गया है, जिसकी मेधा सूची व कार्यवाही प्रतिवेदन www.koderma.nic.in पर अपलोड किया गया है।

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 319875 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D

कार्यालय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल

निलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के अन्तर्गत अंतिम रूप से अधिहरित राज्यसात वाहनों को जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर बिक्री हेतु मोहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 06.03.2024 को 12:30 बजे अपराहन तक प्रमंडलीय कार्यालय में प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन 01:30 बजे अपराहन् में खोली जायेगी।

निलामी हेतु अधिहरित (Confiscated) सूचीबद्ध वाहनों के मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि इस न्यायालय द्वारा पारित राज्यसात आदेश के विरूद्ध सुनवाई हेतु किसी न्यायालय/ अपीलीय न्यायालय में विचाराधीन हो या वाहन के निलामी से आपति हो तो सूचना प्रकाशन के दो दिनों के अन्दर अपना दावा स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य के साथ कार्यालय अवधि में प्रस्तुत करेंगे । यदि सूचना प्रकाशन के उपरान्त दो दिनों के अन्दर अधिहरित (Confiscated) वाहनों पर कोई दावा इस कार्यालय में प्राप्त नहीं होगा तो यह समझा जाएगा कि किन्हीं को अधिहरित (Confiscated) वाहन की निविदा द्वारा बिक्री करने पर कोई आपति नहीं है। निविदा द्वारा वाहन बिक्री किये जाने के पश्चात किसी भी वाहन पर प्रस्तुत दावा मान्य अथवा स्वीकार्य नहीं होगा।

निविदा फार्म एवं निविदा संबंधी नियम एवं शर्तो से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय सूचना पट या कार्यालय से कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं ।

वाहनों की सूची

क्र0 सं0	वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/ इंजन संख्या	वन वाद सं0	राज्यसात सं0	वाहन जहाँ रखा है
1	2	3	4	5
1	महेन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI ई0 सं0 P5126	432/2021	16/2021	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
2	स्वराज ट्रैक्टर 834DI ई0 सं0 331003/ SLP2272 चे0 सं0 QUTA2205010593	431/2021	15/2021	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
3	महिन्द्रा ट्रैक्टर 265DI ई0 सं0 A5359 चे0 सं0 OA5558519R1	1841/2020	89/2020	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
4	होण्डा साईन मोटर साईकल सं0 JH-02Z-7172	1841/2020	89/2020	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
5	जे0 सी0 बी0 मषीन निबंधन संख्या JH 02Y 1432	1712/2022	27/2022	बरही प्रक्षेत्र परिसर
6	हिरो होण्डा मोटरसाईकल ई0 सं0 MBL HA10EWBGC25610	442/2018	50/2018	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
7	आयसर ट्रैक्टर मॉडल 380 ई0 सं0 D70501 चे0 सं0 919313158825	61/2018	08/2018	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
8	न्यू हॉलेण्ड ट्रैक्टर 3032 S.No. 01020761 ई0 नं0 PES3A80D320RS2000	858/2020	40/2020	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
9	महिन्द्रा ट्रैक्टर 265 DI ई0 नं0 F002-A0Z736LS3A85D320RS2000 , S.no. - 01039105	835/2020	36/2020	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
10	महिन्द्रा ट्रैक्टर ई0 नं0 005550384R S.L. no. NGH23528J2	859/2020	41/2020	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
11	आयसर 333 ट्रैक्टर ई0नं0 D79066 चे0 नं0 922114186632	859/2020	41/2020	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
12	मोटर साईकल संख्या– JH-02Z-2055	1257/2019	39/2019	बडकागांव प्रक्षेत्र परिसर
13	आयसर ट्रैक्टर Sl. No. JJAHCJGP1726841	455/2020	21/2020	बड़कागांव प्रक्षेत्र
14	रोलर बिना नम्बर का	79/2018	34/2018	बड़कागांव प्रक्षेत्र
15	ट्रैक्टर डाला बिना नम्बर का	892/2020	43/2020	बरही प्रक्षेत्र परिसर
16	ट्रक 407 संख्या– JH-09E-2552	1113/2020	49/2020	बरही प्रक्षेत्र परिसर
17	सी0 डी0 डॉन मोटरसाईकल चे0 सं0 02K26FO9280	1744/2019	71/2020	बरही प्रक्षेत्र परिसर
18	JCB 3DX ई0 सं0 4H-2152/070533 चे0सं0 1253851-A2007	154/2016	46/2016	बरही प्रक्षेत्र
19	सोनालिका ट्रेक्टर DI 734 संख्या JH 02AX 7154	270/2021	10/2022	चकुलषा थाना परिसर
20	ओमनी भैन संख्या JH 11B 5264	59/2019	12/2019	बरही प्रक्षेत्र
21	सोनालिका ट्रैक्टर DI35 इंजन संख्या 3100FLS13A234982F2 चे0 संख्या MZJSW233916/3	433/2021	17/2021	बरही प्रक्षेत्र
22	ट्रक संख्या BR 13G 4647	36/2016	47/2016	बरही प्रक्षेत्र
23	ग्लैमर मोटर साईकल सं0 JH-02AL-6143	2304/2022	61/2022	बरही प्रक्षेत्र परिसर
24	पिकअप भान सं0 JH-02K-9928	615/2019	19/2019	प्रमण्डलीय कार्यालय परिसर
25	स्पलेण्डर मोटर साईकल सं0 JH-02H-5925	615/2019	19/2019	हजारीबाग प्रक्षेत्र परिसर
26	पिकअप भान सं0 BR-11G-8658	3067/2019	03/2020	प्रमण्डलीय कार्यालय
27	भेसपा स्कूटर संख्या BR 13B 2587	15/2008	04/2008	हजारीबाग प्रक्षेत्र
28	पियागो ऑटो सवारी सं0 JH-13B-0681	177/2020	13/2020	चौपारण प्रक्षेत्र
29	महेन्द्रा ट्रैक्टर ई0 सं0 NGJ5FAE0044 चे0 सं0 MBNSFAVBEGNJ00121	784/2020	20/2020	चौपारण प्रक्षेत्र
30	टाटा पिकअप 207DI ई0सं0 252401123808,चे0सं0 374481LVZ948564	488/2017	61/2017	चौपारण प्रक्षेत्र
31	पिकअप भान 207 बिना नम्बर का	68/2019	10/2019	चौपारण प्रक्षेत्र
32	ग्लैमर मोटरसाईकिल सं0 JH-10U-5480	69/2019	13/2019	चौपारण प्रक्षेत्र
33	स्वराज ट्रैक्टर, चेचिस संख्या WWTN24705021456	1552/2022	26/2022	चौपारण प्रक्षेत्र
34	एच0 एम0 टी0 ट्रैक्टर इंजन संख्या GP121S08	1723/2022	31/2022	बड़कागांव प्रक्षेत्र
35	टाटा मैक्स 2007 इंजन सं. 25340115	2423/2022	45/2022	चौपारण प्रक्षेत्र
36	जे0 सी0 बी0 मषीन टाटा 315E इंजन सं. HZY845441 CH. No. 315E0801	840/2020	37/2020	चौपारण प्रक्षेत्र
37	टाटा 407 सं. BR 17G 5774	641/2017	02/2018	चौपारण प्रक्षेत्र
38	मैक्स पिकअप भान Engine No. AB24G63354	515/2018	51/2018	चौपारण प्रक्षेत्र
39	होण्डासाईनमोटरसाईकल संख्या JH 02G 6708	515/2018	51/2018	चौपारण प्रक्षेत्र
40	आयसर ट्रैक्टर संख्या JH 02A 3999	64/2018	09/2018	चौपारण प्रक्षेत्र
41	ट्रैक्टर ई0 सं0 1017400 चे0 सं0 335FO1017278	829/2020	35/2020	चौपारण प्रक्षेत्र परिसर
42	महिन्द्रा सवारी सं0 JH-13A-3740	354/2020	18/2020	चौपारण प्रक्षेत्र परिसर
43	पिकअप भान सं0 JH-10AC-4882	456/2020	22/2020	चौपारण प्रक्षेत्र परिसर
44	टाटा 407 चे0 सं0 3570101, 50818864, E497SP21/902.65370	462/2016	65/2016	बरही प्रक्षेत्र
45	पिकअप भान संख्या JH 12C 2119	347/2018	47/2018	बरही प्रक्षेत्र
46	टाटा 207 संख्या JH 02M 1699	103/2017	45/2017	बरही प्रक्षेत्र
47	बजाज मोटरसाईकल डिस्कवर संख्या JH 02R 3747	1479/2022	22/2022	बड़कागांव प्रक्षेत्र
48	टाटा टरबो संख्या JH 01F 5299	367/2020	19/2020	बड़कागांव प्रक्षेत्र
49	बोलेरो मैक्स पिकअप जूनियर 2WDMA1RZ2GAA81K53109GA81K26458	667/2020	24/2020	प्रमंडलीय कार्यालय
50	पावर ट्रैक्टर ई0 सं0 E3069831 चे0 सं0 B30644568 डाला सहित	273/2018	40/2018	बडकागांव प्रक्षेत्र
51	आयसर ट्रैक्टर इंजन संख्या 56828426231	87/2012	04/2012	अम्बाटोला पुलिस पिकेट
52	मोटर साईकल इंजन संख्या HA10EA8HM47591 Ch. No. MBLHA10EE8AM30034	88/2017	44/2017	बड़कागांव प्रक्षेत्र
53	मोटर साईकल संख्या JH 02F 7322	46/2009	04/2009	बडकागांव प्रक्षेत्र
54	टाटा 407 बिना नम्बर का	501/2019	17/2019	प्रमंडलीय कार्यालय
55	मारूति भान बिना नम्बर का	426/2018	49/2018	हजारीबाग प्रक्षेत्र
56	मारूति भान बिना नम्बर का	1487/2019	41/2019	हजारीबाग प्रक्षेत्र
57	पावर ट्रैक ट्रैक्टर इं0 सं0 T77010010A29C03 डाला सहित	26/2017	55/2017	बडकागांव प्रक्षेत्र
58	बजाज डिस्कभर मोटरसाईकिल सं0– JH-11F-1057	2175/2021	60/2021	बडकागांव प्रक्षेत्र
59	महिन्द्रा मैक्सी निबंधन संख्या– JH-02S-9920	425/2013	58/2013	चौपारण प्रक्षेत्र परिसर
60	हिरो हौण्डा मोटरसाईकिल संख्या– BR-14D-6764	554/2015	03/2016	बड़कागांव प्रक्षेत्र
61	बजाज मोटरसाईकिल निबंधन संख्या– JH-02E-0942	521/2013	66/2013	बरही प्रक्षेत्र परिसर

वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR.NO.319811 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

महत्वपूर्ण न्यूज

राम आयेंगे तो अंगना सजाऊंगी...

कतरास (आजाद सिपाही)। भगत मोहल्ला स्थित श्रीराम सीता हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। धनबाद जय हो ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाकर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन संध्या की शुरूआत मुन्ना यशस्वी गणेश वंदना से की। वहीं, पश्चिम बंगाल के अंडाल से आई भजन गायिका सुरभी सिंह भोजपुरिया ने राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी..., जो राम को लाए हैं हम उनको लायेगें..., निमिया के डाली में मैया झूलेगी... आदि भक्ति गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, भजन गायिका श्वेता कुमारी ने राम जी की सेना चली.... भक्ति भजन सुनाए श्रोताओं की वाहवाही लूटी। भजन गायक बबलू जुगनू ने अलग-अलग भक्ति गीत सुनाए। भजन संध्या में पैड़ पर सुदेश सिंह, नल पर सुधीर प्रमाणित अंग पर कुमार राजेश ने संगत की। वहीं, मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद नगर निगम के सहायक अभियंता महेश भगत, अधिवक्ता अमित कुमार, रणधीर बर्मन, बबलू बर्मन, अशोक बर्मन, संजय भगत, नवदीप गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अजीत गुप्ता, रोहित कसेरा, रितेश गुप्ता, सोनी बर्मन, पप्पू दुबे, सोनू शर्मा, राकेश कुमार,दीपक सिंह, राहुल पांडे, विशाल यादव,ओम प्रकाश चौटाला, चंडी गायली, गुड्डू कुमार आदि मौजूद थे।

दर्जनों लोगों ने थामा भाजपा का दामन

फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)। सेंट्रल कॉलोनी मकोली ब्लॉक 29 स्थित ओडिया मोहल्ला में भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गिरिजा देवी की उपस्थिति में दर्जनों महिलाओं और पुरुषों ने पार्टी का दामन थाम लिया। इनमें अनीता देवी, पिंकी देवी, रेखा देवी, गायत्री कुमारी, कलपतिया देवी, आंगन बाई, ईश्वरी देवी, पार्वती देवी, सोनी कुमारी, अमन कुमारी, कंचन कुमारी, सावित्री देवी, पांडी पोरोडा, गुड़िया देवी, सुमन देवी, रवि कुमार, अरुण पांडे, शशि चौहान, जय चौहान, जीतो पारीडा आदि शामिल हैं। इस अवसर पर गिरिजा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी योजनाओं और केंद्र के कुशल नेतृत्व को देखते हुए लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इनके आने से बेरमो में भाजपा और सशक्त होगी। मौके पर फुसरो मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, महिला मोर्चा फुसरो नगर अध्यक्ष वीणा देवी, जिला कार्य समिति सदस्य मदन श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

आउटसोर्सिंग के डंपिंग यार्ड के समीप खड़े वाहन पर चला बम, जांच में जुटी पुलिस

धनबाद (आजाद सिपाही)। पुटकी 17 नंबर स्थित एसटीजी आउटसोर्सिंग के डंपिंग यार्ड के समीप खड़े वाहन पर मंगलवार की रात 8 बजे अज्ञात लोगों द्वारा बम मारकर दहशत फैलाने की कोशिश की गई। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं, खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से सूतरी के अलावा कुछ नही मिला हैं। जानकारी के अनुसार डंपिंग के समीप खड़ी गाड़ी पर किसी ने बम फेक दिया, जिससे धुआं धुआं हो गया। जबतक कर्मी कुछ समझ पाते तबतक अपराधी फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर पुटकी थाना प्रभारी (प्रभार) बाबूधन सोरेन दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और कर्मियों से बात की। कंपनी प्रबंधक हरिहर चौहान ने भी रात में बम चलने की पुष्टि की है। हालांकि कार्यरत कर्मी और गाड़ी को कोइ नुकसान नहीं हुआ हैं।

बलियापुर प्रखंड के ग्रामीण हस्तशिल्प के जरिए बनेंगे आत्मनिर्भर : भुवन भास्कर

डिजाइन विकास कार्यशाला में प्रशिक्षित बांस हस्तशिल्पियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

बलियापुर। विगत एक महीने से केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त हस्तशिल्प की ओर से धनबाद ज़िले के बलियापुर प्रखण्ड स्थित बांस क्लस्टर घोंघाबाद ग्राम में संचालित डिजाइन विकास कार्यशाला में सफल 30 प्रशिक्षित हस्तशिल्पियों के बीच बुधवार को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के एलडीएम अमित कुमार के अलावा सिंदरी डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल आशुतोष कुमार, अदानी फाउंडेशन हेड सीएसआर प्रदीप पांडेय और हस्तशिल्प विभाग के सहायक निदेशक भुवन भास्कर मौजूद रहे। कार्यशाला के उद्देश्य पर विस्तृत चर्चा भुवन भास्कर ने किया और हस्तशिल्पियों को क्लस्टर में जोड़ने के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय एवं सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में बलियापुर प्रखंड को हस्तशिल्प के माध्यम से ग्रामीण आत्मनिर्भरता के लिए जाना जाएगा। विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से विगत वर्ष में कई योजनाओं को संचालित किया गया, जिससे हस्तशिल्पियों के आमदनी के साथ ही इनकी जागरूकता में भी वृद्धि हुई है। वहीं, एलडीएम ने विभाग के प्रयासों की सराहना की। कहा कि बैंक हस्तशिल्पियों को हरसंभव वित्त सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न वित्त योजनाओं की जानकारी साझा की। वहीं, प्रदीप पांडेय ने क्लस्टर के विकास के लिए समेकित प्रयास पर जोर दिया। प्राचार्य आशुतोष कुमार ने कहा कि आज विभाग के सफल प्रशिक्षण का ही असर है कि विद्यालय में भी हस्तशिल्प संबंधित विभिन्न कार्यशाला समय समय पर आयोजित हो रहा है।

नाराजगी : लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष बैठक

गिरिडीह के कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल में कलह जिला नेतृत्व की उपेक्षा व अनदेखी से नाराजगी

आजाद सिपाही संवाददाता

बैठक करते कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के पदाधिकारी

गिरिडीह। नया परिषद भवन में अल्पसंख्यक सेल के जिला अध्यक्ष अहमद रजा नूरी की अध्यक्षता में बुधवार को एक विशेष बैठक हुई। जिसमें लोकसभा चुनाव में संगठन सशक्तिकरण और जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अल्पसंख्यक समाज के नेताओं के साथ की जा रही अनदेखी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में जिला कांग्रेस के सभी अल्पसंख्यक समाज के नेता शामिल हुए। इस दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए नाराजगी जाहिर की। इस अवसर पर कांग्रेस अल्पसंख्यक शाखा के प्रदेश सचिव मरगूब आलम ने कहा कि जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष सतीश केडिया द्वारा पार्टी के जिला अल्पसंख्यक नेताओं के साथ भेदभाव की जा रही है। उनकी अनदेखी की हो रही है, जिसके खिलाफ एकत्रित हुए हैं। जल्द ही आलाकमान तक अपनी बातों को पहुंचायेंगें। वहीं, कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के प्रदेश सचिव नेशाब अहमद ने कहा कि पार्टी के जिलाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष का व्यवहार चिंताजनक है। इस तरह के भेदभाव को अल्पसंख्यक समुदाय बर्दास्त नहीं करेगा। गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि लगातार जिलाध्यक्ष और कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा अल्पसंख्यक नेताओं के साथ दोहरी नीति अपनाया जाना उचित नहीं है। शीघ्र ही हम लोग अपनी बातों को प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के समझ रखेंगे और दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगें। यह मामला संगठन के अंदर का है। संगठन में किसी के भी मान सम्मान को ठेस नहीं पहुंचना चाहिए। इस मौके पर मो नदीम, नगर कांग्रेस के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन, जमुआ प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष महसर इमाम, जमुआ प्रखंड बिस्स-ुत्री अध्यक्ष जुनेद आलम, कांग्रेस अस्पसंख्यक सेल के जिला उपाध्यक्ष बिलाल अहमद हुसैनी, सरफराज अंसारी आदि मौजूद थे।

न्यूज रील्स

कानूनविद फली एस नरीमन का निधन

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। भारत के पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल फली सैम नरीमन का बुधवार सुबह दिल्ली में उनके घर पर निधन हो गया। वे 95 साल के थे। उन्हें दिल से जुड़ी बीमारियां थीं। फली नरीमन को 1991 में पद्म भूषण और साल 2007 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। वे 1991 से 2010 तक बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी रहे थे।

शादी के बाद महिला को नौकरी से निकालना लैंगिक असमानता

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शादी के आधार पर महिलाओं को नौकरी से नहीं निकाला जा सकता है। शादी करने की वजह से महिलाओं को नौकरी से निकाल देने वाले नियम असंवैधानिक और पितृसत्तात्मक हैं। ये नियम इंसानी गरिमा और निष्पक्ष व्यवहार के अधिकार को कमजोर करता है। कोर्ट ने आर्मी नर्स सेलिना जॉन को आर्मी नर्सिंग सर्विस ने शादी करने की वजह से नौकरी से निकाल दिये जाने की मामले की सुनवाई के दौरान यह फैसला दिया।

अंकुरा अस्पताल ने भुवनेश्वर में 120 बिस्तरों वाला महिला और बाल अस्पताल शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। हैदराबाद स्थित महिलाओं और बच्चों के अस्पतालों की अग्रणी श्रृंखला अंकुरा हॉस्पिटल, भुवनेश्वर में स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए तैयार है। उच्च जोखिम वाले प्रसव, बाल चिकित्सा गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, बाल चिकित्सा नेफ्रोलॉजी, बाल चिकित्सा एंडोक्रिनोलॉजी, बाल चिकित्सा न्यूरोलॉजी, आथोर्पेडिक्स, कैंसर देखभाल और आपातकालीन देखभाल जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशेष देखभाल प्रदान करने की प्रतिबद्धता के साथ अस्पताल ने अपनी 120 बिस्तरों वाली सुविधा का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक अस्पताल महिलाओं की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने और बच्चों के लिए विशेष सेवाएं प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जो खुद को इस क्षेत्र में उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में स्थापित करता है।

उद्घाटन समारोह में सम्मानित अतिथि उपस्थित थे, जिनमें मुख्य अतिथि- अशोक चंद्र पांडा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी सार्वजनिक उद्यम, सामाजिक सुरक्षा और विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण मंत्री; अनंत नारायण जेना, विधायक मध्य भुवनेश्वर अमर पटनायक, सांसद राज्यसभा (ओडिशा) सुशांत कुमार राउत, विधायक उत्तरी भुवनेश्वर सुलोचना दास, महापौर बीएमसी, भुवनेश्वर कबिता स्वैन, नगरसेवक वार्ड नंबर- 41 बीएमसी भुवनेश्वर निखिल पवन कल्याण, आईएएस निदेशक ग्रामीण विकास, ओडिशा, लावु श्री कृष्ण देवरायलू- माननीय सांसद और डॉ. कृष्ण प्रसाद वुन्नम - संस्थापक और प्रबंध निदेशक, महिलाओं और बच्चों के लिए अंकुरा हॉस्पिटल और अंकुरा हॉस्पिटल्स द्वारा 9 एम। एक दशक से अधिक के अनुभव और भारत के तीन राज्यों में 14 केंद्रों के साथ, अंकुरा अस्पताल महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य देखभाल में एक विश्वसनीय नाम के रूप में उभरा है। भुवनेश्वर में 120 बिस्तरों वाली नई सुविधा महिलाओं और बच्चों के लिए अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर, लेवल तीन बाल गहन देखभाल इकाई (पीआइसीयू), लेवल तीन नवजात गहन देखभाल इकाई (एनआइसीयू), आपातकालीन देखभाल सेवाओं से सुसज्जित है। सुसज्जित एंबुलेंस, मरीजों के लिए परिवहन सेवाएं, एक ही छत के नीचे फामेर्सी, प्रयोगशाला और रेडियोलॉजी सेवाएं आदि के साथ उच्च कुशल डॉक्टरों की एक टीम, जिसमें बाल रोग और स्त्री रोग के सभी विशेषज्ञ और सुपर विशेषज्ञ और विशेषज्ञ नर्सिंग देखभाल शामिल हैं। आपातकालीन देखभाल के लिए केंद्र में चौबीसों घंटे विशेषज्ञों की उपलब्धता रहेगी। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में महिलाओं और बच्चों की देखभाल में एक नाम, अंकुरा अपनी विशेषज्ञ देखभाल के माध्यम से ओडिशा में महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य देखभाल में क्रांति लाने के लिए तैयार है। नये अंकुरा अस्पताल के लॉन्च के दौरान बोलते हुए, संस्थापक और प्रबंध निदेशक, डॉ. कृष्ण प्रसाद वुन्नम, एक भारतीय उद्यमी, नियोनेटोलॉजिस्ट और बाल रोग विशेषज्ञ ने कहा, अंकुरा अस्पताल व्यक्तिगत ध्यान, उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकी तक पहुंच और अनुभवी पेशेवरों की एक टीम पर जोर देता है। डॉ. कृष्णा प्रसाद वुन्नम ने आगे कहा, रोगी-केंद्रित देखभाल के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता इसकी नैदानिक उत्कृष्टता पहल के माध्यम से दिखायी गयी है। अंकुरा का लक्ष्य जीवंत और युवा आबादी वाले शहरों में महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी जरूरतों को पूरा करना है। ओडिशा एक प्रगतिशील राज्य है जिसने पिछले कुछ वर्षों में काफी प्रगति की है, हालांकि यहां नवजात मृत्यु दर अभी भी देश में सबसे ज्यादा है। एक ऐसा वातावरण बनाना है जहां हर महिला प्रसव के दौरान सशक्त महसूस करे और प्रत्येक बच्चे को व्यक्तिगत देखभाल मिले, जिससे अंततः समुदाय के लिए एक स्वस्थ और उज्जवल भविष्य बन सके।

आदिवासीयों पर लगे छोटे मुकदमे वापस लेने का सीएम का निर्देश

जंगल और आबकारी से जुड़े 48018 मुकदमे वापस लिये जायेंगे।

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने आदिवासी भाई-बहनों पर लगे छोटे-मोटे मुकदमे वापस लेने का निदेश दिया है। सूचना के मुताबिक मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृह विभाग, आबकारी विभाग और जंगल और पर्यावरण विभाग ने आदिवासियों पर दर्ज मामलों की समीक्षा की। उपरोक्त तीन विभागो में जंगल और अबकारी से संबंधित कुल 48,018 मामलों की गहन जांच के बाद वापस लेने का निर्णय लिया गया है। इन मामलों में अबकारी विभाग के तहत 36581 मामले, गृह विभाग के तहत 9846 मामले, जंगल और पर्यावरण विभाग के तहत 1591 मामले वापस लिये गये हैं। इन मामलों को वापस लेने से अदालतों और न्यायिक व्यवस्था पर दबाव भी कम होगा।

सोआ लॉ के छात्रों ने राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता जीती

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान (सोआ) के कानूनी अध्ययन संकाय, सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ (स्निल) के तीन छात्रों द्वारा प्रतिनिधित्व किया। इस टीम ने हाल ही में जेवियर लॉ स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2024 जीती है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम 16 से 18 फरवरी तक आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता के अंतिम दौर में स्निल और नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल शामिल हुए, जिसमें स्निल ने चैंपियन बना।

राहुल ने झूठ के अलावा कुछ नहीं सीखा: हिमंत बिस्वा

तेलंगाना (आजाद सिपाही)। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जहां से भी निकल रही है, वहां कांग्रेस का पतन हो रहा है। अब राहुल उत्तर प्रदेश में हैं, लेकिन उनका अखिलेश यादव से मतभेद हो रहा है। जहां भी न्याय यात्रा जायेगी, वहां कांग्रेस के साथ अन्याय ही होगा। वह भाजपा के एक कार्यक्रम में तेलंगना पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि राहुल ने इस दुनिया में झूठ के अलावा कुछ भी नहीं सीखा है।

मराठा आरक्षण पर पेंच, फिर आंदोलन की तैयारी

जरांगे बोले, अब बच्चे-बुजुर्ग भी शामिल होंगे

मुंबई (आजाद सिपाही)। मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने 24 फरवरी को फिर से राज्य में आंदोलन करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा यह सरकार निजाम और अंग्रेजों से भी बुरी है। इसलिए इस बार बच्चे और बुजुर्ग भी आंदोलन में शामिल होंगे। अगर एक भी बुजुर्ग की मौत होती है तो सरकार इसके लिए जिम्मेदार होगी। जरांगे ने चुनाव आयोग से इलेक्शन न करवाने की विनती की है। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई नेता लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने आता है तो उसकी गाड़ी कब्जे में ले लो। दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा में मंगलवार 20 फरवरी को मराठाओं को 10% आरक्षण देने का बिल पास हो गया। अब इस बिल को विधान परिषद में पेश किया जायेगा। वहां से पास होने के बाद यह कानून बन जायेगा। मराठा आरक्षण बिल पारित होने से मराठाओं को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 10% आरक्षण मिलेगा। राज्य में 52% आरक्षण पहले से है। 10% मराठा आरक्षण जुड़ने से रिजर्वेशन लिमिट 62% हो जायेगी। रिजर्वेशन कोटा 50% से ज्यादा होने से इस बिल को कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट ने मई 2021 में मराठा समुदाय को अलग से आरक्षण देने के फैसले को रद्द कर दिया था, क्योंकि रिजर्वेशन लिमिट 50% से ऊपर हो गयी थी। जरांगे ने बिल को लेकर कहा कि इसमें मराठाओं की मांग को पूरा नहीं किया गया है। आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत के ऊपर हो जायेगी तो सुप्रीम कोर्ट इसे रद्द कर देगा। हमें ऐसा आरक्षण चाहिये जो ओबीसी कोटे से हो और 50 प्रतिशत के नीचे रहे। उधर, सीएम शिंदे ने कहा कि जो हमने बोला था, वो किया। हमने कोई राजनीतिक लाभ के लिए फैसला नहीं लिया है। मराठा समाज आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा है। मराठाओं को आरक्षण मिलने से ओबीसी या किसी अन्य समाज के आरक्षण को नुकसान नहीं होगा।

पूर्व मंत्री तथा गोपालपुर विधायक प्रदीप पाणिग्राही प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। गोपालपुर के विधायक प्रदीप पाणिग्राही लंबे समय से भाजपा में शामिल होने की चर्चा चल रही थी। यहां तक कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल भी कुछ दिन पहले प्रदीप से उनके आवास पर मिले थे। प्रदीप आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। भाजपा में शामिल होने के बाद प्रदीप पाणिग्राही ने कहा, अब श्रेष्ठ भारत और श्रेष्ठ ओडिशा बनाने का समय आ गया है । अब बदलाव का समय और जागरूकता का समय है । सशक्त ओडिशा और भारत के निर्माण का समय है। उन्होंने लोगों से भाजपा को एक मौका देने की अपील की। उल्लेखनीय है कि प्रदीप पाणिग्राही को 29 नवंबर 2020 को बीजू जनता दल (बीजेडी) से जनविरोधी गतिविधियों के लिए बीजेडी से निष्कासित कर दिया गया था। बीजेडी से निष्कासित होने के बाद प्रदीप पाणिग्राही अक्सर राज्य सरकार पर निशाना साधते थे। प्रदीप पाणिग्राही गोपालपुर से दो बार विधायक रह चुके हैं। वे पूर्व मंत्री भी रहे हैं।

एमसीएल ने आकांक्षी जिला विकास के लिए बलांगीर प्रशासन के साथ समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

संबलपुर (आजाद सिपाही)। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने बलांगीर जिला प्रशासन के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। यह समझौता ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना-केंद्रीय उपक्रमों द्वारा आकांक्षी जिलों के उत्थान की दिशा में कार्य करने को रेखांकित करता है। इस समझौता ज्ञापन के तहत, एमसीएल बालंगीर जिले के विभिन्न स्थानों पर 33 सामुदायिक केंद्रों के निर्माण के लिए बलांगीर जिला प्रशासन को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। इससे पहले भी एमसीएल ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत बलांगीर जिले में कुल 9.20 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाएं सफलतापूर्वक क्रियान्वित की है।

एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब जरूरतमंद बच्चों को आवश्यक खाद्य सामग्री वितरित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। एनटीपीसी स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब, कोयला खनन मुख्यालय, रांची ने पौष्टिक भोजन के महत्व पर सीएसआर पहल के रूप में आदिम जाति सेवा मंडल, रांची के वंचित आदिवासी और विशेष रूप से विकलांग बच्चों के लिए आवश्यक खाद्य पदार्थों का वितरण किया। यह पहल स्वयंसिद्ध लेडीज क्लब की अध्यक्ष श्रीमती रेखा जैन के मार्गदर्शन में की गयी।

इस अवसर पर श्रीमती जैन ने कहा कि अच्छा पोषण बच्चे के जीवित रहने, विकास और विकास का आधार है। कुपोषण के कारण बच्चों में विटामिन और अन्य आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। अच्छी तरह से पोषित बच्चे अपने समुदायों में सीखने, खेलने और भाग लेने में बेहतर होते हैं। उन्होंने अनाथालय केंद्र के समन्वयक से बातचीत की और जरूरतमंद बच्चों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

कार्यक्रम में उपाध्यक्षों, शिखा रस्तोगी, पूर्णिमा श्रीखंडे, महासचिव, मनसा वर्मा, संयुक्त सचिव दीपा कुमारी, कोषाध्यक्ष स्निग्धा रानी मांझी और सांस्कृतिक सचिव श्रीमती टी. परमेश्वरी भी उपस्थित थीं।

ट्रांजेप स्मार्ट बिल्डिंग और एंपियो पोलैंड ने स्मार्ट लिविंग समाधानों के लिए साझेदारी की

इसमें आर्किटेक्ट, डिजाइनरों और औद्योगिक विशेषज्ञों ने भाग लिया।

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ट्रांजेप स्मार्ट बिल्डिंग ने होम ऑटोमेशन और स्मार्ट बिल्डिंग समाधानों के लिए एंपियो पोलैंड के साथ साझेदारी की है। यह स्मार्ट जीवन के भविष्य को और अधिक सुंदर बनाने के लिए समकालीन घरों के लिए अग्रणी समाधानों का एक महत्वपूर्ण साधन है। इससे पहले आर्किटेक्ट मीट में समझौते पर हस्ताक्षर किए गये थे। इसमें आर्किटेक्ट, डिजाइनरों और औद्योगिक विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में आवासीय स्थानों में सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए डिजाइन किये गये अत्याधुनिक उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। ट्रांजेप स्मार्ट बिल्डिंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश झुनझुनवाला ने कार्यक्रम के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त की और कहा कि एंपियो पोलैंड के साथ साझेदारी का उद्देश्य लोगों के जीवन जीने के तरीके में क्रांति लाना है।

एंपियो पोलैंड की कार्यकारी अधिकारी एलिना क्रुशेच कोवाल्वेस्का ने साझेदारी पर जोर दिया और सभी को स्मार्ट होम तकनीक को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**